## अफगानिस्तान, म्यांमार, फिलीपींस, जापान तथा चिली में भूकंप




काबुल, 15 जून (इंट.): अफगानिस्तान के जुर्म में 4.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। वहीं म्यांमार में 4.4, फिलीपींस में 6.2, जापान में 4.3 तथा चिली में 4.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए।

भारत में 1.17 करोड़ से अधिक पाठक (IRS 2019)
PUNJAB KESARI CHANDIGARH

# पंजाब केसरी

चंडीगढ़
मंगलवार, 16 जून 2026
तदनुसार 2 आषाढ़, विक्रमी सम्वत 2083
वीर सम्वत 2552
वर्ष 4, अंक 133
पृष्ठ 10+2+6=18
मूल्य ₹ 4.00

Tuesday, 16 June 2026 www.punjabkesari.in चंडीगढ़ • लुधियाना • जालंधर • बठिंडा • पानीपत • हिसार • शिमला • पालमपुर • जम्मू • जयपुर से प्रकाशित जालन्धर हैड ऑफिस : 0181-5067200, 2280104/7. सर्कुलेशन : 0181-5067251






THE EFFORTLESS KRYOJET SEGMENT-LEADING 1.5L DIESEL ENGINE

21.26 km/l^ Fuel Efficiency | 280Nm˜ Effortless Torque | No AdBlu DEF-Easy Ownership

THE EXHILARATING HYPERION 1.5L TGDI PETROL ENGINE

THE VERSATILE REVOTRON THE 1.5L NA PETROL ENGINE




Attractive extended warranty and AMC available

Scan to view playlist

TATA MOTORS SAFETY DOME 360° PROTECTION

BHARAT NCAP◆

**CHANDIGARH TRICITY: Krishna Assured: Chandigarh:** 8291377023; **Berkeley:** Plot No 5, Ind. Area Ph.-1: 7506020233; **Berkeley:** Plot No 42, Ind. Area Ph. 2: 7506020233; **Zealtel Motors Pvt Ltd: Zirakpur:** 9056497579; **Vision Tata: Panchkula:** 8879237556; **Panchkula Automobiles: Panchkula:** 7506020732; **Vision Tata: Kalka:** 8729090909; **Joshi Autotech: Mohali:** 8879897094, **Sahib Tata: Rajpura:** 7506021722; **Devbhoomi Autocars: Rupnagar:** 9865100039, **Nangal:** 7650952727, **Anandpur Sahib:** 7560907979.

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. Above mentioned features are key differentiating features. For the detailed list/features/specifications, please visit or contact our nearest dealer. Specifications/features are subject to change without prior information◊HypAR HUD with multicolour guides available in "Accomplished" only. ▫All values pertaining to boot space are measured as per VDA method in Litres. Please consult an authorized Tata Motors dealer for latest information on features/specifications. ◆As per Bharat Ncap Score. *All India EX-Showroom Price. Tata Sierra. ˜280Nm Torque is for Automatic Variants. ^As per ARAI Mileage. T&C Apply.

पंजाब केसरी
PUNJAB KESARI CHANDIGARH, Tuesday, 16 June 2026 www.punjabkesari.in

## मणिपुर के कांगपोकपी में गोलीबारी में 3 युवक घायल

इंफाल, 15 जून (एजैंसी): मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार को 2 समूहों के बीच हुई गोलीबारी में कम से कम 3 लोग घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि यह गोलीबारी सुबह करीब छह बजे लेइलोन वैफ्हेई गांव के पास हुई, जब 2 आदिवासी समुदायों से जुड़े हथियारबंद लोगों ने कुकी बहुल इस जिले में एक-दूसरे पर गोलीबारी की। सभी घायल कुकी समुदाय से थे।

## योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में; प्रधानमंत्री लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): इस साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कोलकाता में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हिस्सा लेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' रखी गई है, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र में सेहत को बनाए रखने में योग की भूमिका पर प्रकाश डालती है।

### क्विक रीड

## बांदा में नदी में डूबने से भाई-बहन समेत 3 बच्चों की मौत

बांदा, 15 जून (एजैंसी): उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में सोमवार को चंद्रावल नदी में नहाने गए 2 सगे भाई-बहन समेत 3 किशोरों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसा जसपुरा थाना क्षेत्र के गौरी कला गांव के पास बह रही चंद्रावल नदी में हुआ। सदर क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक (सी.ओ.) सौरभ सिंह ने बताया कि नदी में नहाने के दौरान तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। मृतकों की पहचान गौरी कला गांव निवासी रामशंकर विश्वकर्मा की बेटी माधुरी (14), उसके छोटे भाई अंशु (10) तथा कानपुर नगर जिले के घाटमपुर निवासी पंकज के पुत्र प्रतीक (13) के रूप में हुई है।

सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों के शव नदी से बाहर निकाले गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हमने तृणमूल कांग्रेस को नहीं छोड़ा, पार्टी और चुनाव चिन्ह पर दावा करेंगे : बागी सांसद

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने दल को छोड़ा नहीं है, बल्कि इसे 'सुधारने' की कोशिश कर रहे हैं और वे इसके चुनाव चिन्ह पर नियंत्रण के लिए लड़ाई लड़ेंगे। दूसरी ओर, ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टी.एम.सी. ने इस कदम को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अवैध करार दिया है।

तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और घोषणा की कि वे त्रिपुरा की एक पंजीकृत लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त नैशनलिस्ट सिटीजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एन.सी.पी.आई.) में विलय कर रहे हैं।

चक्रवर्ती ने कहा, 'हम तृणमूल में ही हैं और पार्टी को ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। पार्टी को नुकसान क्यों पहुंचा, इस पर कोई बात नहीं हो रही है। हमारे पास 20 सदस्य हैं, तो हम चुनाव चिन्ह के लिए क्यों न लड़ें?' तृणमूल के बागी सांसद ने कहा, 'एक नया खेल शुरू हो गया है... 'खेला होबे'।'

### सागरिका घोष बोलीं
### पूरी 'राजनीतिक पार्टी' का विलय होना चाहिए

इस बीच, तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची में यह स्पष्ट है कि पूरी 'राजनीतिक पार्टी' का विलय होना चाहिए, न कि केवल संसद में उसके सांसदों का। इस अनुसूची को आम बोलचाल की भाषा में 'दल-बदल विरोधी कानून' कहा जाता है।



तृणमूल के वरिष्ठ नेता एवं सांसद सौगत रॉय ने कहा, "अब यह स्पष्ट है कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस वह पार्टी है जिसकी अध्यक्ष ममता बनर्जी हैं। इसका चुनाव चिन्ह दो फूल है और इसका मकसद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराना है।"

# थोक महंगाई ने तोड़ा रिकॉर्ड, मई में बढ़कर 9.68 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): देश में थोक बाजार के स्तर पर महंगाई ने रिकार्ड तोड़ दिया है। मई में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू.पी.आई.) पर आधारित महंगाई दर में तेज उछाल देखा गया है, जिसने सरकार से लेकर आम उपभोक्ता तक की चिंताएं बढ़ा दी हैं।

सोमवार को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मई 2026 में देश की थोक महंगाई दर उछलकर 9.68 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह आंकड़ा इसलिए परेशान करने वाला है क्योंकि ठीक एक महीने पहले, यानी अप्रैल 2026 में यह दर 8.26 प्रतिशत पर थी। थोक बाजार में आई इस तेजी का सीधा असर आने वाले दिनों में खुदरा बाजार पर पड़ेगा, जिससे आपकी जेब और ढीली होने वाली है।

### ईंधन, बिजली और कच्चे तेल ने लगाई बाजार में आग

थोक महंगाई में आए इस जबरदस्त उछाल की सबसे बड़ी वजह ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में आई रिकॉर्ड तेजी है। ईंधन और बिजली में थोक महंगाई अप्रैल के 24.89 प्रतिशत से सीधे छलांग लगाकर मई में 30.33 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जबकि कच्चे तेल के मोर्चे पर महंगाई का स्तर मई में 61.51 प्रतिशत के खतरनाक स्तर पर दर्ज किया गया, जो अप्रैल में 56.31 प्रतिशत था।

### तेजी का मुख्य कारण क्या?

थोक महंगाई में यह भारी बढ़ौतरी पश्चिम एशिया के संकट और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की प्रभावी नाकेबंदी के कारण हुई है। इसी समुद्री रास्ते से भारत का अधिकांश कच्चा तेल आयात होता है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम बढ़ने की वजह से ही मई के दूसरे हिस्से में भारत में पैट्रोल और डीजल की कीमतों में 7.50 रुपए प्रति लीटर की बढ़ौतरी की गई थी।

### खाने-पीने की चीजें भी हुईं महंगी

ईंधन की इस आग ने सीधे तौर पर आपकी रसोई के बजट को भी प्रभावित किया है। ट्रांसपोर्टेशन महंगा होने की वजह से खाने-पीने की चीजों में थोक महंगाई मई में बढ़कर 3.60 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल में केवल 2.43 प्रतिशत थी। इसके अलावा, फैक्टरियों में बनने वाले सामानों यानी खाद्य उत्पाद में भी महंगाई दर अप्रैल के 6.68 प्रतिशत से बढ़कर मई में 7.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

## रूस के यूक्रेन पर ड्रोन तथा मिसाइल हमले, 11 की मौत



कीव: रूसी हमले के बाद एक मार्कीट में लगी आग बुझाने के लिए पानी गिराता हैलीकॉप्टर।

कीव, 15 जून (एजैंसी): यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोमवार को बताया कि रूस ने यूक्रेन के प्रमुख शहरों पर रातभर सैंकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया।

राजधानी कीव और दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब राष्ट्रपति जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर अलग-अलग बातचीत की थी।

यूक्रेन युद्ध पर मंगलवार को फ्रांस में होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में भी चर्चा होने की संभावना है। इस सम्मेलन में जेलेंस्की और ट्रम्प के शामिल होने की उम्मीद है। कीव में हमले में घायल हुए लोगों में बच्चे भी शामिल हैं।

जेलेंस्की ने कहा कि रूसी हमलों में पूरे यूक्रेन में 11 नागरिकों और आपातकालीन सेवा कर्मियों की मौत हो गई, जबकि 53 अन्य घायल हुए हैं। कीव के महापौर विताली क्लितस्को ने बताया कि राजधानी में 5 लोगों की मौत हुई। वहीं, शहर के सैन्य प्रशासन प्रमुख तिमूर तकाचेंको के अनुसार कम से कम 30 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें 5 और 6 वर्ष की आयु के 2 बच्चे भी शामिल हैं।

## रिलायंस अनिल अंबानी समूह के 2 पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

■ धनशोधन मामला

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आर.ए.ए.जी.) के खिलाफ चल रहे धन शोधन मामले में सतीश सेठ और गौतम भाईलाल दोषी को गिरफ्तार कर लिया। एजैंसी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, सतीश सेठ को रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, गौतम दोषी को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अन्य से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है। सतीश सेठ लंबे समय से रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े रहे हैं। उन्होंने समूह के प्रबंध निदेशक (एम.डी.) के रूप में काम किया और समूह की कई कंपनियों के मुख्य व्यावसायिक और वित्तीय फैसलों को संभाला। वह बुनियादी ढांचे, बिजली और संबंधित क्षेत्रों की कई कंपनियों में निदेशक भी रहे।

गौतम दोषी का भी रिलायंस अनिल अंबानी समूह के साथ लंबा जुड़ाव रहा है। उन्होंने समूह के प्रबंध निदेशक के रूप में काम करते हुए समूह की कंपनियों के कराधान, योजना, अनुपालन और जोखिम प्रबंधन जैसे कार्यों को देखा। वह रिलायंस टैलीकॉम लिमिटेड के निदेशक भी थे और समूह की कई भारतीय व विदेशी कंपनियों के बैंक खातों के अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता थे।

## साइबेरिया में ट्रेनिंग के दौरान 'रूसी बॉम्बर प्लेन' क्रैश



मास्को, 15 जून (इंट.): सोमवार को साइबेरिया के इरकुत्स्क इलाके में ट्रेनिंग उड़ान के दौरान रूस का टीयू-22एम3 स्ट्रेटेजिक बॉम्बर प्लेन क्रैश हो गया, हालांकि विमान सवार 4 क्रू सदस्यों ने सुरक्षित रूप से इजैक्ट (बाहर निकलना) कर लिया।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि टीयू-22 हाइपरसोनिक "किंजल" मिसाइलें ले जा सकता है और जिसे नाटो ने "बैकफायर" कोड-नाम दिया है। यह सोवियत-युग का सुपरसोनिक बॉम्बर है। रूस ने इसका इस्तेमाल सीरिया और यूक्रेन में कॉम्बैट मिशन के लिए किया है। सोशल मीडिया पर क्रैश का वीडियों वायरल हुआ जिसमें प्लेन को अंगारा नदी के किनारे से दूर घने जंगल वाले इलाके में नीचे की ओर गिरते हुए और धुएँ का गुबार उठते हुए देखा गया।

## बीकानेर में सड़क हादसे में हरियाणा के एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत

■ एक बच्ची गम्भीर, मुकाम धाम से दर्शन कर कार से लौट रहे थे

बीकानेर/फतेहाबाद, 15 जून (स.ह., प्रेम, राजेंद्र): राजस्थान के श्रीडूंगरगढ़ के निकट हुए भीषण सड़क हादसे में फतेहाबाद के गांव मताना के एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई जबकि एक मासूम बच्ची गंभीर घायल है। जानकारी अनुसार गांव मताना निवासी ओमप्रकाश सुधार सेवानिवृत्ति के बाद परिवार के साथ धार्मिक यात्रा पर रविवार को राजस्थान में मुकाम धाम गए थे। सोमवार सुबह दर्शन करने के बाद वे अपनी कार में फतेहाबाद लौट रहे थे। श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के हेमासर के पास उनकी कार की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।





टक्कर के बाद कार के उड़े परखच्चे तथा (इनसैट) सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सेवानिवृत्त वरिष्ठ अकाऊंटैंट ओमप्रकाश सुधार एवं उनकी पत्नी सोरमा देवी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ ने बताया कि कार में 7 लोग सवार थे, जिनमें से 6 की मौके पर ही मौत हो गई।

शवों को पोस्टमार्टम के लिए श्रीडूंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

## अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा मामले की जांच तेज

■ भगवान का पैसा कहीं नहीं जाएगा, खोज लेंगे : इकबाल अंसारी

अयोध्या, 15 जून (इंट.): राम मंदिर ट्रस्ट ने भी दान राशि से जुड़े कथित हेरफेर के मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सरकार से स्वयं सिफारिश की थी। जांच के दायरे में ट्रस्ट की कार्यप्रणाली और चढ़ावा प्रबंधन की पूरी व्यवस्था भी शामिल हो सकती है। इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष जांच टीम (एस.आई.टी.) ने राम मंदिर चढ़ावा में कथित अनियमितताओं की जांच तेज कर दी है।



इकबाल अंसारी

3 सदस्यीय एस.आई.टी. का नेतृत्व लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत कर रहे हैं। टीम में आई.जी. किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरत्न कुमार भी शामिल हैं। सरकार ने एस.आई.टी. को 7 दिन में प्रारंभिक और 15 दिन में विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। बाबरी मस्जिद प्रकरण के पैरोकार रहे इकबाल अंसारी ने कहा, "भगवान का पैसा कहीं नहीं जाएगा, उसे खोज लिया जाएगा।"

## पाक में वायुसेना का प्रशिक्षण विमान क्रैश, 2 की मौत



इस्लामाबाद, 15 जून (एजैंसी): पाकिस्तान की वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सोमवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार दोनों पायलटों की मौत हो गई।

सेना ने बताया कि यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मर्दान के निकट उस वक्त हुई जब विमान एक नियमित 'प्रशिक्षण उड़ान' पर था। इस हादसे में फ्लाइट लैफ्टिनैंट मोहम्मद कासिम अब्दुल्लाह (पाकिस्तान वायुसेना) और लैफ्टिनैंट ताहा अब्बासी (पाकिस्तान नौसेना) की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए वायु मुख्यालय द्वारा एक जांच बोर्ड गठित किया गया है।

पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर, पाकिस्तान के सेवा प्रमुखों और पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने जनहानि पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## जयपुर प्रदर्शन में कॉकरोच जनता पार्टी के अभिजीत दीपके को युवकों ने मारे थप्पड़

जयपुर, 15 जून (एंजैंसी): जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी (सी.जे.पी.) के फाऊंडर अभिजीत दीपके को 6 युवकों ने थप्पड़ मारे हैं। इसके बाद पार्टी के समर्थकों ने उनमें से 2 युवकों को पकड़कर पीट दिया। थप्पड़ मारने वाले राकेश गुर्जर, रोहित वैष्णव, अर्जुन पंडित, अजय समेत 6 युवकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सभी को विधायकपुरी थाने लाया गया है।



अभिजीत सोमवार को नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने आए थे। शहीद स्मारक पर अभिजीत की अगुवाई में सैकड़ों प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

थप्पड़कांड के बाद अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया। अभिजीत ने नारा लगाया कि 'हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं चलेगी, नहीं चलेगी।' हमें यह स्वतंत्रता कुर्बानियों के बाद मिली थी। हमें हिंदू-मुस्लिम में बांटा जाता है। जाति धर्म में बांटा जाता है, लेकिन हमें इसमें नहीं फंसना है।

सी.जे.पी. फाऊंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि हम 20 जून को फिर दिल्ली चलेंगे। इस बार जब दिल्ली जाएंगे, तो बिना इस्तीफे के नहीं लौटेंगे। उन्होंने 'दिल्ली चलो' का नारा भी लगाया। राष्ट्रगान के साथ प्रदर्शन खत्म हो गया।

## मामूली विवाद में पिता ने की बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या

फिरोजाबाद, 15 जून (एजैंसी): उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के बसई मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र स्थित सोफीपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति पर अपनी 19 वर्षीय बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या करने और उसे बचाने आई पत्नी पुष्पा देवी (48) को गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनुज कुमार चौधरी के अनुसार, रविवार देर शाम सोफीपुर गांव की नीलकंठ कॉलोनी में एक युवती की हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पता चला कि राकेश राठौड़ का किसी मामूली बात को लेकर अपनी बेटी मुस्कान से विवाद हो गया था। गंभीर रूप से घायल पुष्पा देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी राकेश राठौड़ को गिरफ्तार कर लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ई.डी. ने अभिषेक बनर्जी से 11 घंटे तक की पूछताछ



कोलकाता, 15 जून (एजैंसी): प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) के अधिकारियों ने कथित प्राथमिक स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से 11 घंटे तक पूछताछ की।

एक अधिकारी ने बताया कि बनर्जी से यह पूछताछ ऐसे समय में हो रही है जब पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता की नियुक्ति के लिए विधायकों के हस्ताक्षरों की कथित जालसाजी के मामले में अपराध अन्वेषण विभाग (सी.आई.डी.) ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से करीब साढ़े 8 घंटे पूछताछ की थी।

### जेल से निकलते ही रोशन आनंद का बड़ा दावा
## खान सर ने कराई मेरे भाई प्रिंस की हत्या

पटना, 15 जून (एजैंसी): बिहार की राजधानी पटना के मुसल्लहपुर में खान ग्लोबल स्टडीज और ज्ञान बिंदु कोचिंग सैंटर में मारपीट-फायरिंग के केस में नया मोड़ आया है। इस मामले में गिरफ्तार ज्ञान बिंदु के डायरैक्टर रोशन आनंद आज जमानत मिलने के बाद बेऊर जेल से बाहर निकले। इस पूरे प्रकरण में उन्होंने एक नया नाम लिया है। खान सर उर्फ फैजल खान के अलावा वो नाम है किसान कोल्ड स्टोरेज के मालिक का।



रोशन आनंद ने जेल से बाहर निकलने के बाद मीडिया के सामने दावा किया है कि खान सर उर्फ फैजल खान और किसान कोल्ड स्टोर के मालिक आर.एस. प्रसाद ने षड्यंत्र रचकर हमारे भाई की हत्या करवाई है। जब मैं बाहर था तो क्यों मेरे भाई के साथ कुछ नहीं हुआ। जब मैं जेल गया तो मेरे भाई प्रिंस की हत्या कर दी गई। यह साजिश है।

## लखनऊ-नोएडा के बीच पहली सीधी हवाई सेवा शुरू, 182 यात्रियों ने भरी उड़ान

■ लखनऊ से नोएडा का किराया 7,697 और नोएडा से लखनऊ का किराया 6,556 रुपए

लखनऊ/नोएडा, 15 जून (इंट.): उत्तर प्रदेश के 2 प्रमुख शहरों लखनऊ और नोएडा के बीच सोमवार से सीधी हवाई सेवा की शुरूआत हो गई। इंडिगो एयरलाइंस की पहली फ्लाइट सुबह चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से उड़ान भरकर करीब एक घंटे में जेवर स्थित नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट पहुंची। पहली उड़ान में कुल 182 यात्रियों ने सफर किया, जिनमें अभिनेत्री एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता गुल पनाग भी शामिल रहीं।



वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मौजूद केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू, इंडिगो के अधिकारी व अन्य।

इस ऐतिहासिक उड़ान के साथ उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को नई मजबूती मिली है। वापसी की पहली उड़ान से जेवर एयरपोर्ट परियोजना के लिए भूमि देने वाले 172 किसान भी लखनऊ पहुंचे और पहली बार हवाई यात्रा का अनुभव किया। बाद में किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर एयरपोर्ट परियोजना को लेकर खुशी जताई।

वर्तमान बुकिंग के अनुसार लखनऊ से नोएडा का किराया करीब 7,697 रुपए और नोएडा से लखनऊ का किराया 6,556 रुपए रखा गया है, हालांकि मांग और उपलब्धता के अनुसार इसमें बदलाव संभव है।

### अंकिता भंडारी हत्याकांड मामला
## ऑडियो क्लिप विवाद में भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर गिरफ्तार

देहरादून, 15 जून (एजैंसी): भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर को अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े ऑडियो क्लिप मामले में गिरफ्तार किया गया है। उन पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम को फंसाने और जबरन वसूली का आरोप है। उन्होंने फर्जी ऑडियो बनाकर राजनीतिक विवाद खड़ा करने की कोशिश की। कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



मामले में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और तत्कालीन प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम को फंसाने और जबरन वसूली करने के मामले में दून पुलिस ने यह कार्रवाई की है। सोमवार दोपहर आरोपी पूर्व विधायक को दून कोर्ट में पेश किया गया। वहां से 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार सुद्धोवाला भेज दिया गया है।

### बातों-बातों में
डा. शेखर गुरेरा | www.shekhargurera.com




...दूध भी ज्यादा महंगा लगे तो बोल देना, 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत वाटर मिक्स M20 से M80 सब मिलेगा, सेहत के फायदे अलग से।

### उद्धव की बैठक में सांसदों के न पहुंचने पर उठ रहे सवाल
## संजय राउत बोले-हमारे सभी सांसद दृढ़ता से पार्टी के साथ

मुंबई, 15 जून (एजैंसी): शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे (उबाठा) की बैठक में कुल 9 में से 5 लोकसभा सदस्यों के अनुपस्थित रहने को लेकर उठ रहे सवालों के बीच पार्टी के नेता संजय राउत ने कहा कि वे सभी पार्टी के साथ हैं। पार्टी सांसदों को तोड़ने के लिए 'आप्रेशन टाइगर' शुरू होने के कयासों के बीच राउत ने कहा कि शिवसेना (उबाठा) अपने विरोधियों को निशाना बनाने के लिए "आप्रेशन वुल्फ" शुरू करेगी।



उन्होंने यह बात उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट की ओर इशारा करते हुए कही। शिवसेना (उबाठा) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुंबई में पार्टी सांसदों की बैठक बुलाई थी। हालांकि, बैठक में कुल 9 में से केवल 4 लोकसभा सदस्यों अरविंद सावंत, अनिल देसाई, राजाभाऊ वाजे और संजय पाटिल ने शिरकत की। अन्य सांसदों के बारे में राउत ने कहा था कि ओमप्रकाश राजे निंबालकर, भाउसाहेब वाकचौरे, नागेश बापूराव पाटिल अष्टिकर और संजय देशमुख ने ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शिरकत की, जबकि संजय जाधव ने फोन पर ठाकरे से बात की। राउत ने सोमवार को कहा कि जाधव अगले दो दिन में मुंबई आकर ठाकरे से मुलाकात करेंगे।

## आर.टी.आई. अर्जी दायर करना नया धंधा बना : सुप्रीम कोर्ट

■ आरोपी को अग्रिम जमानत से इंकार

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): सुप्रीम कोर्ट ने सड़क निर्माण के कार्य में सरकारी कर्मचारी के कर्त्तव्य निर्वहन में बाधा डालने के आरोपी आर.टी.आई. कार्यकर्त्ता और अन्य लोगों को अग्रिम जमानत देने से इंकार करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार से जानकारी मांगने के लिए सूचना का अधिकार (आर.टी.आई.) कानून के तहत अर्जी दायर करना एक नया धंधा बन गया है। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने आर.टी.आई. कार्यकर्त्ता राकेश कुमार बहल और उनके सहयोगी की जमानत याचिका खारिज कर दी तथा सड़क निर्माण कार्य की निगरानी करने के उनके अधिकार पर सवाल उठाए।

न्यायमूर्ति मेहता ने कहा, "केंद्र सरकार ने निधि जारी कर दी है, यह सड़क निर्माण के कार्य की देखरेख करेगी। आपकी इसमें कोई भूमिका नहीं है तथाकथित आर.टी.आई. एक्टीविस्ट! याचिका खारिज की जाती है।"

न्यायमूर्ति मेहता की राय से सहमति जताते हुए न्यायमूर्ति बिश्नोई ने कहा, "इन सभी सड़कों के निर्माण की निगरानी करने वाले आप कौन होते हैं? क्या आप कोई उच्च अधिकारी हैं...?"

बहल ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया गया था। उनके अधिवक्ता ने दलील दी कि उन्हें इस मामले में फंसाया गया है, क्योंकि उन्होंने सड़क निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर किया था।

## माकपा सांसद रहीम के खिलाफ 'फेसबुक' पर अपमानजनक पोस्ट, मामला दर्ज

तिरुवनंतपुरम, 15 जून (एजैंसी): मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राज्यसभा सदस्य ए.ए. रहीम को कथित तौर पर निशाना बनाकर 'फेसबुक' पर किए गए अपमानजनक पोस्ट के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।



पुलिस के अनुसार, तिरुवनंतपुरम साइबर पुलिस ने पिछले सप्ताह माकपा नेता रहीम की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि श्रीकांत पालीकाथोड और रियास थाथोट नामक 'फेसबुक' खाते के उपयोगकर्त्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रहीम ने आरोप लगाया कि उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर एक फर्जी पोस्ट तैयार किया गया और उसे प्रसारित किया गया।

सांसद ने कहा कि इस पोस्ट में झूठा दावा किया गया था कि राज्य में नशा रोधी अभियान 'आप्रेशन तूफान' के तहत गिरफ्तार किए गए लोग माकपा से जुड़े छात्र संगठन एस.एफ.आई. और युवा संगठन डी.वाई.एफ.आई. के सदस्य हैं।

शिकायतकर्त्ता ने आरोप लगाया कि उसे बदनाम करने के मकसद से सोशल मीडिया मंचों पर एक मनगढ़ंत पोस्ट बड़े पैमाने पर फैलाई गई।

## मैसूर के पब में आग, 2 की मौत

मैसूर, 15 जून (इंट): कर्नाटक के मैसूर में सोमवार को एक पब में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 लोग घायल हो गए। मरने वालों में दार्जिलिंग के 26 साल के शाहीन और नेपाल के रहने वाले 24 साल के प्रकाश हैं। 7 लोगों को बचा लिया गया। अस्पताल में जिन लोगों का इलाज चल रहा है, उनमें ग्राहक सोनू, रमेश, महादेव प्रसाद, प्रज्वल, अविनाश और पब के मालिक प्रीतम पुमीत शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक दत्तगल्ली इलाके में नेताजी सर्कल के पास फॉक्स डेन लिकर गैराज बार और रैस्टोरैंट में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई।


# पंजाब केसरी

PUNJAB KESARI CHANDIGARH, Tuesday, 16 June 2026 www.punjabkesari.in


## अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ शिकायत दर्ज

तिरुपति,15 जून (एजैंसी): भाजपा के प्रवक्ता एवं तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टी.टी.डी.) बोर्ड के सदस्य भानु प्रकाश रेड्डी ने सोमवार को कहा कि अभिनेता प्रकाश राज के खिलाफ हिंदू देवी-देवताओं को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर तिरुपति की एक अदालत में आपराधिक शिकायत दर्ज कराई गई है। रेड्डी ने यहां अदालत परिसर में मीडिया से कहा कि अधिवक्ता अजय कुमार के माध्यम से यह शिकायत दायर की गई है।






# अमरीका और ईरान के बीच शांति समझौता, 107 दिनों से जारी युद्ध खत्म

■ होर्मुज को फिर से खोलने पर बनी सहमति

वाशिंगटन, 15 जून (एजैंसी): अमरीका और ईरान के बीच 107 दिनों से जारी युद्ध को खत्म करने और होर्मुज को फिर से खोलने पर सहमति बन गई। दोनों देशों के बीच शांति समझौते पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर किए जाएंगे। वहीं, ईरान के उप-विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने भी समझौते की पुष्टि की है।



पाकिस्तान समझौते पर हस्ताक्षर के लिए स्विट्जरलैंड में आयोजित किए जाने वाले समारोह की मेजबानी करेगा। अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'ट्रुथ सोशल' पर यह घोषणा की, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव कम हुआ। ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ इलैक्ट्रिक रूप से डील पर साइन हो चुका है लेकिन दोनों देशों के अधिकारी 19 जून को शांति समझौते पर स्विट्जरलैंड में हस्ताक्षर करेंगे।

ट्रम्प ने कहा कि समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खोला जाएगा और ईरानी बंदरगाहों पर अमरीकी नाकेबंदी समाप्त कर दी जाएगी।

ट्रम्प ने कहा कि मैं मुक्त आवाजाही के लिए तत्काल होर्मुज को पूरी तरह खोलने और अमरीकी नौसैनिक नाकेबंदी को हटाने की मंजूरी देता हूं, लेकिन पूरी तरह से खाली करने में 30 दिनों का वक्त लगेगा। यह समझौता ऐसे दिन हुआ जब ट्रम्प अपना 80वां जन्मदिन मना रहे थे। 28 फरवरी को अमरीका और इसराईल के हमलों के साथ ईरान संघर्ष की शुरुआत हुई थी।

### अमरीका-ईरान समझौते पर भड़का इसराईल, कहा-हम ट्रम्प के गुलाम नहीं

**अमरीका** और ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक शांति समझौते पर इसराईल की तरफ से पहली आधिकारिक और तीखी प्रतिक्रिया आई है। इसराईल के दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर ने सोमवार को साफ लफ्जों में ऐलान किया कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मध्यस्थता में हुई यह डील इसराईल पर बिल्कुल भी लागू नहीं होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसराईल अपने सुरक्षा फैसले खुद लेने के लिए पूरी तरह आजाद है।

शांति समझौते के ऐलान के बाद इसराईली मंत्री ग्विर ने दो-टूक अंदाज में कहा कि इसराईल अपने सुरक्षा हितों को अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के भरोसे नहीं छोड़ सकता। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा कि ट्रम्प का समझौता हमें नहीं बांध सकता। इसराईल संयुक्त राज्य अमरीका के अधीन नहीं है, हम एक स्वतंत्र और संप्रभु देश हैं। हम अमरीका से प्यार करते हैं और राष्ट्रपति ट्रम्प के आभारी हैं, फिर भी इसराईल कोई बनाना रिपब्लिक (कमजोर देश) नहीं है।

### लेबनान, सीरिया और गाजा में कब्जे वाली जमीन से पीछे नहीं हटेगा इसराईल

**इसराईल** के रक्षा मंत्री ने सोमवार को कहा कि जब तक ईरान और अमरीका के बीच अंतरिम समझौता लंबित है तब तक इसराईली सेना लेबनान में कब्जाई गई जमीन से पीछे नहीं हटेगी। अंतरिम समझौते की घोषणा के बाद इसराईल की ओर से यह पहली आधिकारिक टिप्पणी है।

इसराईल काट्ज ने कहा कि इसराईल, लेबनान के साथ-साथ सीरिया और गाजा पट्टी में कब्जाई जमीन पर 'अनिश्चित काल' तक बने रहने की योजना बना रहा है। ईरान द्वारा युद्ध से जुड़े इस अंतरिम समझौते को लेबनान में हिज्बुल्ला पर इसराईली हमलों को रोकने से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। काट्ज ने चेतावनी दी कि अगर लेबनान में इसराईली हमलों के जवाब में ईरान, उस पर हमला करता है, तो इसराईली सेना 'पूरी ताकत' से जवाबी हमला करेगी।

## अमरीका में विमान दुर्घटना, 12 की मौत



मिसौरी, 15 जून (एजैंसी): अमरीका के मिसौरी में स्काईडाइविंग के लिए उड़ान भरने वाला एक विमान कुछ ही देर बाद एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे 12 लोगों की मौत हो गई है।

शेरिफ़ चैड एंडरसन के अनुसार, कैनसस सिटी से लगभग 60 मील दूर बेट्स काऊंटी में बटलर मैमोरियल एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद सुबह लगभग 11:30 बजे विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

इस विमान दुर्घटना में सवार सभी 11 यात्रियों और पायलट की मौत हो गई। यह विमान स्काईडाइविंग के व्यापार से जुड़ा था और 'स्काईडाइव कैनसस सिटी' ने इसमें अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

शेरिफ एंडरसन ने कहा कि जांचकर्ताओं को अभी किसी गड़बड़ी का शक नहीं है और उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विमान के उड़ान भरने और फिर नीचे गिरने के अलावा बहुत कम जानकारी है। कई एजैंसियों की आपातकालीन टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं जिनमें अग्निशमन और कोरोनर का ऑफिस भी शामिल हैं।

# सी.एम. मान गुरु-द्रोही और पंथ-विरोधी : श्री अकाल तख्त साहिब

■ सभी विधायक 29 को श्री अकाल तख्त साहिब पर तलब

■ वीडियो के आधार पर दोषी ठहराना ठीक नहीं : 'आप'

अमृतसर, 15 जून (सर्बजीत): श्री अकाल तख्त साहिब में आयोजित 5 सिंह साहिबानों की बैठक के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के खिलाफ 4 जनवरी को प्राप्त एक कथित वीडियो के मामले पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री से संबंधित वीडियो भारत की प्रतिष्ठित फॉरैंसिक प्रयोगशालाओं में जांच के बाद पूरी तरह सही पाए गए हैं। इनमें किसी प्रकार की एडिटिंग या आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस (ए.आई.) का उपयोग नहीं पाया गया।



*श्री अकाल तख्त साहिब की फसील से निर्णय सुनाते जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज, उनके साथ हैं, ज्ञानी अमरजीत सिंह, ज्ञानी पिंदरपाल सिंह, जत्थेदार टेक सिंह तथा अन्य। (सर्बजीत)*

श्री अकाल तख्त साहिब की फसील से पांच सिंह साहिबानों की उपस्थिति में ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने प्रस्ताव पढ़ते हुए बताया कि जब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को इस मामले में सचिवालय श्री अकाल तख्त साहिब में बुलाया गया था, तब उनसे उक्त वीडियो के बारे में पूछा गया। मुख्यमंत्री ने उस समय वीडियो को फर्जी तथा ए.आई. से तैयार किया बताया था।

ज्ञानी गड़गज्ज ने कहा कि वीडियो में भगवंत सिंह मान दसों सिख गुरुओं के प्रतीक रूप में प्रचलित चित्र तथा जरनैल सिंह भिंडरांवाले की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ करते दिखाई दे रहे हैं। यह मामला आज श्री अकाल तख्त साहिब में आयोजित पंथक संगठनों, संप्रदायों, दलों, विद्वानों और कानूनी विशेषज्ञों की बैठक में भी विचाराधीन रहा। बैठक में उपस्थित सभी पंथक प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श के बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को गुरु-द्रोही और पंथ-विरोधी घोषित किया गया। इसके साथ ही सभी विधायकों को 29 जून को श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष तलब किया गया है।

उधर 'आप' ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अकाल तख्त द्वारा पेश फोरैंसिक रिपोर्टों से फुटेज में दिख रहे व्यक्ति की पहचान नहीं होती है। 'आप' पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि भले ही फोरैंसिक रिपोर्ट में वीडियो को प्रामाणिक बताया गया हो, लेकिन इससे यह साबित नहीं होता कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति कौन है। इसलिए, इस आधार पर किसी को दोषी ठहराना गंभीर सवाल खड़े करता है।

### सी.एम. ने अकाल तख्त साहिब के समक्ष सच नहीं बोला : गड़गज्ज

ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने आरोप लगाया कि वीडियो मामले में मुख्यमंत्री ने श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष सच नहीं बोला। ऐसे में उनसे गुरु और सिख हितों के अनुरूप निर्णय लेने की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि सिख संगत की भावनाओं का सम्मान करते हुए पांच सिंह साहिबानों की बैठक में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को गुरु-द्रोही तथा खालसा पंथ-विरोधी घोषित किया है और गुरु खालसा पंथ से अपील की है कि वह उन्हें सामाजिक और धार्मिक रूप से मान्यता न दे।

## जमीन से हमला करने वाली लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डी.आर.डी.ओ.) ने सोमवार को ओडिशा के तट पर स्थित डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप से जमीन पर हमला करने वाली लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर में विभिन्न ट्रैकिंग उपकरणों से मिले डाटा के अनुसार, परीक्षण के सभी लक्ष्य पूरी तरह से हासिल कर लिए गए।



*ओडिशा: 'लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल' का परीक्षण किए जाने का दृश्य।*

यह देश में ही विकसित मिसाइल है, जिसके सभी सब-सिस्टम डी.आर.डी.ओ. की विभिन्न प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों द्वारा विकसित किए गए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल उड़ान परीक्षण पर डी.आर.डी.ओ. टीम और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है।

# भारत और स्लोवाकिया के बीच रक्षा और व्यापार सहित 11 समझौतों पर हस्ताक्षर

ब्रातिस्लावा, 15 जून (एजैंसी): भारत और स्लोवाकिया ने सोमवार को अपने संबंधों को व्यापक सांझेदारी के स्तर तक ले जाने तथा द्विपक्षीय ट्रेड और डिफैंस सहयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद यह सहमति बनी। दोनों देशों ने इसी के साथ प्रवासन, डिजिटल प्रौद्योगिकी और रक्षा जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए हैं।



*ब्रातिस्लावा: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व स्लोवाकिया के पी.एम. रॉबर्ट फिको की मौजूदगी में समझौता दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते विदेश मंत्री एस. जयशंकर व अन्य।*

दोनों नेता भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को यथाशीघ्र लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी यूरोप की अपनी एक हफ्ते की यात्रा के तहत ब्रातिस्लावा में हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की स्लोवाकिया की यह पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया में जारी वक्तव्य में कहा कि हमने अपने संबंधों को व्यापक सांझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया है। यह हमारी सांझा मान्यताओं, सांझा प्राथमिकताओं और सांझा भविष्य का प्रतीक है।

इस व्यापक सांझेदारी का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को एक नए मुकाम पर ले जाना, मौजूदा सहयोग तंत्रों को मजबूत करना और द्विपक्षीय व बहुपक्षीय, दोनों स्तरों पर सहयोग को और प्रगाढ़ करने के नए रास्ते तलाशना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने और फिको ने रिश्तों को 'नई दिशा' देने के तरीकों पर चर्चा की।

### मोदी को स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी को सोमवार को स्लोवाकिया के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (प्रथम श्रेणी)' से सम्मानित किया गया।



स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने ब्रातिस्लावा में आयोजित एक समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान प्राप्त करने के बाद सोशल मीडिया पर कहा कि आज शाम ब्रातिस्लावा में 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (प्रथम श्रेणी)' से सम्मानित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। इस सम्मान के लिए मैं स्लोवाकिया की जनता और सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (प्रथम श्रेणी)' स्लोवाकिया का सर्वोच्च नागरिक एवं सैन्य राजकीय सम्मान है, जो विशेष रूप से विदेशी नागरिकों को प्रदान किया जाता है।

## 'कुमकुम भाग्य' की अभिनेत्री संचिता ने किया सुसाइड

मुम्बई, 15 जून (एजैंसी): टी.वी. अभिनेत्री संचिता उगले ने सोमवार को सुसाइड कर लिया। वह 22 साल की थीं। पुलिस ने बताया कि अभिनेत्री का शव घर में सीलिंग फैन से लटका मिला।



उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाई। एक पुलिस अफसर ने बताया, "हमारी टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। घटना के समय वह घर में अकेली थीं। उनके पिता ने बेटी की मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया।"

संचिता अपने माता-पिता के साथ महाराष्ट्र के पालघर में रहती थीं। वह टी.वी. सीरियल 'कुमकुम भाग्य' और 'वागले की दुनिया' में नजर आई थीं। पुलिस ने उनका शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# प. बंगाल पुलिस ने जहांगीर खान की दोबारा परेड कराई

■ 4 घंटे सड़क पर नंगे पैर चलाया, तृणमूल नेता ने कान पकड़े और हाथ जोड़े

कोलकाता, 15 जून (एजैंसी): पश्चिम बंगाल के फालता में पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के नेता जहांगीर खान की फिर हाफ पैंट में सड़क पर परेड कराई। इस दौरान जहांगीर कान पकड़कर और हाथ जोड़कर लोगों से माफी मांगते दिखे। पुलिस ने 4 घंटे नंगे पैर उसे सड़क पर घुमाया।



इससे पहले 11 जून को भी फालता में ही जहांगीर की हाफ पैंट में परेड कराई गई थी। जांच के सिलसिले में पुलिस उन्हें फालता लेकर आई है। 8 जून को अवैध वसूली के आरोप में उन्हें नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया था। जहांगीर पर अवैध वसूली और महिलाओं को गैंगरेप की धमकी देने का आरोप है।

जहांगीर का फालता में दबदबा था। जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह पेश किया था। उन्होंने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' भी बोला था।

उन्होंने खुद को इलाके के ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश किया, जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकेगा।

## पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को नहीं मिली जमानत

गुड़गांव, 15 जून (धर्मेंद्र): गुड़गांव की अदालत ने पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की जमानत याचिका खारिज कर दी।

■ 26 जून तक न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश

अदालत ने उन्हें आज 26 जून तक न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश जारी कर दिए। संजीव अरोड़ा को ई.डी. ने 9 मई को गिरफ्तार किया था और उसके बाद गुरुग्राम की अदालत में पेश किया था। अदालत ने ई.डी. को दो बार संजीव अरोड़ा का रिमांड दिया और उसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

संजीव अरोड़ा ने गुरुग्राम की अदालत में जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद 12 जून को फैसला सुरक्षित रखा था। आज कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर उन्हें जमानत देने से इंकार कर दिया।

## बिक्रम मजीठिया को अमृतसर कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

अमृतसर, 15 जून (जशन): अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को अमृतसर की अदालत ने अंतरिम जमानत प्रदान करते हुए एक बड़ी राहत दे ही दी। पुलिस ने उन पर थाने में से अपने एक साथी को छुड़ाने तथा भीतर ही सरकारी दस्तावेज फहराने जैसे सरकारी काम में विघ्न डालने के आरोप लगाए हैं।



पुलिस ने दर्ज मामले में मजीठिया पर थाने में सरकारी काम में विघ्न डालते हुए केस की फाइलें फाड़ने और हथियार लहराने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। अकाली दल के प्रवक्ता अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा कि कोर्ट ने सुनवाई के दौरान मजीठिया को राहत प्रदान करते हुए अंतरिम जमानत दे दी। उन्होंने कहा कि पहले जोबनप्रीत की गिरफ्तारी को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने अवैध बताया था।

# हरियाणा की आई.टी.आई. में शुरू होंगे चीनी मिलों से जुड़े विशेष पाठ्यक्रम

### उद्योग की जरूरतों के हिसाब से होगा कौशल विकास

चंडीगढ़, 15 जून (बंसल): उद्योगों के अनुरूप कुशल मानव शक्ति के विकास की दिशा में हरियाणा की आई.टी.आई. में जल्द चीनी मिलों से संबंधित विशेष पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

यह कमेटी पाठ्यक्रमों के संचालन की रूपरेखा को अंतिम रूप देकर 14 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रस्तोगी सोमवार को एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई.टी.आई.) में चीनी मिलों से संबंधित विशेष पाठ्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव की समीक्षा की। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को उद्योग उन्मुखी कौशल प्रदान करना तथा चीनी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रमों का स्वरूप उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए ताकि युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें और चीनी मिलों को प्रशिक्षित एवं कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। बैठक में इस संभावना पर भी विचार किया गया कि इन विशेष पाठ्यक्रमों का संचालन सीधे चीनी मिल परिसरों में किया जाए ताकि प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग आधारित सीखने का अवसर मिल सके।



*बैठक की अध्यक्षता करते अनुराग रस्तोगी। (कुर्ल)*

बैठक में राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.वी.ई.टी.), प्रशिक्षण महानिदेशालय तथा अन्य मान्यता प्राप्त संस्थानों द्वारा चिन्हित चीनी मिलों से संबंधित पाठ्यक्रमों की विस्तृत सूची की समीक्षा की गई। इनमें एग्रो प्रोसैसिंग, मैकेनिकल मैंटेनैंस (कैमिकल प्लांट), बॉयलर अटैंडैंट, शुगर प्रोसैसिंग ऑप्रेटर, शुगर बॉयलिंग, क्वालिटी कंट्रोल, डिप्लोमा इन बॉयलर आप्रेशन, पी.जी. डिप्लोमा इन शुगर टैक्नोलॉजी, शुगर मैन्युफैक्चरिंग सर्टीफिकेट, शुगर इंजीनियरिंग डिप्लोमा, शुगर इंजीनियरिंग सर्टीफिकेट तथा इंस्ट्रूमैंटेशन एवं ऑटोमेशन, प्रोडक्टिविटी एवं मैच्योरिटी मैनेजमैंट, पर्यावरण विज्ञान और बॉयलर संचालन से संबंधित विशेष डिप्लोमा पाठ्यक्रम शामिल हैं।

## बंगलादेशी पी.एम. के सलाहकार जाहिद को भारत में नहीं मिली एंट्री

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): बंगलादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सलाहकार का भारत दौरा सुर्खियों में आ गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तारिक रहमान के नीति मामलों के सलाहकार जाहिद उर रहमान बीते दिनों एक बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत पहुंचे थे, लेकिन उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर रोक दिया गया।

■ एयरपोर्ट से वापस लौटना पड़ा



कथित तौर पर भारत के इमिग्रेशन अधिकारियों ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर जाहिद को करीब अढ़ाई घंटे तक रोके रखा, जिसके बाद वह वापस ढाका लौट गए। जाहिद भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा 15 और 16 जून को आयोजित 'इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन' के वरिष्ठ अधिकारियों की 28वीं बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे थे।

वहीं बंगलादेश ने दिल्ली हवाई अड्डे पर सलाहकार से जुड़ी घटना को लेकर सोमवार को भारत के उप उच्चायुक्त पवन बधे को तलब करके आपत्ति जताई।

# पंजाब-हरियाणा में बारिश; हिमाचल में ओलावृष्टि

जालंधर/शिमला, 15 जून (पुनीत, संतोष): पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई क्षेत्रों में हुई बारिश और तेज हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए उत्तर भारत के कई राज्यों में यैलो अलर्ट जारी किया है तथा गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है।

वहीं, पंजाब के विभिन्न जिलों में आज 50 एम.एम. से अधिक बारिश दर्ज की गई। विभिन्न जिलों में हुई बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली। इसी क्रम में अबोहर में 20 एम.एम. तथा पठानकोट में 13 एम.एम. वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं हरियाणा में 80 एम.एम. से अधिक बारिश दर्ज की गई। सिरसा में 12 एम.एम., महेंद्रगढ़ में 19 एम.एम. तथा सोनीपत में पिछले 24 घंटों के दौरान 17 एम.एम. वर्षा रिकॉर्ड की गई। हिमाचल में शिमला व चौपाल में ओलावृष्टि भी दर्ज की गई।



*हांसी में गिरा मोबाइल टावर।*

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 से 48 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने तथा कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### हरियाणा : तूफान ने हाईवे पर रोके वाहन, मोबाइल टावर-पेड़ और बिजली के खंभे भी गिरे


**हिसार (ब्यूरो):** हरियाणा में भयंकर तूफान ने तबाही मचाई। तूफान से कई जगहों पर नुक्सान हुआ। हांसी में तेज धमाके के साथ मोबाइल टावर गिर गया जिससे आसपास घरों को नुक्सान पहुंचा। कई जगह पेड़-बिजली के खंभे गिर गए। हिसार में कार के ऊपर पेड़ गिर गया। खेतों में सोलर प्लेटों को नुक्सान पहुंचा। अनेक जगह शैड उखड़ गए। दोपहर को एक वक्त ऐसा हो गया कि आसमान में धूल का गुब्बार छाने से अंधेरा छा गया। तूफान इतना भयंकर था कि हाईवे पर वाहन चालकों को गाड़ियां रोकनी पड़ीं।

16.06.2026

**शहीद परिवार फंड**

**सहयोगियों की सूची**

Donation Eligible U/s 133 Income Tax,2025



परम शिव भक्त एस.आर. इंटरनैशनल वाले ने लुधियाना से 5,000/- रुपए भेजे।

| | |
|---|---|
| एस.आर. इंटरनैशनल, लुधियाना R.No. 16144 | 5,000.00 |
| लघुदान R.No. 18526-18573 Dt. 15.06.26 तक | 2,820.00 |
| आज का योग | 7,820.00 |
| पिछला योग | 30,30,133.33 |
| कुल योग | 30,37,953.33 |
| इस वर्ष 10 परिवारों को दी राशि | 8,50,000.00 |
| शेष योग | 21,87,953.33 |
| यूनियन बैंक में पड़ी एफ.डीज़ + ब्याज | 3,07,23,080.70 |
| 10706 परिवारों को दी गई राशि | 19,98,44,900.00 |
| कुल राशि | 23,27,55,934.03 |

1. फोटो 4100 रुपए या अधिक देने वालों की छपेगी
2. नकद व ड्राफ्ट कार्यालय में 12 से 8 PM. तक दें।
3. NEFT के लिए-यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सिविल लाइंस, जालंधर A/c. No. 308302010024188, IFSC Code: UBIN0530832.
4. राशि ट्रांसफर करके 9872457650 पर व्हाट्सएप करें तथा अपना आधार या पैन नंबर साथ भेजें।

**सहयोग यहां भेजें : शहीद परिवार फंड**

**पंजाब केसरी ग्रुप, सिविल लाइंस, जालंधर-144001**


# श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों का सम्मान करें मुख्यमंत्री : केवल ढिल्लों



चंडीगढ़, 15 जून (हरिश्चंद्र): पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख कौम की सर्वोच्च संस्था है और वहां से जारी होने वाला प्रत्येक आदेश गुरु नानक नामलेवा संगत के लिए सम्माननीय और स्वीकार्य होता है।

ढिल्लों ने कहा कि जब किसी व्यक्ति को श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गुरु-दोषी और खालसा पंथ विरोधी घोषित किया जाता है तो उसके गंभीर सामाजिक और नैतिक प्रभाव होते हैं। ऐसे हालात में पंजाब सरकार में कार्यरत सिख मंत्रियों और अधिकारियों के लिए भी एक असहज स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण सरकार के प्रशासनिक कार्यों और निर्णय लेने की प्रक्रिया पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका बन सकती है, जो सीमावर्ती राज्य पंजाब के हित में नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री मान को नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। जब सिख कौम की सर्वोच्च और शाश्वत पीठ श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा इतना कठोर निर्णय सुनाया गया है, तो लोकतांत्रिक परंपराओं और नैतिक मर्यादाओं के मद्देनजर उन्हें तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

ढिल्लों ने कहा कि पंजाब की जनता और सिख संगतों की भावनाओं का सम्मान करना प्रत्येक सरकारी अधिकारी, सार्वजनिक पदाधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ऐसा निर्णय लेना चाहिए, जो पंजाब के प्रशासनिक ढांचे, सामाजिक सद्भाव और जनता के विश्वास को मजबूत करे।

# वीडियो असली है तो फिर कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही : रंधावा



चंडीगढ़/जालंधर, 15 जून (विनय, विशेष): कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने एक कथित वीडियो को लेकर कहा कि यदि वायरल वीडियो असली है तो फिर कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। रंधावा ने कहा कि इस मामले में संबंधित पक्षों को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके और लोगों के मन में पैदा हो रहे सवालों का जवाब मिल सके।

रंधावा ने कहा कि वायरल वीडियो को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं चल रही हैं। यदि वीडियो की सत्यता की पुष्टि हो चुकी है तो जिम्मेदार संस्थाओं को तुरंत आवश्यक कदम उठाने चाहिए। किसी भी धार्मिक या सामाजिक संस्था की गरिमा बनाए रखने के लिए पारदर्शिता बेहद जरूरी है।

रंधावा ने कहा कि यदि वीडियो फर्जी है तो इसे स्पष्ट रूप से खारिज किया जाना चाहिए लेकिन यदि वीडियो असली है तो मामले को लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि जनता को सच जानने का अधिकार है और किसी भी प्रकार के विवाद को अनिश्चितकाल तक लटकाना उचित नहीं है।

रंधावा ने कहा कि पंजाब की जनता धार्मिक संस्थाओं का सम्मान करती है और ऐसे मामलों में जल्द और निष्पक्ष निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और संस्थाओं से अपील की कि पूरे मामले की पारदर्शी जांच कर सच्चाई को सार्वजनिक किया जाए ताकि किसी तरह की अफवाहों और भ्रम की स्थिति को समाप्त किया जा सके।

# श्री अकाल तख्त का फैसला सम्मान के साथ स्वीकार करना चाहिए : चन्नी



जालंधर/चंडीगढ़, 15 जून (विशेष): पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा दिए गए फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इसकी जांच के बाद जो निर्णय सामने आया है, उसे पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ स्वीकार किया जाना चाहिए। चन्नी ने नानक नाम लेवा संगत से अपील की कि वे श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों और फैसले को सर्वोपरि मानते हुए उसका सम्मान करें।

चन्नी ने कहा कि वायरल वीडियो प्रकरण में सच्चाई सामने आने के बाद मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। चन्नी ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख समुदाय की सर्वोच्च धार्मिक संस्था है और उसके फैसलों का सम्मान करना हर सिख का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि धार्मिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने तथा समाज में विश्वास कायम रखने के लिए सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों को उच्च नैतिक मानदंडों का पालन करना चाहिए।

चन्नी ने कहा कि पंजाब की जनता धार्मिक भावनाओं और परंपराओं का गहरा सम्मान करती है तथा किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह कितना भी बड़ा पदाधिकारी क्यों न हो, इन मर्यादाओं से ऊपर नहीं माना जा सकता।

# जसवीर गढ़ी अपनी जिम्मेदारी का निष्पक्ष निर्वहन नहीं कर रहे : वड़िंग



चंडीगढ़, 15 जून (विनय): पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि वह देश की सभी संवैधानिक और कानूनी संस्थाओं का पूरा सम्मान करते हैं, जिनमें पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि आयोग के वर्तमान चेयरमैन आम आदमी पार्टी और उसकी सरकार के प्रतिनिधि की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें गढ़ी पर भरोसा नहीं है और वे किसी भी परिस्थिति में उनके सामने पेश नहीं होंगे। वह न्याय के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाएंगे।

वड़िंग ने कहा कि गढ़ी 'आप' के प्रतिनिधि के रूप में काम करते रहे हैं और राजनीतिक उद्देश्यों से कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एस.सी. आयोग के प्रमुख होने के नाते उन्हें सरकार से स्वतंत्र होना चाहिए लेकिन वह अपनी जिम्मेदारी का निष्पक्ष निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इसी तरह गुरदासपुर और दीनानगर में कांग्रेस की जीत के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में वड़िंग ने कहा कि पंजाब में अब कांग्रेस आ रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है और इसका काम करने का तरीका भी अलग है। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही एक व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करने जा रही है, जो चुनावों तक लगातार जारी रहेगा।

# रवनीत सिंह बिट्टू को 24 जून को पेश होने का एक और अवसर मिला



चंडीगढ़/बरनाला, 15 जून (अर्चना, सिंधवानी): पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने धूरी मामले में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री को आयोग के समक्ष पेश होने के लिए एक और अवसर दिया है।

आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि धूरी मामले में केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को सोमवार को आयोग के समक्ष पेश होने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनकी ओर से एडवोकेट रमनदीप सिंह और एडवोकेट ए.एस. बरनाला उपस्थित हुए।

उन्होंने आयोग को बताया कि रवनीत सिंह बिट्टू नई दिल्ली में कुछ व्यस्तताओं के कारण आज उपस्थित नहीं हो सकते। उन्होंने आयोग से अनुरोध किया कि रवनीत सिंह बिट्टू को आयोग के समक्ष पेश होने के लिए एक और अवसर दिया जाए।

आयोग ने इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें 24 जून को सुबह 11 बजे उपस्थित होने का समय दिया। साथ ही, एस.एस.पी. संगरूर को निर्देश दिया गया कि यदि रवनीत सिंह बिट्टू अगली तारीख पर भी उपस्थित नहीं होते हैं, तो इस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए 25 जून को एस.पी. मुख्यालय, संगरूर के माध्यम से रिपोर्ट आयोग के समक्ष प्रस्तुत की जाए।

# सिख समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए मान को इस्तीफा देना चाहिए : आर.पी. सिंह



चंडीगढ़, 15 जून (हरिश्चंद्र): भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने आरोप लगाया है कि पांच सिंह साहिबान द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को कथित वीडियो प्रकरण में गुरु-द्रोही और खालसा पंथ विरोधी करार दिया गया है। साथ ही स्पष्ट आदेश जारी किया गया है कि गुरु खालसा पंथ का कोई भी सिख उनके साथ किसी प्रकार का सामाजिक, धार्मिक अथवा सार्वजनिक संबंध न रखे।

आर.पी. सिंह ने कहा कि जब किसी व्यक्ति को श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गुरु-द्रोही और खालसा पंथ विरोधी घोषित कर दिया जाता है, तब यह केवल व्यक्तिगत आचरण पर टिप्पणी नहीं होती, बल्कि उसके सार्वजनिक और नैतिक आचरण पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लग जाता है। ऐसे में यह स्थिति गंभीर हो जाती है कि वही व्यक्ति पंजाब जैसे सिख बहुल राज्य के मुख्यमंत्री पद पर बना रहे।

आर.पी. सिंह ने कहा कि यदि श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशानुसार सिख समाज को मुख्यमंत्री भगवंत मान से दूरी बनाए रखनी है तो पंजाब सरकार में कार्यरत सिख मंत्री, विधायक, अधिकारी और कर्मचारी भी गंभीर नैतिक एवं धार्मिक दुविधा का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मान यह स्पष्ट करें कि वह श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश को स्वीकार करते हैं या उसे अस्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की गरिमा, सिख समाज की भावनाओं और सामाजिक मर्यादाओं का सम्मान करते हुए भगवंत मान को तत्काल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए।

# सत्तारूढ़ दल के सभी सिख सदस्यों को अपने पदों से इस्तीफा देना चाहिए : सुखबीर

चंडीगढ़, 15 जून (स.ह.): मुख्यमंत्री भगवंत मान के संबंध में सिंह साहिबान के फैसले के बाद शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने सरकार और सत्तारूढ़ दल में शामिल सभी सिख सदस्यों को श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा दिए गए आदेश के अनुसार तत्काल अपने-अपने पदों से इस्तीफा देने की मांग की है। सुखबीर ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब महान है। यह सिख पंथ की शान है। कुछ महीने पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान का एक कथित वीडियो वायरल हुआ था, जिसका संज्ञान लेते हुए श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने उन्हें पेश होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा था। इसके बाद सिंह साहिबान के समक्ष पेश होकर मुख्यमंत्री ने उस समय यह कहा था कि संबंधित वीडियो फर्जी है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) से बनाया गया है और इसकी फोरैंसिक जांच होनी चाहिए। सोमवार को सभी पंथक हस्तियों, संस्थानों और विभिन्न संगठनों के साथ हुई चर्चा के दौरान जत्थेदार ने कहा कि उन्होंने इस वीडियो को देश की 2 मान्यता प्राप्त फोरैंसिक प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजा था और जांच के बाद दोनों ने यह साबित कर दिया है कि वीडियो के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है और न ही इसे ए.आई. से बनाया गया है।



# राज्यपाल कटारिया ने राजस्थान विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों से की भेंट

चंडीगढ़, 15 जून (हरिश्चंद्र): पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सोमवार को पंजाब लोक भवन चंडीगढ़ में राजस्थान विधानसभा की लोक लेखा समिति के सदस्यों व उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुदृढ़ता, सुशासन, वित्तीय जवाबदेही तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार सांझा किए। उन्होंने कहा कि लोक लेखा समितियां सार्वजनिक संसाधनों के पारदर्शी एवं उत्तरदायी उपयोग को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कटारिया ने विभिन्न राज्यों की विधायी संस्थाओं के मध्य संवाद एवं अनुभवों के आदान-प्रदान को लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने आगंतुकों को पंजाब एवं चंडीगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विकासात्मक पहलों तथा प्रशासनिक नवाचारों के बारे में भी जानकारी दी।

# धोखाधड़ी के चलते पूर्व पार्षद ने फंदा लगाकर दी जान

बरनाला, 15 जून (सिंधवानी, रवि): पूर्व म्यूनिसिपल पार्षद नच्छतर सिंह उर्फ जग्गा सिंह ने कोलोनाइजरों के साथ जमीन के पैसों के लेन-देन में मिली धोखाधड़ी और भारी मानसिक तनाव के कारण आज अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। उन्होंने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा, जिसमें संगरूर के धूरी से जुड़े 2 बड़े कोलोनाइजरों को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

राजनीति के साथ-साथ जमीनों की खरीद-फरोख्त का काम करने वाले जग्गा सिंह प्रॉपर्टी डीलर और कमीशन एजैंट थे। परिजनों के अनुसार धूरी के कोलोनाइजरों ने एक बड़ी प्रॉपर्टी डील में उनका बनता कमीशन देने से मना कर दिया था। लंबे समय से अपनी मेहनत की कमाई के लिए भटक रहे जग्गा सिंह इस वादाखिलाफी और आर्थिक नुकसान के कारण डिप्रैशन में चले गए थे। इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने अपने ही घर में पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली।

# पंजाब में 515 स्थानों पर छापेमारी, 284 गिरफ्तार

चंडीगढ़/जालंधर, 15 जून (अर्चना, धवन): पंजाब पुलिस ने सोमवार को पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 515 ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस टीमों ने इस दौरान 6 हथियारों सहित 284 लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 70 लोगों के विरुद्ध एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि एक व्यक्ति को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 5 भगौड़े अपराधियों को भी गिरफ्तार किया।

# खुफिया कैमरे से सेना, पुलिस व सुरक्षा एजैंसियों की जानकारी पाक व कनाडा भेजने वाले 2 गिरफ्तार

बठिंडा, 15 जून (विजय): बठिंडा पुलिस व काऊंटर इंटैलीजैंस ने सेना की गतिविधियों के जासूसी नैटवर्क का पर्दाफाश कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया, जो इलाके में बिना अनुमति सोलर पावर खुफिया कैमरा लगाकर सेना, पुलिस व सुरक्षा एजैंसियों की गतिविधियों की फुटेज पाकिस्तान व कनाडा में देश विरोधियों को भेज रहे थे। इस मामले में 2 अन्य आरोपियों की पहचान भी हो चुकी है, जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है। पुलिस के अनुसार यह मामला थाना थर्मल बठिंडा में 9 जून को एफ.आई.आर. के तहत दर्ज किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य हाईवे बठिंडा-मलोट रोड पर अंबुजा फैक्टरी के सामने सरकारी बिजली के खंभों पर मार्च के दौरान एक सोलर पावर कैमरा लगाया गया था, जिसमें सिम कार्ड लगा हुआ था, जिसके जरिए लाइव निगरानी की जा रही थी।

जांच एजैंसियों को आशंका है कि कैमरे का मुख्य उद्देश्य राजस्थान, फाजिल्का और फिरोजपुर बॉर्डर की ओर जाने वाली सेना की मूवमैंट, सुरक्षा बलों की तैनाती और संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखना था, जिसकी फुटेज पाकिस्तान और कनाडा में बैठे देश विरोधी नैटवर्क और उनके एजैंटों तक पहुंचाई जा रही थी।



*बठिंडा-मलोट रोड पर बिजली के खंभों पर लगा सोलर पावर कैमरा।* (मीत)

मामले की गंभीरता को देखते हुए एस.एस.पी. बठिंडा डॉ. ज्योति यादव बैंस के निर्देश पर विशेष टीमें गठित की गईं। बठिंडा पुलिस और काऊंटर इंटैलीजैंस की टीमों ने फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और ह्यूमन इंटैलीजैंस की मदद से पूरे नैटवर्क को ट्रेस किया।

जांच के दौरान 10 जून को अमृतसर के अजनाला थाना क्षेत्र के गांव सराए निवासी अशोक सिंह (40) पुत्र प्रकाश सिंह को गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के आधार पर एक अन्य आरोपी का नाम सामने आया। जांच और पुलिस रिमांड के दौरान 14 जून को गांव सराए निवासी अकाशदीप सिंह (22) पुत्र बलदेव सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ में 2 अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई है। 4 लोगों को मामले में नामजद किया जा चुका है, जिनमें से 2 गिरफ्तार हैं, जबकि 2 की तलाश जारी है।

# पंजाब में 'एस.आई.आर.' 2026 के लिए 25 जून से घर-घर गणना होगी शुरू

## डिप्टी चुनाव आयुक्त ने पंजाब में तैयारियों का लिया जायजा

चंडीगढ़/जालंधर, 15 जून (हरिश्चंद्र, धवन): स्पैशल इंटैंसिव रिवीजन (एस.आई.आर.) 2026 के तहत पूरे पंजाब में 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक घर-घर गणना अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान बूथ लैवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) मतदाताओं के विवरणों का सत्यापन करने और गणना प्रपत्र एकत्र करने के लिए घर-घर जाएंगे।

इस राज्य व्यापी पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आज पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सी.ई.ओ.) अनिंदिता मित्रा, आई.ए.एस. ने भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त भानु प्रकाश येतूरू, आई.ए.एस. की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में एस.ए.एस. नगर, फतेहगढ़ साहिब, पटियाला, रूपनगर और एस.बी.एस. नगर के जिला निर्वाचन अधिकारियों (डी.ई.ओ.) ने भाग लिया।

सी.ई.ओ. पंजाब अनिंदिता मित्रा ने वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त को राज्य की चुनावी व्यवस्था के बारे में जानकारी दी।



*बैठक में भाग लेते चुनाव आयोग से जुड़े भानु प्रकाश, अनिंदिता मित्रा व अन्य अधिकारी।* (कुर्ल)

उन्होंने बताया कि पंजाब में 5 मंडल, 23 जिले और 117 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 14,664 स्थानों पर कुल 24,453 मतदान केंद्र स्थापित हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक कुल 85.82 प्रतिशत मतदाता मैपिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है।सी.ई.ओ. पंजाब ने बताया कि ए.डी.ई.ओ., ई.आर.ओ., ए.ई.आर.ओ., चुनाव तहसीलदारों तथा तकनीकी कर्मचारियों के लिए आयोजित 3 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुका है, जबकि बी.एल.ओ. और बी.एल.ओ. पर्यवेक्षकों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण जारी है।

बैठक में घर-घर सत्यापन अभियान तथा मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में सहायता प्रदान करने में बूथ लैवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी विशेष जोर दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उपनिर्वाचन आयुक्त भानु प्रकाश येतूरू, आई.ए.एस. पंजाब के 3 दिवसीय दौरे पर हैं। आगामी 2 दिनों में वे अन्य जिलों का भी दौरा करेंगे। इस दौरान पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिंदिता मित्रा भी उनके साथ रहेंगी।

# मानहानि मामले में सुखबीर बादल को पेशी से मिली छूट

चंडीगढ़, 15 जून (परीक्षित): 9 साल पुराने मानहानि मामले में सोमवार को सुनवाई के दौरान पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल की ओर से व्यक्तिगत पेशी से छूट की अर्जी दायर की गई, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। यह अर्जी उनके वकील राजेश कुमार रॉय के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट की अदालत में पेश की गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

अर्जी में बताया गया कि 15 जून को मामले की सुनवाई निर्धारित थी, लेकिन इसी दिन पंजाब के अहम मसले को लेकर दिल्ली में पार्टी की बैठक है और इसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेना है, जहां उनकी उपस्थिति बेहद जरूरी है।

अर्जी में अदालत को आश्वस्त किया गया कि सुखबीर बादल अगली सुनवाई पर निश्चित रूप से स्वयं उपस्थित होंगे। अदालत ने इन तथ्यों को रिकॉर्ड पर लेते हुए पेशी से छूट प्रदान कर दी। अदालत द्वारा गैर-जमानती वारंट जारी किए जाने के बाद सुखबीर सिंह बादल जनवरी में अदालत में पेश हुए थे।

# भाई की हत्या का बदला लेने निकले 3 शातिर काबू

रोहतक, 15 जून (ब्यूरो): रोहतक पुलिस ने एक बड़ी वारदात को होने से पहले टाल दिया। भाई की हत्या का बदला लेने की फिराक में घूम रहे 3 आरोपियों को सी.आई.ए.-2 की टीम ने लाढौत रोड पर नाकाबंदी कर काबू किया। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं।

पुलिस ने तीनों को 5 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपियों की पहचान आकाश, साहिल और वंश के रूप में हुई है। आकाश की बुआ का लड़का साहिल है। वहीं वंश उनका दोस्त है। ए.एस.आई. संतराम की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ आरोपी हत्या की नीयत से घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी की और आरोपियों को काबू कर लिया। तलाशी में उनके पास से 6 पिस्तौल, 80 जिंदा कारतूस और 6 मैग्जीन मिलीं। डी.एस.पी. दलीप सिंह ने बताया कि आरोपी गांव धामड़ और गांव बोहर में 4-5 लोगों की हत्या करने की योजना बना रहे थे। आरोपी आकाश के भाई अरुण की पहले हत्या हो चुकी थी। इसी का बदला लेने के लिए आरोपी घूम रहे थे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, उत्तर रेलवे। सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप/यमुना नगर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के जगाधरी स्थित कैरिज एंड वैगन (C&W) वर्कशॉप में 24 महीनों के लिए कोचिंग और वैगन के पुर्जों (कार्यक्षेत्र के अनुसार) की डाई पेनेट्रेशन टेस्टिंग (DPT) का कार्य। |
| 2 | कार्य स्थल | सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप उत्तर रेलवे |
| 3 | निविदा मूल्य | रु. 8421798/- |
| 4 | मात्रा | कार्यक्षेत्र के अनुसार |
| 5 | निविदा प्रपत्र की लागत | Nil |
| 6 | बीड सिक्युरिटी | रु. 168400/- |
| 7 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 24 महीने |
| 8 | निविदा फॉर्म जमा करने की तिथि और समय | 07.07.2026 को 3:30 बजे तक |
| 9 | टेंडर खोलना | 07.07.2026 को 3:35 बजे तक, रेलवे निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रखता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या 6-S/85/Tender/2025–26/JUDW/P3 दिनांक 15.06.2026 2052/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



No.1453 Dated: 15/06/2026

9729759660

Mobile No. 7696280707

**प्रवर चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी, सी.एच.सी./एस.डी.एच. कालका**

सर्व आमजन को सूचित किया जाता है कि सी.एच.सी./एस.डी.एच. कालका व अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में 53 पदों पर डोमैस्टिक ब्रीडर चैकर माह जून 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक रखे जाने हैं, जिनको पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर रखा जाना है। वालंटियर यह बात भली–भान्ति समझ कर आवेदन करें कि यह कोई नौकरी नहीं है, बल्कि उनकी तरफ से Community Service है, जिसका मानदेय नियमानुसार दिया जाएगा, यह वेतन नहीं है। वालंटियर की आयु 18 वर्ष से अधिक हो तथा फील्ड का कार्य करने के लिए स्वस्थ एवं सक्षम हो। जिन वालंटियर्स ने लगातार 5 वर्षों तक या विभिन्न वर्षों में कुल 5 वर्षों तक डोमैस्टिक ब्रीडर चैकर के तौर पर कार्य किया है, वे उम्मीदवार वर्ष 2026 में डोमैस्टिक ब्रीडर चैकर के तौर पर कार्य करने हेतु पात्र नहीं हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 19-06-2026 तक प्रवर चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी, सी.एच.सी./एस.डी.एच. कालका के कार्यालय की E-mail Address: (sdchklkdbc@gmail.com)_ पर सायं 05:00 बजे तक भिजवाना सुनिश्चित करें। कोई भी आवेदन दस्ती (By hand) स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन में पूरा नाम, पिता/पति का नाम, जैण्डर, जन्मतिथि, रिहायशी पता, डी.बी.सी. के तौर पर कुल कितने वर्ष व किस–किस वर्ष कार्य का विवरण और मोबाइल नम्बर लिखा जाए।

प्रवर चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी,
एस.डी.एच. कालका

PRDH/1058/11/1384/2027/46279/218/4



**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, उत्तर रेलवे। सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप/यमुना नगर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप में LHB कोचों के लिए, कस्टमाइज्ड सॉफ्टवेयर के माध्यम से संपूर्ण डेटा अधिग्रहण हेतु, Industry 4.0 वायरलेस एरर–प्रूफ टॉकिंग सिस्टम के डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और परीक्षण एवं 3 वर्ष की वारंटी–पश्चात AMC का कार्य। |
| 2 | कार्य स्थल | सी एंड डब्ल्यू वर्क्शाप, जगाधरी वर्क्शाप उत्तर रेलवे |
| 3 | निविदा मूल्य | ₹ 3,16,28,563.06 तीन करोड़ सोलह लाख अट्ठाईस हज़ार पाँच सौ तिरसठ रुपये और छह पैसे मात्र |
| 4 | मात्रा | कार्यक्षेत्र के अनुसार |
| 5 | निविदा प्रपत्र की लागत | Nil |
| 6 | बीड सिक्युरिटी | ₹ 6,32,600/– छह लाख बत्तीस हज़ार छह सौ मात्र |
| 7 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 66 महीने |
| 8 | निविदा फॉर्म जमा करने की तिथि और समय | 07.07.2026 को 16:30 बजे तक |
| 9 | टेंडर खोलना | 07.07.2026 को 16:35 बजे तक, रेलवे निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रखता है। |
| 10 | वेबसाइट विवरण | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या 6-S/96/Tender/2025–26/JUDW/P3 दिनांक 15.06.2026 2051/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Himachal Pradesh**
**Public Works Department**
**"CORRIGENDUM"**

The online e-tenders called vide this office letter No. PWH/HD/CB/T-1/2024-25-666-675 dated 24.04.2026 (RO No.0685/2026-24(Classified) and due for publication 20.05.2026 at 09.30 AM & further vide corrigendum No.1304-10 dated 19.05.2026 (RO NO. 0768/2026-27 classified) and further corrigendum No.1384-89 dated 01.06.2026(RO No.0787/2026-27(Classified) dated 01.06.2026 and corrigendum No.1645-55 dated 09.06.2026(RO No.1014/2026-2027(Classified)dated 10.06.2026 due for publication on 16.06.2026 at 9.30 AM is hereby extended as under due to administrative/technical reasons: -

**Key Dates**

| Sr. No. | Description | Old dates | Amended/new dates |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of online publication | 16.06.2026 (09.30 AM) | 25.06.2026 (09.30 AM) |
| 2 | Documents download start and end date/time | 16.06.2026 (09.30 AM) up to 22.06.2026 (10.30 AM) | 25.06.2026 (09.30 AM) up to 30.06.2026 (10.30 AM) |
| 3 | Bid submission start and end date/time | 16.06.2026 (09.30 AM) up to 22.06.2026 (10.30 AM) | 25.06.2026 (09.30 AM) up to 30.06.2026 (10.30 AM) |
| 5 | Date of Technical Bid opening | 22.06.2026 (11.00 AM) | 30.06.2026 (11.00 AM) |

Other terms and conditions of the tenders shall remain unchanged.

No.PWH/HD/CB/T-1/2025-26 Dated:
**1130/15.06.2026**

**Executive Engineer,**
**HPPWD Division,**
**Haroli, Distt. Una (HP)**



**HIMACHAL PRADESH STATE ELECTRICITY BOARD LTD.**
**TENDER NOTICE**

On line tenders are hereby invited by the under signed for and on behalf of the Managing Director (MD),HPSEBL, Shimla on the prescribed form (Tender Documents) for the following works from the contractors registered with Chief Electrical Inspector, HP (Govt.)/HPPWD/MSME/IPH/CPWD or the firms dealing with specific nature of job. The date of sale / receipt / opening of tenders is as under:-

| Sr. No | Tender No. | Description of Items | Estimated Amt (Rs.) | Amount of Earnest Money Deposit (Rs) | Price of Tender I/C GST (Non refundable | Completion period | Dateof sale of tender | Last date of receipt of tender | Due date of opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 386sees Shimla | Tender for Dehydration of Bank – I 220/66kV 100 MVA (3X33.33MVA) Power Transformer and 1 x 33.33 MVA Spare Power Transformer (Make: Bharat Bijlee) installed at 220/66/22 kV Substation Kotla under Electrical System Division HPSEBL, Kotla (Jeori) . | Rs. 955800/- | Rs. 19,120/- | Rs.1180/- | 1 Month | 18/06/2026 (5.00 PM) to 30/06/2026 (10:00 AM ) | 30/06/2026 11.00 (AM) | 01/07/2026 11.30 (AM) |
| 2. | 387sees Shimla | Tender for Complete overhauling of 145 KV ABB make SF-6 Circuit Breaker Type: ELF SF 2-1, make 1995, in 132 KV Sub Station Solan under ES Division, HPSEBL, Solan. | Rs.964827.00/- | Rs. 19,300/- | Rs.1180/- | 3Months | 18/06/2026 (5.00 PM) to 30/06/2026 (10:00 AM ) | 30/06/2026 11.00 (AM) | 01/07/2026 11.30 (AM) |
| 3. | 388seesShimla | Tender for Estimate for C/o concrete retaining wall to protect T.No. 07 of transmission line to Deepak spinners/Winsome textile of 66 KV feeder Barotiwala-2 from Baddi to Barotiwala. | Rs. 999368/- | Rs. 20,000/- | Rs.1180/- | 2 Months | 18/06/2026 (5.00 PM) to 30/06/2026 (10:00 AM ) | 30/06/2026 11.00 (AM) | 01/07/2026 11.30 (AM) |

The detailed terms & conditions along with tender documents can be viewed and down loaded free of cost at websitehttp://www.hptenders.gov.in.

0370/16-06-2026

Dy. Chief Engineer,
ES Circle HPSEBL Totu,
Shimla-171011.
Email:seesshimla@gmail.com

# SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!

Loot Blink

JOIN INDIA'S MOST TRUSTED

# DEALS CHANNEL

SAVE MORE SPEND LESS!

100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED

SAB PE BADI BACHAT!

UP TO 90% DISCOUNT DEALS

BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK

LIMITED STOCK

JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!

| Product | MRP | Price | Discount | You Save |
|---|---|---|---|---|
| boat Airdopes 141 TWS Earbuds | ₹2,990 | ₹249 | 92% OFF | YOU SAVE ₹2,741 |
| Noise Pulse 2 Smart Watch | ₹4,999 | ₹349 | 93% OFF | YOU SAVE ₹4,650 |
| iPhone 13 128GB | ₹59,900 | ₹5,399 | 91% OFF | YOU SAVE ₹54,501 |
| SAMSUNG 32" HD Smart TV | | | 89% OFF | YOU SAVE ₹25,800 |
| realme Narzo N55 (6GB+128GB) | ₹13,999 | ₹799 | 94% OFF | YOU SAVE ₹13,200 |
| ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) | | | 90% OFF | YOU SAVE ₹40,491 |
| GREEN SOUL Office Chair Ergonomic | ₹14,999 | ₹1,499 | 92% OFF | YOU SAVE ₹17,500 |
| SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD | ₹6,999 | | 91% OFF | YOU SAVE ₹6,400 |
| WILDCRAFT Backpack | ₹1,999 | ₹149 | 93% OFF | YOU SAVE ₹1,850 |
| PHILIPS Trimmer Series 3000 | ₹1,995 | ₹199 | 90% OFF | YOU SAVE ₹1,786 |
| AGARO Air Fryer 4.5L | ₹6,999 | ₹699 | 90% OFF | YOU SAVE ₹6,300 |
| PUMA Men's Running Shoes | ₹3,999 | | 91% OFF | YOU SAVE ₹3,650 |
| ZEBRONICS Study Headphones with Mic | ₹1,499 | ₹169 | 89% OFF | YOU SAVE ₹1,330 |
| PORTABLE Laptop Table Foldable | ₹1,299 | ₹129 | 90% OFF | YOU SAVE ₹1,170 |
| boAt Stone 650 Bluetooth Speaker | ₹3,999 | ₹199 | 95% OFF | YOU SAVE ₹3,800 |

UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS | PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW | 100% GENUINE PRODUCTS | FAST DELIVERY ACROSS INDIA

DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!

ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!

JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
- Instant Deal Alerts
- Exclusive Offers
- Limited Stock Updates

CLICK HERE

JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
- Latest Deals & Offers
- Price Drops Alerts
- Limited Time Offers

CLICK HERE

SAVE TIME SHOP SMART | SAVE MONEY LIVE BETTER | SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE! | SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.

JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!


# प्रधानमंत्री मोदी का 'संकल्प से सिद्धि'

## गुजरात के सतत विकास ने भारत को नई ऊर्जा दी

### प्रधानमंत्री पद संभालने के मात्र 17 दिनों के भीतर सरदार सरोवर बांध पर गेट लगाने की मंजूरी दी

# 12 वर्षों में 'विकसित भारत' का पथ प्रदर्शक बना गुजरात

**किसी** भी राष्ट्र के इतिहास में कुछ कालखंड उसका भविष्य तय करते हैं। 26 मई 2014 को जब श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब देश कई चुनौतियों से जूझ रहा था लेकिन उनके दृढ़ नेतृत्व और "सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र ने भारत को नई ऊर्जा दी। जनता के आशीर्वाद से 2024 में लगातार तीसरी बार कमान संभालने के बाद, 26 मई 2026 को उनके नेतृत्व में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण हुए हैं। इन 12 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। राष्ट्र-निर्माण के इस महायज्ञ में "विकसित गुजरात से विकसित भारत" के संकल्प के साथ गुजरात देश का 'ग्रोथ इंजन' बना है। प्रधानमंत्री पद संभालने के मात्र 17 दिनों के भीतर सरदार सरोवर बांध पर गेट लगाने की मंजूरी उनके त्वरित फैसलों का सशक्त प्रमाण है। इस एक निर्णय ने करोड़ों गुजरातियों का सपना साकार कर राज्य के कृषि व औद्योगिक विकास की मजबूत नींव रखी। इसी बुनियादी नींव और केंद्र की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है कि आज गुजरात केवल पारंपरिक औद्योगिक राज्य से आगे बढ़कर इनोवेशन, हरित ऊर्जा, सेमीकंडक्टर और वैश्विक निवेश का अत्याधुनिक केंद्र बन चुका है। आइए, इन 12 वर्षों में केंद्र के सहयोग से गुजरात में हुए उन ऐतिहासिक बदलावों पर एक नजर डालें, जिन्होंने पूरे देश के सामने प्रगति का एक अनूठा मॉडल पेश किया है।




## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का वैश्विक प्रतीक

गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार सरोवर बांध और उसके आसपास के प्राकृतिक परिसर को विश्व स्तरीय पर्यटन केंद्र में बदलने का जो स्वप्न देखा था, वह आज 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के रूप में विश्व पटल पर गर्व से खड़ा है। 182 मीटर की ऊंचाई के साथ यह दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है, जिसका भव्य उद्घाटन प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2018 में किया था। आज यह केवल सरदार वल्लभभाई पटेल का स्मारक नहीं है, बल्कि यह लाखों पर्यटकों की आस्था और भारत की एकता का सबसे बड़ा जीवंत केंद्र बन चुका है।

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

**पर्यटन और कनेक्टिविटी का महासंगम**

**विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा**

182 मीटर (सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित)

**ग्लोबल टूरिज्म हब**

लाखों की संख्या में पर्यटकों का आगमन और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का सफल आयोजन

**निर्बाध कनेक्टिविटी**

जनवरी 2021 में केवड़िया रेलवे स्टेशन का भव्य उद्घाटन, आज देश के विभिन्न हिस्सों से 8 ट्रेनें सीधे केवड़िया एकता नगर तक दौड़ रही है



विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल और बेहतर कनेक्टिविटी से विकसित हो रहा है एकता नगर

## विनिर्माण और सेमीकंडक्टर क्रांति आत्मनिर्भरता का ग्लोबल हब

**गुजरात** आज वैश्विक स्तर पर 'मेक इन इंडिया' का सबसे बड़ा ध्वजवाहक बन गया है। साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के प्लांट का 28 फरवरी 2026 को उद्घाटन हुआ। मात्र 900 दिनों के रिकॉर्ड समय में शुरू हुए इस प्लांट ने भारत में सेमीकंडक्टर क्रांति का शंखनाद किया है। इसी कड़ी में साणंद में ही 'केन्स सेमीकॉन' के रूप में भारत की पहली अत्याधुनिक OSAT सुविधा भी शुरू हुई है, जो गुजरात को सिलिकॉन वैली बनाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है।

### गुजरात में विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख प्रोजेक्ट्स की तस्वीर

| प्रमुख परियोजनाएं | अनुमानित निवेश | मुख्य प्रभाव/लक्ष्य |
|---|---|---|
| माइक्रोन सेमीकंडक्टर (साणंद) | ₹22,516 करोड़ | साणंद स्थित देश का पहला सेमीकण्डक्टर प्लान्ट शुरू। 5,000 प्रत्यक्ष और 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार (दिव्यांगों को भी समान अवसर) |
| केन्स सेमीकंडक्टर OSAT (साणंद) | ₹3,300 करोड़ | साणंद में स्थापित केन्स सेमीकॉन का OSAT प्लान्ट भी कार्यरत हो गया है जिसमेंप्रतिदिन 63 लाख चिप्स का उत्पादन, हजारों युवाओं को उच्च कौशल रोजगार, तथा अमेरिका को निर्यात की सुविधा है। |
| C-295 एयरक्राफ्ट (वडोदरा) | (टाटा फैसिलिटी) | 10,000+ रोजगार, सैन्य विमानों के लिए निजी क्षेत्र की पहली असेंबली लाइन। |
| लोकोमोटिव इंजन (दाहोद) | ₹20,000 करोड़ | 9000 HP इंजनों का निर्माण, 10 वर्षों में 1200 इंजन तैयार करने का लक्ष्य। |
| बल्क ड्रग पार्क (भरूच) | ₹2,500 करोड़ | फार्मा क्षेत्र में आयात निर्भरता में कमी, सप्लाई चेन में मजबूती। |
| पीएम मित्र पार्क (नवसारी) | (टेक्सटाइल हब) | वीविंग से लेकर गारमेंटिंग तक एक ही प्लेटफॉर्म पर कपड़ा उत्पादन। |




## हरित ऊर्जा और सस्टेनिबिलिटी: भविष्य की ऊर्जा का केंद्र

**गुजरात** पारंपरिक ऊर्जा के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) के क्षेत्र में दुनिया को दिशा दिखा रहा है। सितंबर 2024 में गांधीनगर में चौथे RE-INVEST ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी मीट का सफल आयोजन राज्य की इसी प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है।



### गुजरात ऊर्जा डैशबोर्ड 2026

**दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड एनर्जी पार्क-कच्छ**

- अनुमानित क्षमता 37.35 GW, विंड+सोलर
- निवेश : लगभग 1.85 लाख करोड़ रुपए
- लाभ: 7.2 करोड़ टन कम होगा $CO_2$ उत्सर्जन

**पीएम सूर्य घर योजना**

- इंस्टॉल 6.70 लाख रुफटॉप मई 2026 तक
- राष्ट्रीय योगदान देश के कुल इंस्टॉलेशन का 21%

## 'विकास भी, विरासत भी': सांस्कृतिक गौरव और वैश्विक खेल

**प्रधानमंत्री** श्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि विकास की गति के साथ-साथ हमें अपनी विरासत पर भी गर्व होना चाहिए।



### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026

आक्रांताओं द्वारा सोमनाथ मंदिर में किए गए पहले हमले के 1000 वर्ष पूर्ण होने पर जनवरी 2026 में भव्य पर्व मनाया गया। 72 घंटे का अखंड ओंकार नाद, भव्य ड्रोन शो और 108 अश्वों की शौर्य यात्रा ने भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संदेश दिया।

### ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण

लोथल में 4500 करोड़ रुपए की लागत से 'नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स' और वडनगर में 298 करोड़ रुपए से बना विश्व स्तरीय 'आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम' 2500 वर्षों से अधिक पुरानी सभ्यता को विश्व पटल पर रख रहा है।

### खेलों का महाकुंभ

प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता से गुजरात के अहमदाबाद को वर्ष 2030 में आयोजित होने वाले '24वें कॉमनवेल्थ गेम्स' की मेजबानी का ऐतिहासिक गौरव प्राप्त हुआ है।

## स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक क्रांति



आम आदमी के सुरक्षित और स्वस्थ जीवन की गारंटी है। राज्य में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को उस स्तर पर ले जाया गया है, जहां हर नागरिक को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा अपने ही राज्य में मिल सके।

**अत्याधुनिक राजकोट एम्स**

लागत : ₹1200 करोड़ (फरवरी 2024 में लोकार्पण)

क्षमता: 750 बैड मल्टी और सुपर स्पेशियलिटी

सुविधा : टेलीमेडिसिन 14 विभागों की ओपीडी, 500 क्षमता डाइनिंग हॉल तथा अंडर-ग्रेजुएट बॉयज-गर्ल्स हॉस्टल

**नए मेडिकल कालेजों की सौगात**

वर्ष 2014 के बाद राज्य में कुल 24 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए, जिन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर बदल दी है

## गरीब कल्याण: हर नागरिक के उत्थान का संकल्प

12 वर्षों में भारत सरकार की योजनाओं ने गुजरात के आम जनमानस के जीवन में गुणात्मक और परिवर्तनकारी बदलाव किए हैं।



### विकास की मजबूत नींव

- आवासीय निर्माण (शहरी+ग्रामीण) 16 लाख से अधिक पक्के मकान
- आयुष्मान भारत कार्ड धारक 2.78 करोड़ नागरिक
- सॉयल हेल्थ कार्ड (प्रथम राज्य) 2.25 करोड़ किसान
- मुद्रा लोन खाते 1.51 करोड़ खाते (रु. 1.29 लाख करोड़ वितरित)
- पीएम किसान सम्मान निधि 69.25 लाख किसान परिवार
- लखपति दीदी योजना 5.96 लाख महिलाएं
- स्वच्छ भारत मिशन 44 लाख से अधिक शौचालय (ग्रामीण)

## संकल्प से सिद्धि की ओर निरंतर बढ़ते कदम

बीते 12 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के केंद्रीय नेतृत्व और गुजरात सरकार के अथक प्रयासों से विकास का जो इकोसिस्टम तैयार हुआ है, वह अकल्पनीय है। नीतिगत पंगुता के दौर से निकलकर आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। गुजरात ने औद्योगिकरण, निवेश, तकनीक, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का जो अद्वितीय मॉडल पेश किया है, वह 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। अमृतकाल का यह स्वर्णिम दौर इस बात का साक्षी है कि जब सुशासन, दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और जन-भागीदारी एक साथ मिलते हैं, तो राष्ट्र निर्माण की महागाथा लिखी जाती है।

**सुशासन और कड़े नीतिगत निर्णय:** विकसित भारत के अमृतकाल में समानता का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए गुजरात विधानसभा ने ऐतिहासिक 'समान नागरिक संहिता (UCC) विधेयक' पारित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गुजरात इसे लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है। यह साहसिक निर्णय न केवल राज्य के सामाजिक ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि सभी धर्मों और समुदायों की महिलाओं के सम्मान, समान अधिकार और सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेगा।

## आधुनिक कनेक्टिविटी, शानदार इंफ्रास्ट्रक्चर, वैश्विक व्यापार का नया सिरमौर

**प्रधानमंत्री** श्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में गुजरात आज केवल एक औद्योगिक राज्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह ग्लोबल फाइनेंस, अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं, हाई-स्पीड कनेक्टिविटी और वैश्विक कूटनीति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। "संकल्प से सिद्धि" के मंत्र पर चलते हुए, गुजरात ने बीते कुछ वर्षों में विकास के वो ऐतिहासिक प्रतिमान रचे हैं, जो पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल बन गए हैं।

**GIFT सिटी: भारत का नया 'फाइनेंशियल गेटवे' :** प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट 'गिफ्ट सिटी' (GIFT City) ने भारत को विश्व के वित्तीय नक्शे पर एक नई पहचान दी है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक ऐसा इकोसिस्टम है, जहाँ से 'नए भारत' का व्यापार संचालित हो रहा है।

**IFSCA मुख्यालय :** अगस्त 2022 में प्रधानमंत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण का भूमिपूजन।

**IIBX की शुरुआत:** भारत को 'गोल्ड' के ग्लोबल ट्रेडिंग बाजार में प्रभावी बनाने के लिए जुलाई 2022 में देश का पहला 'इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज' लॉन्च।

**NSE IFSC-SGX कनेक्ट:** वैश्विक निवेशकों के लिए नया ब्रिज।

### GIFT सिटी में और क्या-क्या हैं?

कैपिटल मार्केट, ऑफशोर बैंकिंग एवं इंश्योरेंस, एयरक्राफ्ट और शिपलीजिंग, ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड्स और दो इंटरनेशनल स्टॉक एक्सचेंज। (यह एक्सचेंज गुजरात के ज्वैलर्स के लिए भी एक बड़ी सौगात है)।

### एविएशन और रेलवे : विकास की 'हाई-स्पीड' उड़ान

**हीरासर ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट, राजकोट**

पीएम गतिशक्ति प्रोजेक्ट के तहत 27 जुलाई 2023 को राजकोट को इस नए एयरपोर्ट की सौगात मिली

लागत : ₹1400 करोड़, क्षमता : पीक आवर्स में प्रति घंटे 1280 यात्रियों को संभालने में सक्षम



साथ ही, भुज और अहमदाबाद के बीच नमो भारत रैपिड रेल ने कनेक्टिविटी को और भी आधुनिक बना दिया है

**वंदे भारत और नमो भारत का विस्तार**

सितम्बर 2022 में पहली वंदे भारत की शुरूआत के बाद आज गुजरात के शहरों और गांवों की विकास यात्रा को ये 5 सेमी हाईस्पीड ट्रेनें रफ्तार दे रही है

- अहमदाबाद-ओखा
- मुंबई सैंट्रल-गांधीनगर
- अहमदाबाद-मुंबई सैंट्रल
- साबरमती-जोधपुर
- साबरमती-वेरावल



संस्थापक : अमर शहीद लाला जगत नारायण जी
पंजाब केसरी

# 'भारतीय सुरक्षा कर्मी ही' जेलों में पहुंचा रहे नशा!

**भारतीय** जेलों में बंद कैदियों से मोबाइल फोन और नशों आदि की बरामदगी आज आम बात हो गई है, जिन्हें पहुंचाने में जेलों के कर्मचारियों की मिलीभगत पाई जा रही है। यह समस्या कितना गंभीर रूप धारण कर चुकी है, यह पिछले लगभग 3 महीनों की निम्न घटनाओं से स्पष्ट है :

*∗ 11 मार्च को 'बेंगलुरु' (कर्नाटक) स्थित सैंट्रल जेल के मुख्य द्वार पर रूटीन चैकिंग के दौरान 'कर्नाटक राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल' (के.एस.आई.एस.एफ.) ने जेल के वार्डर 'प्रकाश गावड़े' को जेल के अंदर बंद कैदियों को देने के लिए नशा ले जाते हुए पकड़ा।*

*तलाशी के दौरान उसके अंडर गार्मैंट्स में छिपाई हुई 15 ग्राम 'मेथमफेटामाइन' (नशीला पदार्थ) और गांजा बरामद हुआ जो वह जेल में बंद हत्या के एक आरोपी को 10,000 रुपयों के बदले में देने जा रहा था।*

*∗ 6 अप्रैल को पंजाब की हाई सिक्योरिटी 'बठिंडा' (पंजाब) सैंट्रल जेल में तैनात लैब टैक्नीशियन 'सागर सिंह' को 68.25 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा गया जिसे उसने अपनी कार में छिपा कर रखा हुआ था।*

*∗ 12 अप्रैल को 'बठिंडा' सैंट्रल जेल में तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए 'केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल' के सिपाही 'राजिंदर सिंह' के जेल के परिसर के अंदर ही स्थित कमरे से 23.99 ग्राम अफीम, 158 ग्राम जर्दा और सिरिंज बरामद की गईं जो उसने जेल में बंद कैदियों तक पहुंचानी थीं।*

*∗ 29 अप्रैल को 'बठिंडा' (पंजाब) सैंट्रल जेल में हैड कांस्टेबल 'अंग्रेज सिंह' को 34 ग्राम हैरोइन छिपाकर जेल के भीतर ले जाने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।*

*∗ 25 मई को 'मैसूर' (कर्नाटक) सैंट्रल जेल के 'अस्पताल वार्ड' की सुरक्षा में तैनात एक गार्ड 'एच.आर. रमेश' को जेल के भीतर तंबाकू उत्पाद और अन्य प्रतिबंधित सामग्रियां छुपाकर ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया।*

*∗ 2 जून को 'क्योंझार' (ओडिशा) में एक जेल वार्डर को जेल में कैदियों के लिए गांजा पहुंचाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।*

*∗ 3 जून को 'करनाल' (हरियाणा) स्थित जिला जेल के अंदर नशीले पदार्थों की सप्लाई करने के आरोप में जेल के ही हैड वार्डर 'सुनील कुमार' को गिरफ्तार किया। एंटी नार्कोटिक्स सैल की जांच में सामने आया कि वह यह काम पैसों के लालच में करता था।*

*∗ 10 जून को 'सिंहभूम' (असम) स्थित जिला जेल के 2 सहायक जेलरों 'रुद्र देवड़ी' तथा 'शुभाशीष घोष' एवं 2 जेल वार्डरों 'मसीद अली लस्कर' तथा 'विश्वजीत बरुआ' को जेल के अंदर मोबाइल फोन तथा नशीले पदार्थ पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया।*

*∗ और अब 14 जून को 'होशियारपुर' (पंजाब) स्थित सैंट्रल जेल में हत्या के मामले में बंद कैदी 'मनप्रीत मन्ना' ने जेल के अंदर से वीडियो लाइव-स्ट्रीम करते हुए आरोप लगाया कि जेल स्टाफ कैदियों पर नशा बेचने और मंगवाने का दबाव बनाता है तथा इन्कार करने वालों का उत्पीड़न किया जाता है।*

*'मनप्रीत मन्ना' ने जेल प्रशासन की एक महिला अधिकारी पर भी नशे से सम्बन्धित गतिविधियों में शामिल होने के लिए जेल में सजा काट रहे कैदियों पर दबाव डालने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता के बाद से देश में जेलों के सुधार के लिए अनेक कमेटियां गठित की गईं परंतु लगभग सभी सुझाव ठंडे बस्ते में डाल दिए जाने के कारण जेलों का हाल लगातार बुरा होता चला गया।

अत: न सिर्फ जेलों में सुधार संबंधी सिफारिशों को तुरंत लागू करने की जरूरत है, बल्कि इसके साथ ही जेलों में नशे को पहुंचने से रोकने के लिए बेहतर सुरक्षा प्रबंधों, कैदियों पर नजर रखने के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाने, मोबाइल आदि ले जाने और इनका इस्तेमाल रोकने के लिए तुरंत जैमर लगाने और जेलों में कैदियों को नशा एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं पहुंचाने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को कठोर दंड देने की जरूरत है। **—विजय कुमार**




## पाठकों के पत्र

### सब-कुछ बर्बाद कर देता है गुस्सा

**पांच** या दस मिनट का गुस्सा हमें बड़ी मुसीबत में डाल सकता है। इसीलिए गुस्से को चांडाल कहा गया है, जो सब कुछ बर्बाद कर देता है। गुस्सा एक ऐसा दिमागी जहर है, जो दूसरों को नुकसान पहुंचाने से पहले खुद को जलाता है। बहुत से लोग इस आदत के कारण अपने अच्छे दोस्तों को भी खुद से दूर कर लेते हैं। आज के जमाने में बच्चों और युवाओं में गुस्सा करने की आदत बढ़ती जा रही है। पता नहीं उनमें से संयम, विनम्रता और बड़ों का आदर करने के संस्कार कहां गायब हो गए हैं।

गुस्सा हमें दिमागी तौर पर कमजोर करता है और हमारे दिल पर बोझ डालता है, जिससे हार्ट फेल भी हो सकता है। गुस्से से बचना चाहिए। अगर लड़ाई हो, तो उस जगह से दूर चले जाएं। सबसे बड़ी तपस्या नियंत्रण और शांति में रहना है। जिंदगी की तरक्की मिल-जुलकर रहने में है और इसी से हम आगे भी बढ़ते हैं।

**—विवेक, कोट ईसे खां, मोगा (94633-84051)**

### जिंदगी बहुत छोटी है, इसका पूरा मजा लो!

**नफरत** के बीज मत बोओ, बल्कि हमेशा प्यार के बीज बोओ ताकि जिंदगी फूलों की तरह सुहानी और खूबसूरत हो जाए। नफरत की आग ऐसी है कि दूसरों को जलाए या न जलाए लेकिन आग लगाने वाले को जरूर अपनी चपेट में ले लेती है। जबकि प्यार बांटने से आपको अपने आस-पास की चीजें खूबसूरत लगती हैं। पूरी दुनिया अपनी लगती है। इसके उलट, नफरत पैदा करने से पूरी दुनिया आपकी दुश्मन लगती है।

प्यार की एक बूंद में नफरत की आग को बुझाने की ताकत और काबिलियत होती है। इसलिए हमेशा प्यार बांटो और नफरत के बीज मत बोओ। फिर देखो! जिंदगी कितनी सुहानी हो जाएगी। गुस्से और नाराजगी में कुछ नहीं है, जिंदगी बहुत छोटी है। इसका पूरा मजा लो और आजादी से जियो। यही जिंदगी का मजा है।

**—अजीत खन्ना, खन्ना मंडी (76967-54669)**

### अधिकारी और जनप्रतिनिधि एक-दूसरे के पूरक

**वर्तमान** समय में कुछ जनप्रतिनिधियों और उनके समर्थकों द्वारा शासन-प्रशासन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार, सार्वजनिक अपमान और राजनीतिक दबाव बनाने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह प्रवृत्ति न केवल चिंताजनक है, बल्कि जनप्रतिनिधियों की मर्यादा और लोकतंत्र की मूल भावना के भी प्रतिकूल है।

नि:संदेह सरकारी तंत्र में भी कुछ अधिकारी और कर्मचारी ऐसे हो सकते हैं जिनकी कार्यशैली जनहित के अनुरूप न हो, किंतु किसी अधिकारी या कर्मचारी की कथित त्रुटि का समाधान सार्वजनिक अपमान, धमकी अथवा दबाव की राजनीति नहीं हो सकता। जनप्रतिनिधि लोकतंत्र का चेहरा होते हैं, वहीं अधिकारी और कर्मचारी प्रशासन की रीढ़। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, प्रतिस्पर्धी नहीं। इसलिए दोनों के बीच सम्मान, संवाद और समन्वय का संबंध होना आवश्यक है, तभी जनता का विश्वास शासन व्यवस्था में बना रहेगा।

**—अरविंद रावल, झाबुआ, म.प्र. (93405-79251)**

# इंडिया गठबंधन की सफलता इसके पांच सूत्री समझौते पर निर्भर

**विपक्षी** दलों के गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने हाल ही में दिल्ली में अपनी अब तक की यात्रा पर विचार करने और भविष्य के लिए आशाएं सांझा करने के लिए मुलाकात की। 8 जून को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक में, मूल 27 सदस्यों में से 23 ने एक साथ काम करने की अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की, जो इन चुनौतीपूर्ण समयों में एकता और सहयोग के प्रति उनके समर्पण को उजागर करता है।

तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक जैसी कुछ पार्टियां अपने-अपने राज्यों में चुनौतियों का सामना कर रही हैं। इसने राष्ट्रीय चुनावों में गठबंधन की संभावनाओं के बारे में चिंताएं बढ़ाई हैं। हालांकि, इन चुनौतियों को विकास के अवसरों के रूप में भी देखा जा सकता है। असफलताओं को पहचानना गठबंधन को मजबूत कर सकता है और समर्थकों को स्थानीय मुद्दों पर काबू पाने की इसकी क्षमता में विश्वास करने में मदद कर सकता है।

बैठक में, गठबंधन ने पांच-सूत्रीय योजना पर सहमति व्यक्त की। इस योजना में चुनावी हेरफेर के बारे में भारत के मुख्य न्यायाधीश को लिखना और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग करना शामिल है।

2024 के लोकसभा चुनावों में, इंडिया ब्लॉक ने भाजपा की सीटों की संख्या को कम करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। अब, भाजपा अपना बहुमत बनाए रखने के लिए जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी जैसे सहयोगियों पर निर्भर करती है, जो इस बात को रेखांकित करता है कि राजनीतिक शक्ति हमेशा बदलती रहती है।

कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में हुई हालिया बैठक, जिसमें ममता बनर्जी जैसे नेताओं ने भाग लिया, एक नवीनीकृत समझौते पर पहुंचने पर केंद्रित थी। इस योजना को संचार में सुधार करने, हर 2 महीने में बैठकों का कार्यक्रम बनाने और अर्थव्यवस्था और बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए संयुक्त रणनीति विकसित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

हालांकि कुछ आंतरिक संघर्ष और द्रमुक तथा आम आदमी पार्टी (आप) जैसे प्रमुख खिलाड़ियों का नुकसान हुआ है, फिर भी गठबंधन के पास एक मजबूत आधार है। जून में तब एक झटका लगा, जब कांग्रेस ने तमिलगा वेट्ट्री कझगम के साथ गठबंधन किया, जिससे कुछ सदस्य परेशान हो सकते हैं लेकिन यह नवीनीकरण का कारण भी बन सकता है।


**कल्याणी शंकर**

हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान गठबंधन के भीतर विभाजन सामने आए जो स्पष्ट हो गए थे। कुछ पार्टियों ने खुद को अलग-अलग पक्षों में पाया। दक्षिण की एक महत्वपूर्ण सांझेदार द्रमुक ने तमिलनाडु विधानसभा चुनावों पर असहमति के कारण बैठक में भाग नहीं लिया। फिर कांग्रेस ने द्रमुक के साथ अपनी सांझेदारी समाप्त कर दी और चुनाव के बाद तमिलगा वेट्ट्री कझगम के साथ हाथ मिला लिया।

अपने लगभग 15 मिनट के भाषण में, राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' जैसे मुद्दों पर समर्थन न करने के लिए कुछ सांझेदारों के प्रति निराशा व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करने वाली पार्टियों की भी आलोचना की। राहुल गांधी ने सहयोगियों को एक-दूसरे को कमजोर करने के प्रति आगाह किया और देश और संविधान की खातिर भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "मैं आपको बता दूं, अगर हम एक साथ खड़े होते हैं और विरोध करते हैं तो उन्हें हराना आसान है।"

समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव कांग्रेस से मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्रीय दलों के महत्व को पहचानने का आग्रह कर रहे थे।

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, "17 अप्रैल, 2026 को, ब्लॉक ने मोदी सरकार के हानिकारक परिसीमन विधेयकों को हराने के लिए लोकसभा में एकजुटता दिखाई। अब उसे सरकार के कुशासन से उत्पन्न होने वाली राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और विदेश नीति की चुनौतियों से निपटने के लिए इस भावना को मजबूत करना होगा।"




बढ़ती बेरोजगारी और मुद्रास्फीति जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों को संबोधित करना महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार को इन मुद्दों पर चर्चा करने और मिलकर काम करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

मॉनसून सत्र के दौरान, संसद में समन्वय में सुधार करना एक शीर्ष प्राथमिकता होगी। विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय में दैनिक बैठकें होंगी। इंडिया गठबंधन ने हर 2 महीने में मिलने पर सहमति व्यक्त की है, अगली बैठक अगस्त में हैदराबाद में होने की योजना है।

इंडिया ब्लॉक का भविष्य विविध राजनीतिक विचारों को एकीकृत करने, प्रभावी चुनावी रणनीतियों को विकसित करने और क्षेत्रीय पहुंच कार्यक्रमों और नीति सुधारों जैसी पहलों को आगे बढ़ाने की उसकी क्षमता पर निर्भर करता है। मतदाताओं के साथ संबंध मजबूत करना और जमीनी स्तर के आंदोलनों का समर्थन करना आवश्यक है। ब्लॉक असहमति का प्रबंधन और सहयोग कैसे करता है, यह उसकी प्रभावशीलता को आकार देगा।

जबकि इंडिया ब्लॉक के सामने चुनौतियां हैं, इसमें क्षमता भी है। लगभग 23 पार्टियों को बनाए रखना एक मजबूत नींव दिखाता है जो पतन को रोक सकता है। हालांकि द्रमुक और 'आप' जैसे प्रभावशाली क्षेत्रीय खिलाड़ियों को खोना कठिनाइयां प्रस्तुत करता है, गठबंधन की एकता और मतदाताओं के साथ जुड़ाव की प्रतिबद्धता इसे भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करती है।

जहां तक भविष्य की बात है, यह स्पष्ट है कि इंडिया ब्लॉक की रणनीतियां, एकता और जवाबदेही हमारे समुदायों की जरूरतों को संबोधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह क्षण एक साथ बढ़ने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करता है, हालांकि, विपक्ष के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह खुद को वास्तव में फिर से नया करे, ताकि लोगों द्वारा सामना की जा रही वर्तमान वास्तविकताओं से जुड़ सके। गठबंधन की भविष्य की सफलता जून 2026 में किए गए पांच-सूत्रीय समझौते पर सांझेदारों के टिके रहने पर निर्भर करती है। इस योजना का उद्देश्य सहयोग, चुनाव की तैयारी और एकता में सुधार करना है, जो एक साथ काम करने के महत्व को उजागर करता है।

kalyani60@gmail.com

# अब किराए पर गर्लफ्रैंड

**आम** तौर पर लोग जब बाजार जाते हैं, तो उन्हें सामान उठाने में परेशानी होती है। पिछले दिनों एक खबर आई थी कि अब बाजारों में ऐसे लोग उपलब्ध हैं, जो किराए पर आपका सामान ढो सकते हैं। किराया प्रति घंटे के हिसाब से होता है। जब रोजगार न हो तो इस तरह के काम भी पैसे कमाने के साधन बन सकते हैं। इन्हें स्टार्टअप भी कहा जा सकता है। सामान उठाने वाले को पैसे मिल गए और खरीदने वाले को उसे उठाने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ी। हो सकता है कि कल घंटे के मुकाबले सामान के भार के हिसाब से किराया तय हो।

इसी तरह की एक और खबर ने ध्यान खींचा कि अब यदि किराए पर महिला मित्र चाहिए, तो वह भी मिल सकती है। डेटिंग वैबसाइटस या एप्स की तरह इसके लिए भी ऐसी ही एक साइट है। नाम है टूलीमैडली। अर्से से बताया जा रहा है कि इसके यूजर की संख्या 90 लाख से अधिक हो गई है। एक और है-रैंट ए फ्रैंड। और भी कई होंगी। इनके जरिए किसी को सिंगल, सुंदर, ऐसी महिला मित्र मिल सकती है, जो आपकी भावनाओं को समझती हो। आपके भरोसे को बनाए रख सकती हो। उसे आपकी आदतों से परेशानी न हो। लड़ाई-झगड़ा न करती हो। हर बात की शिकायत न करती हो। वह ऐसी हो जिसके बारे में हमेशा आपने स्वप्न देखे हैं। हां इसमें एक शर्त यह है कि उससे आप किसी प्रकार की शारीरिक इंटीमेसी नहीं रख सकते। रैंट ए ब्वॉयफ्रैंड भी चलन में है। जिगेलो तो अपने यहां न जाने कब से पाए जाते हैं। एक साइट पर घोषणा की गई है कि क्या आपको किराए पर पार्टनर चाहिए? कहीं कोई आयोजन हो रहा हो, किसी शादी में जाना हो, यात्रा करनी हो या नैटवर्किंग करनी है तो हमारी सेवाएं लीजिए।

लेकिन महिला मित्र पाने के लिए पैसे देने होंगे। लड़की आपकी हर तरह से केयर करेगी, यानी कि यह काम वैसा ही होगा, जैसे कि दफ्तर में काम करते वक्त आपको टारगेट्स पूरे करने पड़ते हैं। इसी की तनख्वाह भी मिलती है। यहां बहुत सी लड़कियों के चित्र भी देखे जा सकते हैं। इनमें से बहुत सी उच्च शिक्षित हैं। तरह-तरह के कामों से जुड़ी हैं, जैसे कि इंजीनियर, मेकअप आर्टिस्ट, अध्यापिका। बहुत सी लड़कियां ऐसे सवाल भी कर रही हैं कि किराए की गर्लफ्रैंड बनने के लिए मुझे क्या करना होगा? मेरी सुरक्षा का ध्यान कैसे रखा जाएगा? भुगतान कैसे मिलेगा? लड़के भी सवाल पूछ रहे हैं कि किराए पर गर्लफ्रैंड लेने का आइडिया कैसा है? क्या सचमुच इस तरह पैसा खर्च करना ठीक है? कई पुरुष इस बात का विरोध भी कर रहे हैं कि भावनाओं का इस तरह से बाजारीकरण नहीं होना चाहिए।


**क्षमा शर्मा**

रैंट ए गर्लफ्रैंड नाम से एक जापानी टी.वी. सीरीज भी आ चुकी है। इसमें एक लड़के को उसकी महिला मित्र छोड़ देती है, तब वह किराए की मित्र ले आता है। इस सीरीज की लोगों ने बहुत आलोचना भी की थी।

कई बार लगता है कि इन दिनों जिनके पास पैसा है, वे प्यार को खरीद सकते हैं, लेकिन जिनके पास पैसा नहीं है, वहां प्यार कुछ अलग तरह से पलता है। पिछले दिनों बिहार में 19 साल का लड़का 50 साल की महिला को कोलकाता से भगा कर ले आया। बिना पति से तलाक हुए शादी भी कर ली। जब इस महिला से पूछा गया कि आप अपने 5 बच्चों को छोड़ कर, अपने बच्चे की उम्र के लड़के के साथ भाग आईं, तो बच्चों का कोई दुख नहीं, तो महिला बोली कि बच्चे जानें, उनका बाप जाने, हमने तो जिससे प्यार किया, अब तो उसी के हो लिए। पाकिस्तान की सीमा हैदर का केस भी आप भूले नहीं होंगे।



बहुत से लोग फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रोन की पत्नी का उदाहरण देते हैं, कि वह भी तो उनसे 20 साल बड़ी हैं। वह शादीशुदा थीं, उनके भी 3 बच्चे थे।

अक्सर अतिशयोक्ति में कहा जाता था कि इन दिनों पैसे से भावनाएं भी खरीदी जा सकती हैं लेकिन अब यह वास्तविक रूप में हो भी रहा है। कुछ लोग अपनी इन महिला मित्रों से शादी भी कर रहे हैं। दशकों पहले हिंदी में एक फिल्म बनी थी- पैसा या प्यार, जिसमें पैसे के मुकाबले प्यार का महत्व बताया गया था। लेकिन आज का नारा है कि पैसा है तो प्यार है। यूं भी सच्चाई यह है कि जीवन की आपाधापी में, चुनौतियों से जूझते हुए प्यार कितने दिन चल सकता है? फिर ऐसी साइट्स के होते यह भी कोई जरूरी नहीं कि आप एक ही महिला मित्र के पल्लू से बंधे रहें। ऐसी बातें लिखते हुए अजीब सा भी लग रहा है लेकिन जो बदल रहा है, उसके बारे में सोचना भी पड़ता है।

कार्पोरेट में एस्कार्ट या सहचरी का चलन अर्से से रहा है। बिजनैस टूर्स पर जाने के वक्त इन महिलाओं को लोग अपने साथ ले जाते रहे हैं। ये स्त्रियां भी अपने इस काम की भारी-भरकम फीस लेती हैं। महिलाएं काल गर्ल्स और सैक्स वर्कर्स भी होती हैं। बहुत सी लड़कियां अतिरिक्त आय के लिए ऐसे धंधे में आती हैं। लेकिन किराए की महिला मित्र बनने पर एक शर्त लड़कियों के लिए अच्छी है कि वे किसी भी प्रकार के शारीरिक संबंध नहीं बनाएंगी।

kshamasharma1@gmail.com

# 'ग्रीन बिल्डिंग' : जलवायु संकट का एक बड़ा समाधान

**मानव** सभ्यता के विकास का सबसे महत्वपूर्ण चरण वह था, जब मनुष्य ने घुमंतू जीवन को त्यागकर स्थायी रूप से बसना प्रारम्भ किया। तभी से उसने ऐसे सुरक्षित और आरामदायक स्थानों का निर्माण करना शुरू किया, जहां वह अपने परिवार के साथ रह सके, प्राकृतिक आपदाओं और मौसम की मार से बच सके तथा जीवन को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ा सके। समय के साथ ये आवास घर, कार्यालय, विद्यालय और अन्य भवनों के रूप में विकसित हुए। आज मनुष्य अपने जीवन का अधिकांश समय भवनों के भीतर ही व्यतीत करता है। इसलिए भवन केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि हमारे जीवन, स्वास्थ्य और पर्यावरण को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं।

सामान्यत: हम भवन को ईंट, सीमैंट, लोहे और कंक्रीट से बनी एक संरचना मानते हैं लेकिन वास्तव में भवन उससे कहीं अधिक है। यह एक ऐसा वातावरण है, जो हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। किसी भी भवन के 3 प्रमुख घटक होते हैं-संरचना, आधारभूत सुविधाएं और उसका वातावरण। ये तीनों मिलकर उसमें रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता निर्धारित करते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, एक व्यक्ति अपने जीवन का लगभग तीन-चौथाई समय घर या अन्य भवनों के भीतर बिताता है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि हमारे भवन केवल सुविधाजनक ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक और पर्यावरण-अनुकूल भी हों।

यहीं से ग्रीन बिल्डिंग या हरित भवन की अवधारणा सामने आती है। जब भी कोई भवन बनाया जाता है, वह प्राकृतिक भूमि के एक हिस्से को स्थायी रूप से घेर लेता है। इसके परिणामस्वरूप हरित क्षेत्र कम होते हैं, ऊर्जा की खपत बढ़ती है और पर्यावरण पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ग्रीन बिल्डिंग का उद्देश्य इस प्रभाव को न्यूनतम करना और प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करना है। यह ऐसी इमारत होती है, जिसका डिजाइन, निर्माण और संचालन पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता तथा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग को ध्यान में रखकर किया जाता है।


**गीतांजलि मेहरा**

भारतीय संस्कृति और दर्शन में प्रकृति को सदैव सर्वोच्च स्थान दिया गया है। हमारे शास्त्रों के अनुसार सम्पूर्ण सृष्टि पंचमहाभूतों-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से निर्मित है। भवन निर्माण भी इन 5 तत्वों के संतुलित उपयोग पर आधारित होना चाहिए। यदि इन प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया जाएगा तो पर्यावरणीय संकट बढ़ेगा, जबकि उनका संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग भवन को अधिक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बना सकता है। ग्रीन बिल्डिंग की अवधारणा इसी संतुलन को स्थापित करने का प्रयास करती है।

ग्रीन बिल्डिंग के निर्माण में पुनर्चक्रित और पुन: उपयोग योग्य सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसी इमारतों में प्राकृतिक प्रकाश और वायु के अधिकतम उपयोग पर बल दिया जाता है, जिससे ऊर्जा की खपत कम हो। वर्षा जल संचयन, सौर ऊर्जा का उपयोग, ऊर्जा-कुशल उपकरण, जल संरक्षण तथा हरित परिदृश्य इसका अभिन्न हिस्सा होते हैं। भवन के आसपास ऐसे पौधे लगाए जाते हैं, जिन्हें कम पानी की आवश्यकता होती है और जो स्थानीय जलवायु के अनुरूप हों। इससे भवन का तापमान नियंत्रित रहता है तथा पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



हरित भवनों के लाभ बहुआयामी हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से ये वायु और जल की गुणवत्ता में सुधार करते हैं, प्रदूषण कम करते हैं तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सहायता करते हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से इनमें रहने वाले लोगों को स्वच्छ वायु, पर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश और अधिक स्वस्थ वातावरण प्राप्त होता है, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। आर्थिक दृष्टि से ये बिजली और पानी की खपत कम करके संचालन लागत को घटाते हैं। साथ ही, ऐसे भवनों में रहने और काम करने वाले लोगों की उत्पादकता तथा कार्यक्षमता भी बढ़ती है। सामाजिक स्तर पर हरित भवन शहरों की सुंदरता बढ़ाते हैं, स्थानीय संसाधनों पर दबाव कम करते हैं और सतत् विकास की संस्कृति को प्रोत्साहित करते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मौजूदा भवनों को भी आसानी से ग्रीन बिल्डिंग में बदला जा सकता है। वर्षा जल संचयन की व्यवस्था, सौर ऊर्जा का उपयोग, एल.ई.डी. प्रकाश व्यवस्था, प्राकृतिक रोशनी और वैंटिलेशन को बढ़ावा देना, छतों पर हरित उद्यान विकसित करना तथा दीवारों पर वर्टिकल गार्डन लगाना जैसे सरल उपाय किसी भी भवन को अधिक पर्यावरण-अनुकूल बना सकते हैं। इसके साथ ही कचरे के पुनर्चक्रण और ऊर्जा ऑडिट जैसी प्रक्रियाएं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, तब ग्रीन बिल्डिंग केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गई है। यह मानव जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के साथ-साथ पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित रखने का प्रभावी माध्यम है। आने वाला समय हरित भवनों का है। यदि हम आज से ही अपने घरों और कार्यस्थलों को पर्यावरण-अनुकूल बनाने का संकल्प लें, तो हम एक स्वस्थ, सुंदर और टिकाऊ भविष्य की नींव रख सकते हैं।

@geetanjali1980

# क्या हम अपनी पसंद के व स्वस्थ बच्चे पैदा करने के करीब हैं?

**चीन** में एक शोधकर्त्ता ने 2018 में खुलासा किया था कि उन्होंने 3 जीन-संपादित बच्चे पैदा करने के लिए क्रिसपर (CRISPR) का इस्तेमाल किया था। उनके इस कदम की जीव विज्ञानियों द्वारा लगभग सार्वभौमिक रूप से निंदा की गई थी। मुख्य आपत्ति यह नहीं थी कि जीन-संपादित बच्चे पैदा करना अपने आप में गलत है, बल्कि यह थी कि इस्तेमाल की गई क्रिसपर विधि सुरक्षित नहीं थी और इसमें हानिकारक म्यूटेशन (उत्परिवर्तन) होने का बहुत अधिक जोखिम था।

अब, अमरीका में एक टीम ने क्रिसपर के एक उन्नत रूप का उपयोग किया है, जिसे बेस एडिटिंग के रूप में जाना जाता है, ताकि स्वस्थ भ्रूणों को संपादित किया जा सके और दिखाया है कि यह अवांछित म्यूटेशन पैदा किए बिना किया जा सकता है। तो क्या हम अब उस बिंदू पर हैं जहां हम इस तकनीक के उपयोग की अनुमति देने पर विचार कर सकते हैं? इसका जवाब है नहीं, क्योंकि एक बड़ी बाधा अभी भी बनी हुई है।

हमारा डी.एन.ए. 2 स्ट्रैंड्स (लड़ियों) से बना होता है। क्रिसपर का जो पहला रूप विकसित किया गया था, वह कैस9 नामक प्रोटीन का उपयोग करता है, जो गाइड आर.एन.ए. के एक टुकड़े के साथ जुड़ता है, जो इसे जीनोम में एक विशिष्ट स्थान खोजने में मदद करता है। एक बार वहां पहुंचने पर, कैस9 दोनों स्ट्रैंड्स को काट देता है। जब एक कोशिका नुकसान की मुरम्मत करने की कोशिश करती है, तो वह अक्सर गलतियां करती है, जिससे छोटे म्यूटेशन होते हैं जो जीन को अक्षम कर सकते हैं। डी.एन.ए. के कटे हुए सिरे गलत जगहों पर दोबारा जुड़ जाते हैं, जिससे बड़े म्यूटेशन और गुणसूत्र (क्रोमोसोम) संबंधी असामान्यताएं हो जाती हैं।

**माइकल ली पेज**

लेकिन क्रिसपर के कई बेहतर रूप विकसित किए गए हैं। उदाहरण के लिए, क्रिसपर बेस एडिटर्स एक सिंगल डी.एन.ए. अक्षर को दूसरे में बदल देते हैं और प्रक्रिया के दौरान डी.एन.ए. का केवल एक ही स्ट्रैंड कटता है। इसलिए बेस एडिटिंग का उपयोग बहुत कम गड़बड़ी की संभावना के साथ सटीक मुरम्मत करने के लिए किया जा सकता है।

लेकिन भ्रूणों को संपादित करना बीमारियों के इलाज से बहुत अलग है। वयस्कों में, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि जीन एडिटिंग हर कोशिका में पूरी तरह से काम नहीं करती है। अक्सर बीमारी के इलाज के लिए लिवर की केवल 5वें हिस्से (1/5) की कोशिकाओं को सफलतापूर्वक संपादित करने की आवश्यकता होती है। हालांकि, मानव भ्रूण में, जीन एडिटिंग को पूरी तरह से काम करना पड़ता है, क्योंकि वह भ्रूण शरीर की प्रत्येक कोशिका को जन्म देगा। 2017 में, चीन की एक टीम ने आई.वी.एफ. के दौरान विसंगतियों के कारण फैंके गए मानव भ्रूणों का उपयोग करके एक छोटे से अध्ययन में आशाजनक परिणाम दर्ज किए थे। उन्होंने पाया कि बेस एडिटिंग ने लगभग हर भ्रूण में वांछित बदलाव किए, जिसमें बहुत कम अवांछित बदलाव हुए।

अब, न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय के डाइटर एगली और उनकी टीम ने माता-पिता द्वारा दान किए गए स्वस्थ दो-कोशिका वाले भ्रूणों का उपयोग करके एक बड़ा अध्ययन किया है, जिसके मोटे तौर पर समान परिणाम मिले हैं। टीम ने 2 बदलाव करने की कोशिश की। एक बदलाव तीन-चौथाई कोशिकाओं में सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें कोई अवांछित बदलाव नहीं हुआ। दूसरे बदलाव ने केवल लगभग आधी कोशिकाओं में काम किया और अक्सर अवांछित बदलावों का कारण बना। बेहतर डिजाइन और गाइड आर.एन.ए. के परीक्षण के साथ, उनका कहना है कि ऑफ-टार्गेट प्रभावों से बचना संभव होना चाहिए।



लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह थी कि बेस एडिटिंग हर भ्रूण की हर कोशिका में काम नहीं करती थी, एक ऐसी समस्या, जिसे 'मोजेसिज्म' कहा जाता है। यदि एक मोजेक भ्रूण एक बच्चे के रूप में विकसित होता है, तो उसके शरीर की केवल कुछ कोशिकाओं में ही वांछित बदलाव होगा, जिसका अर्थ है कि वे अभी भी उस बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं, जिसे रोकने के लिए जीन एडिटिंग की गई थी। चीन में बड़े हो रहे 3 जीन-संपादित बच्चे भी मोजेक हो सकते हैं।

इसके साथ समस्या यह है कि वर्तमान में यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं है कि जीन-संपादित भ्रूण मोजेक है या नहीं। जब किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चे के पैदा होने का खतरा होता है, तो आनुवांशिक परीक्षण के लिए आई.वी.एफ. भ्रूण से एक एकल कोशिका निकाली जा सकती है। यह जीन-संपादित भ्रूणों के साथ भी किया जा सकता है लेकिन यदि भ्रूण मोजेक हैं, तो केवल एक कोशिका का परीक्षण करना पर्याप्त नहीं है।

एक तरीका जीन-संपादित शुक्राणु या अंडों का उपयोग करना हो सकता है। यदि एडिटिंग अंडाणु के निषेचित होने और विभाजित होने से पहले की जाती है, तो कोई मोजेसिज्म नहीं होना चाहिए। इंसानों में ऐसा नहीं किया गया लेकिन हाल ही में एक स्टार्टअप ने दावा किया है कि वह लैब में स्पर्म स्टैम सैल्स से स्पर्म बना सकता है और अगर यह सच है, तो उन स्पर्म स्टैम सैल्स को जीन-एडिट करना संभव होना चाहिए।

वह दृष्टिकोण हमें उस बिंदू पर पहुंचाने में मदद कर सकता है, जहां हम सुरक्षित रूप से बच्चों को जीन-एडिट कर सकते हैं। लेकिन क्या हमें ऐसा करना चाहिए, यह एक दूसरा सवाल है।

## दुश्मनों को सजा न देना

*उसे मना कर गुरूर उसका बढ़ा न देना,*
*वो सामने आए भी तो उसको सदा न देना।*
*खुलूस को जो खुशामदों में शुमार कर लें,*
*तुम ऐसे लोगों को तोहफतन भी वफा न देना।*
*वो जिस की ठोकर में हो संभलने का दर्स शामिल,*
*तुम ऐसे पत्थर को रास्ते से हटा न देना।*
*सजा गुनाहों की देना उसको जरूर लेकिन,*
*वो आदमी है तुम उसकी अज्मत घटा न देना।*
*जहां रिफाकत हो फित्ना-पर्दाज मौलवी की,*
*बहिश्त ऐसी किसी को मेरे खुदा न देना।*
*'कतील' मुझको यही सिखाया मिरे नबी ने,*
*कि फतह पा कर भी दुश्मनों को सजा न देना।*

**—कतील शिफाई**

पंजाब केसरी
चंडीगढ़, R.N.I. Regd. No. CHAHIN/2023/83786
जालन्धर हैड ऑफिस: 0181-5067200/1, 2280104/7.
फैक्स : 0181-2280111-14, 5063750, 5030036.
विज्ञापन : 0181-5067263, 5067253.
advt@punjabkesari.in, news@thepunjabkesari.com
सर्कुलेशन : 0181-5067251, 98151-65655.
चंडीगढ़ कार्यालय: 0172-5065025, 5065026, 5036394-95-96-97-98. 0172-5036393, 5035141.
स्वत्वाधिकारी हिंद समाचार लिमिटेड सिविल लाइन्स, जालन्धर के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक दर्पण कुमार* द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस 7, 8, 9, 10 सैक्टर-25 डी, चंडीगढ़ से मुद्रित तथा प्रकाशित।
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।

# पंजाब की नुहार बदलेगा हरियाणा का विकास मॉडल : नायब सिंह सैनी

जालंधर, 15 जून (रमनदीप सिंह सोढी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया है। भाजपा अपने शासनकाल की उपलब्धियों और नीतियों के आधार पर आगामी विधानसभा चुनावों में पंजाब में अपनी सरकार बनाने का दावा कर रही है।

इसको लेकर भाजपा ने अभी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं और राज्य में अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। पंजाब में भाजपा के सबसे सक्रिय नेताओं में से एक हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 'पंजाब केसरी' को विशेष साक्षात्कार दिया, जिसमें उन्होंने केंद्र और हरियाणा सरकारों द्वारा जन कल्याण के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए पंजाब की जनता से भाजपा सरकार बनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब की राजनीति से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। पेश हैं साक्षात्कार के मुख्य अंश -

## 'पंजाब से ही होगा मुख्यमंत्री'

**नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि भाजपा का उम्मीदवार भी पंजाब से होगा और मुख्यमंत्री भी पंजाब के ही नेता को बनाया जाएगा। विपक्ष द्वारा दूसरी पार्टियों के नेताओं को भाजपा में शामिल करने को लेकर दिए गए बयानों का जवाब देते हुए सैनी ने कहा कि हमारी पार्टी सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। अगर कोई हमारी पार्टी में शामिल होना चाहता है, तो हम उसका स्वागत करते हैं। विपक्ष हर मुद्दे पर जनता को गुमराह करने की कोशिश करता है।**



**• हरियाणा में आपकी सरकार की क्या उपलब्धियां हैं?**

पिछले 12 वर्षों में हरियाणा में बहुत बड़ा बदलाव आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा के गांवों और शहरों की नुहार बदली गई है। भाजपा ने संकल्प पत्र में जो भी वादे किए थे, उन्हें लगातार पूरा किया गया है। आज हरियाणा औद्योगिक विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ी प्रगति की है। इसके साथ ही भाजपा किसानों के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है।

किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के लिए मुआवजा दिया जा रहा है। भाजपा सरकार एम.एस.पी. में हर साल 50 प्रतिशत की वृद्धि कर रही है। हमारी सरकार ने चुनाव में किसानों से वादा किया था कि हम पूरी फसल एम.एस.पी. पर खरीदेंगे और हमने यह वादा पूरा किया है। हरियाणा पहला राज्य है जहां किसानों की पूरी फसल एम.एस.पी. पर खरीदी जा रही है।

अगर किसानों को मंडी में फल या सब्जी बेचने में नुकसान होता है, तो हरियाणा सरकार उसकी भरपाई कर रही है। अब हरियाणा के किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

पराली जलाने पर किसानों को दोषी ठहराने की बजाय, हरियाणा सरकार ने उन्हें पराली प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनरी और मुआवजा दिया, जिस कारण हरियाणा में पराली जलाने के मामलों में काफी कमी आई है। हमने किसानों को 1.20 लाख बेलर दिए और पराली न जलाने पर प्रति एकड़ 1200 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी। परिणाम यह है कि हरियाणा में पराली जलाने के मामले 90% तक कम हो गए हैं और आने वाले समय में 100% किसान पराली जलाना बंद कर देंगे।

वहीं, पंजाब में ऐसी व्यवस्था के अभाव में पिछले 5 वर्षों में पराली जलाने के मामले 3 गुना बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए नसीहत दी कि वह भी हरियाणा से सीख लेकर ऐसी योजना बनाए। मैं एक किसान परिवार से हूं और बचपन से ही किसानों की समस्याओं को करीब से देखता आया हूं।

**• किसान आंदोलन के दौरान किसानों में भाजपा प्रति जो आक्रोश था, क्या वह समाप्त हो गया है?**

हमारा एक की मुद्दा है कि हमारे किसान सशक्त और समृद्ध होने चाहिए। हम सब एक ही उद्देश्य से काम करते हैं। यदि किसी मुद्दे पर मतभेद हैं, तो उनका समाधान केवल आपसी बातचीत से ही हो सकता है।

किसान देश की मजबूती के लिए काम करता है, वह भारत माता से प्यार करता है। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में वादा किया था कि हम एम.एस.पी. पर फसलें खरीदेंगे, लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ है। यहां तक कि जिन 2 फसलों (गेहूं और धान) की खरीद केंद्र सरकार कर रही है, उनके लिए भी पंजाब सरकार उचित व्यवस्था नहीं कर रही है।

वहीं हरियाणा में हम अपने वादे के मुताबिक 24 में से 24 फसलें एम.एस.पी. पर खरीद रहे हैं। क्षेत्रीय फसलों को एम.एस.पी. पर खरीदने का काम राज्य सरकार का है। इसके लिए नीति और प्रतिबद्धता दोनों की आवश्यकता है। इसी तरह महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने, युवाओं को रोजगार देना, नशे को खत्म करने के वादे किए गए थे, लेकिन जनता से वोट मिलने के बाद ये वादे पूरे नहीं हुए।

'आप' ने चुनाव के दौरान बुढ़ापा पैंशन बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन पैंशन में वृद्धि तो दूर बल्कि बुजुर्गों को पुरानी पैंशन के अनुसार हर महीने 1500 रुपए भी नहीं मिल रहे हैं और उन्हें पैंशन के लिए कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं हरियाणा में हम बुजुर्गों को 3200 रुपए पैंशन दे रहे हैं।

**• विपक्ष भाजपा पर ई.डी. के दुरुपयोग का आरोप लगाती है, क्या कहेंगे?**

वे अपनी खामियों को छुपाने के लिए ऐसी बातें कहते हैं। ई.डी. एक स्वतंत्र एजैंसी है जो अपना कर्त्तव्य निभाती है। जब भी ई.डी. को भ्रष्टाचार की जानकारी मिलेगी है तो वह निश्चित रूप से कार्रवाई करेगी। वे चाहते हैं कि कांग्रेस के शासन की तरह ई.डी. आंखें बंद करके बैठी रहे और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में ई.डी. की आंखें पूरी तरह खुली हैं और भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाशत नहीं किया जाएगा। जब ई.डी. ने चंडीगढ़ में छापेमारी की तो पंजाब के लोगों ने खुद टावर से नोटों से भरे बैग गिरते देखे, यह सारा पैसा भ्रष्टाचार से आया है। जो आम आदमी पार्टी के सदस्य 'कट्टर ईमानदार' होने का दावा करते थे, पर उनके विधायक और मंत्री जेल तक जा रहे हैं।

**• स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में आपकी क्या उपलब्धियां हैं?**

ये योजनाएं केंद्र सरकार के सहयोग से चलाई जाती हैं। इसीलिए हम केंद्र और राज्य सरकार को 'डबल इंजन' सरकार कहते हैं। हरियाणा में हमने केंद्र की 'आयुष्मान योजना' में 'चिरायु योजना' को जोड़ा है। हरियाणा की 3 करोड़ आबादी में से 1.5 करोड़ लोगों के पास आयुष्मान और चिरायु कार्ड हैं, जिनसे वे एक साल में 5 लाख रुपए तक का इलाज करा सकते हैं।

पंजाब के 'मोहल्ला क्लीनिकों' में तो डॉक्टर भी नहीं बैठते, जबकि हरियाणा में गरीब आदमी बड़े अस्पताल में जाकर इलाज करा सकता है। हरियाणा के सभी सरकारी अस्पतालों और मैडीकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। हरियाणा के 17 जिलों में मैडीकल कॉलेज बन रहे हैं और पंजाब में सरकार बनने पर हम हर जिले में मैडीकल कॉलेज खोलेंगे।

शिक्षा क्षेत्र की बात करें तो हमने विशेष तौर पर लड़कियों की उच्च शिक्षा को लेकर हर 20 किलोमीटर की दूरी पर एक कॉलेज बनवाया है ताकि लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने में कोई परेशानी न हो। इसी प्रकार हर मंडल में पी.एम. श्री स्कूल बने और हर 10 किलोमीटर पर संस्कृत मॉडल स्कूल बनवाए। इस बजट में हमने हर 5 किलोमीटर पर सी.एम. ई-स्कूल बनाने की भी घोषणा की है।

## पगड़ी सियासत नहीं, बल्कि सम्मान और संस्कृति का प्रतीक है

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि पगड़ी सिर्फ एक पहनावा नहीं, बल्कि सम्मान, गौरव, साहस और संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने विरोधियों के इस दावे को खारिज कर दिया कि भाजपा पगड़ी बांधकर पंजाब विरोधी सोच वाले लोगों को पंजाब भेजती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को पंजाब विरोधी कहना तथ्यों से परे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने, साहिबजादों की स्मृति में 'वीर बाल दिवस' मनाने और विश्व भर में गुरु परंपरा के प्रति सम्मान बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं।

ये कदम सिख समुदाय के प्रति पार्टी के सम्मान को दर्शाते हैं। सरकार ने राज्य स्तर पर श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वां शहीदी समागम भी राज्य स्तर पर मनाया, जिसमें स्वयं प्रधानमंत्री ने भाग लेकर गुरु साहिब को नमन किया।

इस अवसर पर मैंने विद्यालयों में सिख गुरुओं का इतिहास पढ़ाने की घोषणा की थी। अब हमने हरियाणा में 8वीं कक्षा के इतिहास पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं का इतिहास शामिल कर लिया है। यह कदम गुरुओं द्वारा दी गई समानता, सेवा, करुणा और सामाजिक न्याय की शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि पगड़ी को राजनीतिक नजरिए से देखने की बजाय, इसकी गरिमा और सम्मान को समझना चाहिए।

## पंजाब की राजनीतिक स्थिति को किस नजरिए से देखते हैं?

**पंजाब** की जनता देख रही है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ही पंजाब का भला कर सकती है। इससे पहले कांग्रेस सरकार ने पंजाब की जनता से किए वादे पूरे नहीं किए।

'आप' ने भी पिछले चुनावों में जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। इन्होंने जनता का विश्वास तोड़ा है। पंजाब की जनता ने अब मन बना लिया है कि जिस तरह कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था, उसी तरह 'आप' को भी सत्ता बाहर किया जाएगा और भाजपा की सरकार बनाई जाएगी। पंजाब का उद्योग लंबे समय से पंजाब छोड़कर जा रहा है। मैंने खुद उद्योगपतियों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि जब पंजाब में भाजपा सरकार बनेगी, तो उन्हें पंजाब छोड़कर किसी दूसरे राज्य में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पंजाब के लोगों को पंजाब में ही रोजगार मिलेगा और उन्हें रोजगार की तलाश में अपने परिवार को छोड़कर विदेश जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## चर्चा है कि केवल ढिल्लों को पंजाब भाजपा का अध्यक्ष बनाने के लिए सिफारिश आपने की है?

**हमारी** पार्टी एक संगठनात्मक पार्टी है। कोई भी निर्णय लेने से पहले उच्च स्तर पर विचार-विमर्श होता है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक व्यक्ति के नेतृत्व वाली पार्टियां हैं, जहां निर्णय लेने का अधिकार केवल एक व्यक्ति के पास होता है। लेकिन भाजपा में निर्णय इस तरह नहीं लिए जाते।

कई स्तरों पर विचार-विमर्श के बाद ही निर्णय लिया जाता है। मेरी या किसी अन्य व्यक्ति की सिफारिश पर किसी को कोई पद नहीं मिलता, बल्कि पूरी पार्टी और जनता की सहमति से ही फैसले लिए जाते हैं।

## 24 फसलों पर दिया जा रहा एम.एस.पी.

- कृषि मशीनरी पर मुआवजा प्रदान कर रहे हैं।
- 1.5 करोड़ लोगों को आयुष्मान और चिरायु कार्ड जारी किए गए।
- 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज
- 2 लाख युवाओं को रोजगार मिला
- हम बुजुर्गों को 3200 रुपए की पैंशन दे रहे हैं।
- 17 जिलों में मैडीकल कॉलेज बनाए जाएंगे
- सिख इतिहास को 8वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

## 2 लाख युवाओं को मिला रोजगार

**युवाओं** को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ, हमारी सरकार हरियाणा के युवाओं को 'बिना सिफारिश या रिश्वत के' रोजगार भी दे रही है। 12 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। इसके अलावा युवाओं को डंकी रूट से विदेश जाने से रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। इसके लिए हमने विदेश सहयोग विभाग बनाया है, जो आवश्यकतानुसार विदेशों में साक्षात्कार आयोजित करता है और युवा केवल टिकट के पैसे खर्च करके विदेश जा रहे हैं।

इसके साथ ही हरियाणा में एक नई औद्योगिक नीति भी शुरू की गई है, क्योंकि हम चाहते हैं कि युवाओं को यहां रोजगार मिले। हमने 5 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य रखा था और नई नीति के लागू होने के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपए के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। आने वाले समय में कई उद्योग हरियाणा में स्थापित होने वाले हैं। इसके अलावा हम युवाओं को नशे से बचाने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं।

## भाजपा पंजाब की जनता के साथ करेगी गठबंधन

**जब** मुख्यमंत्री से अकाली दल के साथ गठबंधन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया कि हमारा गठबंधन पंजाब की जनता के साथ है। पंजाब की जनता चाहती है कि हमने सभी को मौका देकर देख लिए अब वे भाजपा को समय देना चाहते हैं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि अगर पंजाब के लोग एक बार भाजपा की सरकार बनाएंगे, तो हम इतना काम करेंगे कि वे भाजपा को बार-बार चुनेंगे। हम किसानों के सशक्तिकरण, महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं के रोजगार और गरीबों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए काम करेंगे।

लोग इस बात की चर्चा भी कर रहे हैं कि पंजाब की तरक्की केवल नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही हो सकती है और पंजाब एक बार फिर नंबर 1 राज्य बन सकता है।

# नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में नंबर-1 बना हरियाणा

### नैशनल क्रिमिनल लॉज डैशबोर्ड पर हरियाणा शीर्ष स्थान पर, सभी समन इलैक्ट्रॉनिक रूप से, ई-चार्जशीट की स्वीकार्यता 90 प्रतिशत से ज्यादा

चंडीगढ़, 15 जून (बंसल): हरियाणा में अब सभी न्यायालय समन कोर्ट इंफॉर्मेशन सिस्टम (सी.आई.एस.) के माध्यम से इलैक्ट्रॉनिक रूप से जारी किए जा रहे हैं, जो कागजरहित न्याय प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस और न्यायालय प्रणालियों के सफल एकीकरण के परिणामस्वरूप नए आपराधिक कानूनों के तहत ई-चार्जशीट की स्वीकार्यता 90 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जिससे आपराधिक जांच और अभियोजन प्रक्रिया में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ी है।

साथ ही राज्य ने प्रौद्योगिकी आधारित पुलिसिंग और न्यायिक प्रक्रियाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत की है।

ये उपलब्धियां सोमवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नैटवर्क एवं सिस्टम्स (सी.सी.टी. एन.एस.) तथा इंटरऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आई.सी.जे.एस.) की 33वीं राज्य स्तरीय शीर्ष समिति (एस.ए.सी.) की बैठक में सामने आईं।



*हरियाणा के चीफ सैक्रेटरी अनुराग रस्तोगी चंडीगढ़ में क्राइम और क्रिमिनल ट्रैकिंग नैटवर्क और सिस्टम पर 33वीं एस.ए.सी. मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए। (संजय कुर्ल)*

## हरियाणा ने नैशनल न्यू क्रिमिनल लॉज डैशबोर्ड पर पहला स्थान सुनिश्चित किया : अजय सिंघल

पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बताया कि हरियाणा ने 7 जून, 2026 से नैशनल न्यू क्रिमिनल लॉज डैशबोर्ड पर पहला स्थान सुनिश्चित किया है। इसके अलावा, जून 2021 से पिछले 59 महीनों के दौरान राज्य 44 बार इस डैशबोर्ड पर शीर्ष स्थान पर रहा है। अप्रैल 2026 में हरियाणा ने प्रगति डैशबोर्ड पर भी प्रथम स्थान हासिल किया।

हरियाणा पुलिस नागरिक केंद्रित सेवाओं के माध्यम से राइट टू सर्विस (आर.टी.एस.) डैशबोर्ड पर 10 में से 10 अंक प्राप्त कर रही है। निर्धारित समय-सीमा के भीतर 88.84 लाख से अधिक नागरिक आवेदनों का निपटान किया गया, जिससे हरियाणा पुलिस राज्य के सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक सेवा प्रदाता विभागों में शामिल हो गई है।

## आई.सी.जे.एस. 2.0 प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 34 करोड़ रुपए की मंजूरी

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने विभाग के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी हितधारकों को इस गति को बनाए रखने, लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने तथा पुलिसिंग, जांच और न्याय वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक हितैषी बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए। बैठक में आई.सी.जे.एस. 2.0 के तहत पुलिस अवसंरचना के आधुनिकीकरण पर भी बल दिया गया।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने हरियाणा में आई.सी.जे.एस. 2.0 प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 34 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की है, जो राज्य के डिजीटल परिवर्तन कार्यक्रम के व्यापक स्वरूप को दर्शाता है।

# एच.सी.एस. प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट दोबारा होगा जारी

### हाईकोर्ट ने एच.पी.एस.सी. को दिए आदेश

चंडीगढ़, 15 जून (गम्भीर) : पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सिविल सेवा (एच.सी.एस.) भर्ती-2026 की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम को लेकर बड़ा फैसला सुनाते हुए हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) को रिजल्ट दोबारा तैयार कर जारी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक (ई.एस.एम.), दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक (डी.ई.एस.एम.) और उनके आश्रितों को प्रारंभिक परीक्षा में प्राथमिकता देना भर्ती विज्ञापन की शर्तों के विपरीत था।



जस्टिस संदीप मौदगिल ने एक अभ्यर्थी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता ने 26 अप्रैल 2026 को आयोजित एच.सी.एस. प्रारंभिक परीक्षा के 4 मई को घोषित परिणाम को चुनौती दी थी।

सुनवाई के दौरान एच.पी.एस.सी. ने दलील दी कि परिणाम राज्य सरकार की आरक्षण नीति और भर्ती विज्ञापन के अनुरूप घोषित किया गया है। आयोग का कहना था कि आरक्षित वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए प्राथमिकता मानदंड लागू किए गए। हालांकि हाई कोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया।

# जांच एजैंसी को मनमाफिक जवाब न देना गैर-सहयोग नहीं : हाईकोर्ट

चंडीगढ़, 15 जून (गम्भीर): पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि जांच में सहयोग का अर्थ यह नहीं है कि आरोपित जांच एजैंसी को वही जवाब दे, जिसकी उससे अपेक्षा की जा रही हो। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को आत्म-अभियोगी बयान देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

इसी आधार पर कोर्ट ने फरीदाबाद के एक धोखाधड़ी और जालसाजी मामले में महिला आरोपित को अग्रिम जमानत प्रदान कर दी। जस्टिस मंदीप पन्नू ने कहा कि जांच में सहयोग का वास्तविक अर्थ जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना और जांच प्रक्रिया में शामिल रहना है। केवल जांच एजैंसी की अपेक्षाओं के अनुरूप उत्तर न देने को गैर-सहयोग नहीं माना जा सकता।

मामला उस महिला की अग्रिम जमानत याचिका से जुड़ा था, जिसे निचली अदालत ने यह कहते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था कि उसने जांच में सहयोग नहीं किया। जांच एजैंसी का आरोप था कि महिला ने एक विवादित बिक्री समझौते के गवाह और हस्ताक्षरकर्ता के संबंध में संतोषजनक जानकारी नहीं दी।

हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद पाया कि महिला के खिलाफ गैर-सहयोग का आधार केवल यह था कि उसने जांच एजैंसी के मनोनुकूल जवाब नहीं दिए।




मुख्यमंत्री सैनी ने घटनास्थल पर पहुंचकर दुकानों के हुए नुक्सान का किया अवलोकन

# रोहतक आगजनी के पीड़ितों को 10 लाख, व्यापारियों को भी मिलेगी आर्थिक सहायता

चंडीगढ़, 15 जून (बंसल): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रोहतक के डी-पार्क क्षेत्र में गत 9 जून को हुई भीषण आगजनी की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने प्रभावित बाजार का दौरा कर दुकानदारों से संवाद किया तथा दुकानों को हुए नुक्सान का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने आगजनी में मृतक अमन कुमार पुत्र जगदीश, रोहित खुराना तथा कपिल कुमार के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आग से भारी नुक्सान झेलने वाले प्रतिष्ठानों को भी मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दी जाएगी।

दौरे के उपरांत मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जानकारी के अनुसार ए.सी. में शॉर्ट-सर्किट के कारण आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और अनेक प्रतिष्ठानों को अपनी चपेट में ले लिया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस दुखद घटना में अमन कुमार, रोहित खुराना तथा कपिल कुमार की मृत्यु हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए परमपिता परमात्मा से अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



मृतक के परिजनों से मुलाकात के दौरान सी.एम. नायब सैनी। कुर्ल

## सैनी बोले- सरकार पीड़ितों के साथ से खड़ी है

सैनी ने कहा कि सरकार भीषण आगजनी के पीड़ित परिवारों और व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा मानव जीवन की क्षति की भरपाई संभव नहीं है, फिर भी राज्य सरकार पीड़ित परिवारों और प्रभावित व्यापारियों की हर संभव सहायता करेगी। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना में प्रभावितो को 5 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने फायर ब्रिगेड विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि आग लगने के तुरंत बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया था। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने लगभग 6-7 घंटे तक लगातार प्रयास कर आग पर काबू पाया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय डी पार्क पर गत 9 जून को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले तीनों व्यक्तियों अमन, रोहित खुराना व कपिल कुमार के निवास स्थान पर पहुंचकर गहरा दुख प्रकट किया और शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया

### रेहड़ी-फड़ी वालों की भी की जाएगी पूरी मदद

नायब सैनी ने कहा कि आनंद फ्रूट जूस की संचालिका मीना कुमारी पत्नी टेकचंद तथा सहगल फ्रूट जूस के संचालक मुकेश को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी, रेहड़ी एवं छोटे कारोबारियों को भी राहत प्रदान की जाएगी। अन्नपूर्णा भोजनालय को 50 हजार रुपए, किचन ऑन व्हील्स के संचालक गौरव को 50 हजार रुपए तथा क्लॉथ खोखा एवं नारियल पानी के संचालक नीरज को 50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद राज्य सरकार अतिरिक्त सहायता और मुआवजे के संबंध में भी आवश्यक निर्णय लेगी।

## मुख्यमंत्री ने किया विभागीय पत्रिका 'जल संजीवनी' का विमोचन

चंडीगढ़, (बंसल): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा निवास में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की जानकारी प्रदेश के नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से विभागीय पत्रिका 'जल संजीवनी' के प्रथम संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, उद्योग एवं वाणिज्य तथा सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जल संजीवनी' पत्रिका विभाग की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह प्रकाशन न केवल नागरिकों को विभाग की विभिन्न जनहितकारी पहलों से अवगत कराएगा, बल्कि जल संरक्षण, जल सुरक्षा तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पत्रिका विभाग की जनहितकारी पहलों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विभाग के इस प्रयास की सराहना की।

# प्रदर्शन या रैली से पहले प्रदेश कार्यालय से लें अनुमतिः राव नरेन्द्र

### पूर्व प्रदेश प्रभारी के निर्देशों के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने जारी किया चेतावनी पत्र

चंडीगढ़, 15 जून (बंसल): कांग्रेस के भीतर कुछ न कुछ चलता ही रहता है, इस बार नया मामला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र द्वारा जारी किया गया चेतावनी पत्र है, जिसमें पूर्व प्रदेश प्रभारी बी.के हरिप्रसाद के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। अब सवाल उठता है कि प्रदेशाध्यक्ष को चेतावनी पत्र क्यों जारी करना पड़ गया। बी. के. हरिप्रसाद ने निर्देश जारी किए थे कि प्रदेश में किसी भी धरना, प्रदर्शन, रैली, अनशन या अन्य राजनीतिक कार्यक्रम के आयोजन से पहले प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।



कार्यक्रमों में लगाए जाने वाले बैनर, पोस्टर और प्रचार सामग्री में नेताओं के चित्र भी संगठनात्मक वरिष्ठता और प्रोटोकाल के अनुसार ही लगाने होंगे। हरिप्रसाद ने कर्नाटक कांग्रेस का अध्यक्ष बनने से एक दिन पहले ही यह व्यवस्था लागू की थी कि प्रदेश में कोई भी बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम बिना पूर्व अनुमति आयोजित नहीं किया जाएगा। इस पत्र का कांग्रेस नेताओं द्वारा विरोध जताया गया था। नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने इस पत्र पर सवाल उठा दिए थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पत्र में स्पष्ट लिखा है कि पहले जारी निर्देशों का समुचित पालन नहीं हो रहा है। इसलिए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को इन्हें गंभीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि संगठनात्मक अनुशासन, समन्वय और गरिमा बनी रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम के आयोजन से पहले उसकी सूचना जिलाध्यक्षों के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भेजनी होगी।

### हरियाणा के मुद्दों से ध्यान हटाकर पंजाब की राजनीति में क्यों व्यस्त हैं मुख्यमंत्री?: राव नरेंद्र

चंडीगढ़, (बंसल): हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि मुख्यमंत्री हरियाणा की समस्याओं से अधिक पंजाब की राजनीति में रुचि ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता यह जानना चाहती है कि हरियाणा में किसानों, युवाओं, कर्मचारियों, व्यापारियों और आम नागरिकों से जुड़े गंभीर मुद्दों को छोड़कर मुख्यमंत्री का ध्यान बार-बार पंजाब की ओर क्यों केंद्रित हो रहा है। राव नरेंद्र ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, किसानों की समस्याएं और विकास कार्यों से जुड़े अनेक प्रश्न आज भी समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश सरकार इन चुनौतियों का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करने में असफल रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री का अधिकांश समय पड़ोसी राज्य की राजनीति में व्यतीत होना उनकी प्राथमिकताओं पर सवाल खड़ा करता है।

## धरना, प्रदर्शन और रैली करने पर रोक लगाना भाजपा सरकार का तुगलकी फरमानः चौटाला

### 25 सितंबर को स्व. देवीलाल की जयंती पर करेंगे बड़ी रैली

चंडीगढ़, (बंसल): इनैलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि 10 जून को हरियाणा सरकार की तरफ से रैली, धरना प्रदर्शन आदि पर लगाई रोक प्रजातंत्र के खिलाफ है। पुराने वक्त में राजा महाराजा ऐसे एक तरफा फैसला करते थे, लेकिन प्रजातंत्र में जनता से पूछ कर फैसले किए जाते हैं।



वह आज पार्टी प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता के नुक्सान और फायदे के आकलन के बाद ऐसे आदेश जारी होने चाहिए। इस तरह का एक तरफा फैसला लोकतंत्र का गला घोटना है। इस आदेश को जारी करने के बाद सरकार का दोहरा चरित्र जनता के सामने आ गया है। एक तरफ भाजपा की नवनियुक्त अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने पूरे प्रदेश के दौरे का प्रोग्राम बनाया है। वहीं खुद मुख्यमंत्री सैनी और उनकी कैबिनेट के कई सदस्य पूरे लाव लश्कर के साथ आजकल पंजाब में चुनावी प्रचार पर हैं। हरियाणा में राजनीतिक दलों पर धरना-प्रदर्शन रैलियों पर रोक लगाकर खुद प्रचार कर रहे हैं।

सरकार में दम है तो रोक कर दिखाए :हिसार जिले के चैनत गांव में सैकड़ों लोग पानी के लिए धरना दे रहे हैं। सरकार ने बिना पूछे खेतों में से पाइपलाइन बिछा दी लेकिन गांव को पानी नहीं दिया। हम सरकार को खुला चैलेंज देते हैं कि 25 सितम्बर को देवीलाल की जयंती पर बड़ी रैली करेंगे जिसमें लाखों की संख्या में लोग आएंगे। किसी में हिम्मत हो तो रोक कर दिखाएं। तब हम बताएंगे कि लोकतंत्र क्या होता है। सरकार अजीब तरह की रोक लगाकर किसानों और व्यापारियों को भी परेशान कर रही है। अब 200 लीटर से ज्यादा का डीजल नहीं मिलेगा।

# पढ़ेंगे तो जानेंगे

## लुक्समैक्सिंग Looksmaxxing

चर्चित शब्द



### यानी अपनी शारीरिक बनावट और आकर्षण को अधिकतम स्तर तक सुधारना

मैं यह इंटरनेट और सोशल मीडिया पर युवा पुरुषों के बीच इस्तेमाल होने वाला लोकप्रिय स्लैंग शब्द है। यह दो शब्दों लुक्स और मैक्समाइज से मिलकर बना है। इस तरह अपने रंग-रूप को अधिकतम स्तर तक सुधारने या फिट होने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह शब्द खुद को ज्यादा आकर्षक और सुंदर बनाने के जुनून को दर्शाता है। लुक्समैक्सिंग के लिए कुछ युवा अपने ऊपर घातक प्रयोग भी कर रहे हैं।

**चर्चा में क्यों :** पिछले दिनों लोकप्रिय लुक्समैक्सिंग इन्फ्लुएंसर क्लैविकलर लाइवस्ट्रीम के दौरान बेहोश हो गया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसने एक्स पर पोस्ट किया कि वह आकर्षक दिखने के लिए खतरनाक पदार्थों का सहारा ले रहा था। इस पर फॉक्स न्यूज की चर्चा में मेडिकल विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताई और बताया कि लुक्समैक्सिंग के लिए युवा न सिर्फ टेस्टोस्टेरोन सप्लीमेंट्स और स्टेरॉयड ले रहे हैं, बल्कि हथौड़े से अपने चहरे की हड्डी तोड़कर सीधे अस्पताल पहुंच रहे हैं ताकि नई हड्डी ज्यादा मजबूत और सपाट हो। इस चर्चा ने युवाओं के इस खतरनाक जुनून के बारे में समाज में एक नई चिंता पैदा कर दी है।

### हीनभावना से उपजा ट्रेंड

मीडिया सर्वे रिपोर्ट के अनुसार सोशल मीडिया पर परफेक्ट चेहरों को देखकर 13 से 24 वर्ष के लड़कों में अपनी बनावट को लेकर गहरी हीनभावना पैदा होने लगी है। वे हर हाल में खुद को परफेक्ट दिखाना चाहते हैं। लुक्समैक्सिंग शब्द का जन्म तो 2014-15 के आसपास इंटरनेट के कुछ गुप्त और बंद मंचों पर हुआ था। एक दशक तक गुमनाम रहने के बाद 2024 में यह शब्द टिकटॉक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर एक वायरल ट्रेंड बना।

# शिरोमणि अकाली दल और भाजपा सरकार पंजाब के हित में: गिल

सरे (कनाडा), 15 जून (इंट.): पंजाब की पंथक पार्टी शिरोमणि अकाली दल (बादल) के वरिष्ठ नेताओं का डेलीगेशन सरे पहुंचा। डेलीगेशन में अकाली नेता बरजिंदर सिंह मक्खन बराड़, परमजीत सिंह ढिल्लों, गुरप्रीत सिंह झब्बर, सतविंदर पाल सिंह धत्त, हरजाप सिंह संघा, जसप्रीत सिंह महला व एडवोकेट राजकंवर सिंह शामिल थे।

प्रवासी समुदाय की मशहूर संस्था 'कनाडा-इंडिया फाऊंडेशन' ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर संस्था ने डिनर पार्टी रखी, जिसमें रूलिंग लिबरल पार्टी के 2 सांसद सुख धालीवाल और गुरबख्श सिंह सैनी शामिल हुए। फाऊंडेशन के प्रधान मनिंदर सिंह गिल ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल ने अपने 106 साल के लंबे इतिहास में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि अकाली दल 2027 में शानदार वापसी करेगा और राज्य और पंथ की तरक्की के लिए काम करेगा। गिल ने कहा कि प्रवासी समुदाय हमेशा की तरह शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है, शिअद और भाजपा सरकार पंजाब के हित में है। 1984 से अब तक फ़ाऊंडेशन ने हमेशा कनाडा में सीनियर अकाली और भाजपा लीडरशिप का खुले दिल से स्वागत किया है।



डिनर पार्टी दौरान मौजूद गण्यमान्य।

## राजस्थान विस की लोक लेखा समिति ने हरियाणा विस अध्यक्ष से की भेंट

चंडीगढ़, 15 जून (बंसल): राजस्थान विधान सभा की लोक लेखा समिति (पब्लिक अकाऊंट्स कमेटी) के सदस्यों ने सोमवार को हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विधायी एवं संसदीय विषयों पर सार्थक चर्चा की। समिति के 9 सदस्य अपने चेयरपर्सन टीकाराम जुली के नेतृत्व में हरियाणा विधान सभा के अध्ययन दौरे पर आए हुए हैं। टीकाराम जुली राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं।

बैठक दौरान दोनों राज्यों की विधान सभाओं की कार्यप्रणाली, संसदीय परम्पराओं, समितियों की भूमिका तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े विषयों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। समिति के सदस्यों ने राजस्थान विधान सभा में अपनाई जा रही विभिन्न विधायी प्रक्रियाओं, नियमों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी साझा की, वहीं हरियाणा विधान सभा की नवाचार आधारित पहलों एवं कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। टीकाराम के अनुसार वहां की कमेटी में सदस्यों की उपस्थिति लगभग पूरी होती है। सदस्य होमवर्क करके समितियों की बैठकों में आते हैं। इस कारण से उनके प्रश्न प्रभावशाली होते हैं।

## हरियाणा विधानसभा परिसर में होगा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम

चंडीगढ़, 15 जून (बंसल): हरियाणा विधान सभा परिसर में मंगलवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, बड़ी संख्या में विधायक, योग आयोग के चेयरमैन योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य, उपाध्यक्ष डॉ. रोशन लाल, रजिस्ट्रार डा. राजकुमार वैद्य हिस्सा लेंगे। इस दौरान डा. जयदीप आर्य के नेतृत्व में योग आयोग के प्रशिक्षक रमेश भाटी और डा. जसप्रीत कौर हरियाणा विधान सभा, हरियाणा महाधिवक्ता कार्यालय और प्रदेश सरकार के दूसरे विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को योग अभ्यास करवाएंगे।


**पोस्टग्रेजुएट इंस्टीच्यूट ऑफ मैडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च चंडीगढ़**

**शुद्धिपत्र**

प्रशासनिक कारणों से, निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर का कार्यक्रम इस प्रकार दोबारा तय किया गया है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बोली जमा करवाने की अंतिम तिथि और समय | मूल ईएमडी जमा करवाने की अंतिम तिथि और समय | पात्रता बोली खोलने की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सैक्टर-12, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में रिहायशी इलाके, हॉस्टल इलाके और रिसर्च ब्लॉक ए और बी की सीवर लाइन और मैनहोल की एक साल तक सफाई का काम - अखबारों में NIT NO. PGI/Engg/HE/C-I/2026/157 के तहत प्रकाशित। | 17.06.2026 को सायं 4.00 बजे तक | 18.06.2026 को सायं 4.00 बजे तक | 19.06.2026 को सायं 3.00 बजे |
| 2 | संजीवनी हॉस्टल, सैक्टर 12, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में बैडमिंटन कोर्ट का पुनर्निर्माण (संयुक्त काम) (एसएचः- सिविल और इलेक्ट्रिकल काम)- अखबार में NIT NO. PGI/Engg/HE/C-I/2026/162 के तहत प्रकाशित। | 17.06.2026 को सायं 4.00 बजे तक | 18.06.2026 को सायं 4.00 बजे तक | 19.06.2026 को सायं 3.00 बजे |

बाकी नियम और शर्तें वैसी ही रहेंगी। PGI/RC/Advt./2026/HR-000351 हॉस्पिटल इंजीनियर, सिविल डिवीजन I

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. स. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य का नाम निविदा सूचना | प्रारंभ तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | बोर्ड निगम/ प्राधि. की वैबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएचएस घासो में 04 एसीआर और सीढ़ियों का निर्माण; और जीएसएसएस काहसुन ब्लॉक उचाना, जिला जींद में 4 एसीआरएस शैड, टॉयलैट्स (लड़कों और लड़कियों के लिए), बाऊंड्री वॉल, मेन गेट, बड़ी मुरम्मत, किचन और एसैंबली एरिया का निर्माण तथा अन्य काम + 3 काम। | 12.06.2026 22.06.2026 | 4,90,39,313/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in देखें। PRDH/13/2027/60/46256/I/218/4

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. स. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य का नाम निविदा सूचना | प्रारंभ तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | बोर्ड निगम/ प्राधि. की वैबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | करनाल के इंडस्ट्रियल एस्टेट के सैक्टर-3 और 3ए में जैटिंग और सक्शन मशीन से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज और सीवर लाइनों (रोड गली चैंबर सहित) की डी-सिल्टिंग सफाई | 11.06.2026 17.06.2026 | 14,87,120/- | https://etenders.hry.nic.in | 01842221175 ia.karnal@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | कुरुक्षेत्र के सैक्टर-2 इंडस्ट्रियल एरिया में जैटिंग और सक्शन मशीन से स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज और सीवर लाइनों (रोड गली चैंबर सहित) की डी-सिल्टिंग/सफाई। | 11.06.2026 17.06.2026 | 5,20,290/- | https://etenders.hry.nic.in | 01842221175 ia.karnal@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in देखें। PRDH/13/2027/60/46239/I/218/4

**NOTICE INVITING E-TENDERING**

The Executive Engineer JSV Division Hamirpur invites following tenders on behalf of Governor of Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following work(s) through e- tendering Process:-

| S. No | Name of work. | Estimated Cost. | Earnest Money. | Cost of Tender | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Running and Maintenance of Sewerage Scheme to ward No. 11 Hamirpur Town at Lalhari in Tehsil & Distt. Hamirpur (SH:- Operation and maintenance of complete sewer net work manholes chamber, flushing tanks and STP of 0.57 MLD for 3 years period ) | 1,18,83,232/- | 1,93,832/- | 5000 | 3 Year |
| 2 | Annual Running and Maintenance of Sewerage Scheme to Hamirpur Town Zone No. II at Kakroo in Tehsil & Distt. Hamirpur (H.P) (SH:- Operation and maintenance of complete sewer net work manholes chamber, flushing tanks and STP 1.35 MLD for 3 years period). | 1,58,00,126/- | 2,33,001/- | 5000 | 3 Year |

Last date of filing/ uploading the tender through e- tendering 22.06.2026 up to 11.00 AM The tender forms and other detailed conditions can be obtained from the website www.hptenders.gov.in. .

1155/15-06-2026 Executive Engineer, JS Division Hamirpur

**सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र**
**(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)**
**प्लाट नं. 15 ए, सैक्टर 7, द्वारका, नई दिल्ली-110075**

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार

**संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट व्यक्तियों को अध्येतावृत्ति (फैलोशिप) प्रदान करने की योजना वर्ष 2026-27**

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्कृति से संबंधित प्रदर्शनकारी, दृश्यकला/रूपंकर व साहित्यिक कलाओं तथा नए क्षेत्रों में शोध-उन्मुख परियोजनाओं के परिचालन हेतु कनिष्ठ एवं वरिष्ठ अध्येतावृत्ति के लिए ऑफलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है।

कृपया ध्यान दें कि वर्ष 2026-27 हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं, जो दिनांक 15 जून, 2026 से प्रभावी होंगे। इस वर्ष प्रदान की जाने वाली कनिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या 200 तथा वरिष्ठ अध्येतावृत्तियों की संख्या भी 200 निर्धारित की गई है। योजना का विस्तृत विवरण, आवेदकों हेतु दिशा-निर्देश, पात्रता एवं शर्तें तथा आवेदन-पत्र का प्रारूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सी.सी.आर.टी.) की निम्नलिखित वैबसाइटों पर उपलब्ध हैं :

www.indiaculture.nic.in & www.ccrtindia.gov.in

आवेदन पत्र सिर्फ ऑफलाइन माध्यम द्वारा स्वीकार किए जाएंगे।

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन-पत्र को डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से सीसीआरटी, नई दिल्ली के उपर्युक्त पते पर जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 है।

CBC09127/11/0005/2627

**ऑल इंडिया बाबा सैन भगत एवं ऑल इंडिया ठाकुर सभा सलारपुर रोड कुरुक्षेत्र की कालिजियम सदस्यों के चुनाव से संबंधित**

No. 1 Special Dtd. 16-06-2026

सभी सदस्यगण, ऑल इंडिया बाबा सैन भगत एवं ऑल इंडिया ठाकुर सभा सलारपुर रोड कुरुक्षेत्र आपको सूचित किया जाता है कि ऑल इंडिया बाबा सैन भगत एवं ऑल इंडिया ठाकुर सभा सलारपुर रोड कुरुक्षेत्र कालिजियम के सदस्यों का चुनाव रविवार दिनांक 02.08.2026 को ऑल इंडिया बाबा सैन भगत एवं ऑल इंडिया ठाकुर सभा सलारपुर रोड कुरुक्षेत्र में होना सुनिश्चित हुआ है।

**चुनाव कार्यक्रम का विवरण**

| | |
|---|---|
| वोटर लिस्ट जारी करने की तिथि | : मंगलवार, 16.06.2026 प्रातः 11.30 बजे (जोकि मुख्य द्वार के साथ पर लगाई जाएगी।) |
| आपत्तियां प्राप्त करना | : बुधवार 17.06.2026 प्रातः 10.00 बजे से 01.06.2026 दोपहर 12.30 बजे दोपहर बाद तक (आपत्तियां जिला रजिस्ट्रार कार्यालय में Patition Shape मे दी जा सकती हैं) |
| आपत्तियों का निपटान | : वीरवार, 02.07.2026 से 03.07.2026 प्रातः 10.00 बजे से 3.00 बजे दोपहर बाद तक |
| संशोधित सूची का प्रकाशन | : शुक्रवार, 03.07.2026 को 3.00 बजे दोपहर बाद तक |
| नामांकन दाखिल करने की तिथि | : मंगलवार, 07.07.2026 से 08.07.2026 प्रातः 10.00 बजे व 3.00 बजे दोपहर बाद तक |
| नामांकन जाँच की तिथि | : बुधवार, 08.07.2026 को 3.00 बजे दोपहर बाद तक |
| नामांकन वापस लेने की तिथि | : मंगलवार, 14.07.2026 प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक |
| चुनाव चिन्ह आवंटन की तिथि | : मंगलवार, 14.07.2026 दोपहर 12.00 बजे बाद |
| चुनाव तिथि | : रविवार, 02.08.2026 प्रातः 10.00 बजे से 4.00 बजे सायं |
| चुनाव परिणाम | : रविवार, 02.08.2026 गिनती के तुरन्त बाद |

आप सभी माननीय सदस्यों से निवेदन है कि हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन आफ सोसायटीज एक्ट 2012 के अनुसार सोसायटी के आम चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने हेतु सदस्य को अपना आधार कार्ड या सोसायटी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। नामांकन पत्र के साथ एक शपथ पत्र तथा नामांकन पत्र पर फोटो लगाना अनिवार्य है। नामांकन पत्र व शपथ पत्र का प्रारूप किसी भी कार्य दिवस को प्रशासक से फोन करके (9416476561) या मुख्य द्वार प्रबंधक रूम से प्राप्त किया जा सकता है।

नामांकन करने व वोट डालते समय प्रत्येक सदस्य को अपना आधार कार्ड या सोसायटी द्वारा जारी पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है। अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार चुनाव प्रक्रिया में भाग ले। फिर भी यदि अगर कोई समस्या है तो उपरोक्त नम्बर पर या रिटर्निंग ऑफिसर श्री विनय पाल जी (9729154130) से संपर्क कर सकते हैं।

1. उपरोक्त की एक कापी जिला रजिस्ट्रार फर्म व सोसायटी कुरुक्षेत्र को प्रेषित है। **चुनाव अधिकारी एवं प्रशासक**

**राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण, हरियाणा,**
पुरानी पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) बिल्डिंग, सैक्टर-19 बी, चंडीगढ़
फोन नंबर 0172-2772244, मोबाइल नंबर 7888338787
ई-मेल आईडीः spca.haryana@nic.in.
वैबसाइटः spcahry.nic.in

**विज्ञापन**

राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण, हरियाणा, केंद्र सरकार, राज्य सरकार या केंद्र या राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले किसी भी बोर्ड, निगम, कम्पनी या अन्य एजैंसी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों से 01 असिस्टैंट (ग्रुप 'सी' पद) के अस्थायी स्वीकृत पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है; यह नियुक्ति हरियाणा सरकार द्वारा जीएमडीए रेगुलेशन 6, सब-क्लॉज (ii) 2018 के तहत स्वीकृत प्रक्रिया के अनुसार की जाएगी।

आवेदक के पास पद के लिए संबंधित अनुभव होना चाहिए और उसने कम से कम 10 वर्षों तक सेवा की हो। आवेदक के खिलाफ कोई चार्जशीट लंबित नहीं होनी चाहिए और उसकी आयु 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

आवेदक को साक्षात्कार (इंटरव्यू) के समय चरित्र-सह-सेवा प्रमाण पत्र सहित सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

इच्छुक और पात्र व्यक्ति आधिकारिक ईमेल spca.haryana@nic.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं या कार्यालय के पतेः चेयरपर्सन, राज्य पुलिस शिकायत प्राधिकरण हरियाणा, पुरानी पीडब्ल्यूडी बीएंडआर बिल्डिंग, सैक्टर 19बी, चंडीगढ़ पर अपने आवेदन ऑफलाइन जमा कर सकते हैं।

आवेदन 26.06.2026 तक कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए।

-हस्ताक्षर-
चेयरपर्सन एसपीसीए, हरियाणा

PRDH/1084/11/4927/2027/46271/218/4

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य का नाम निविदा सूचना | प्रारंभ तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी लगभग रुपए में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वैबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | पानीपत के पुराने इंडस्ट्रियल एरिया में सीईटीपी के लिए क्यूएए के साथ सूचीबद्ध कंसल्टेंट की नियुक्ति, कंसल्टेंसी सेवाएँ और फीजिबिलिटी रिपोर्ट। | 12.06.2026 18.06.2026 | - | https://etenders.hry.nic.in | 8558829530 ia.panipat@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in देखें। PRDH/13/2027/40/46251/I/218/4

**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The **Executive Engineer, Bhoranj Division HPPWD, Bhoranj** on behalf of Governor of H.P invites the Item rate/ Percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class for the works as detailed below on the table:-

| Sr. No. | Name of Work | Estimated cost (In Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Starting date for downloading Bid | Deadline for submission of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Balance work of C/O New Bus Stand at Bhoranj ( SH:- C/O Rain Harvesting Tank & Parking/Ground ) ( Deposit Work) | 59,00,769/- | 1,18,000/- | 18-06-2026 | 23-06-2026 |

The bidders are advised to note all details of tenders, from the department website

HIM SUCHANA AVAM JAN SAMPARK

Executive Engineer, Bhoranj Division, HPPWD Bhoranj, Pin Code 176045
Tel. No. 01972-266099, e-mail : eepwd-bhoranj-hp@gov.in
on behalf of Governor of HP.

1166/15.06.2026

PMGSY Tenders

**Himachal Pradesh**
**Public Works Department**
**SECTION 1**
**Superintending Engineer, 11th Circle HPPWD., Rampur Bsr.**
**(Name of authority inviting bids)**
**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

1 The Superintending Engineer, 11th Circle, HPPWD., Rampur Bsr on behalf of Government invites the percentage rate bids, in electronic tendering system, for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana- IV, Batch-I of 2025-26 for each of the following works including their maintenance for five years from the eligible and approved contractors registered with HPPWD/CPWD/P&T, Railways/other State Govts /Central Govt agencies. Non-registered bidders may submit bids; however, the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authorities before signing the contract.

| Sr. No. | Distt. | Package No. | Name of the work | Estimated Cost (Rs. Lakh) excluding GST | | Total Cost (Rs. Lakh) excluding GST | Period of Completion (in days) | Bid Security (Rs.Lakh) | Cost of Bid Form (Non refundable) (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Construction | Routine Maintenance | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Shimla | HP-09-834 | C O Lahru to Kharela road Km 0.000 to 5.000 HP09834 | 710.94 | 48.98 | 759.92 | 540 | 15.20 | 10000 |

2. Dateof release of Invitation for Bids through e-procurement: 18.06.2026
3. **Cost of Bid Form:** As per amount mentioned in the table against each package/job (non-refundable) through online mode only on website pmgsytendershp.gov.in/ in favour of Executive Engineer, Nankhari HP.PWD., Nankhari District Shimla HP.
4. **Availability of Bid Document and mode of submission:** The bid document is available online and bid should be submitted online on website www.pmgsytenders.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA). "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e- tendering in PMGSY may obtain the same from the website: www.pmgsytenders.gov.in
Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the valid digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender.
*Non-registered bidders may submit bids; however, the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authorities before signing the contract.
5. **Submission of Original Documents:** The bidders are required to submit (a) Receipt of the cost of bid document submitted online and (b) Receipt of bid security deposited online and (c) original affidavit regarding correctness of information furnished bid document as per provisions of Clause 4.4B(a)(ii)of ITB with Superintending Engineer, 11th Circle HPPWD., Rampur Bsr on a date not later than three working days after the opening of technical qualification part of the Bid, either by registered post or by hand.
6. Last Date/ Time for receipt of bids through e-tendering: **06.07.2026 upto 1030 hours.**
7. The site for the work is available.
8. Only online submission of bids is permitted, therefore; bids must be submitted online on website www.pmgsytenders.gov.in. The technical qualification part of the bids will be opened online at 1100 hours (time) on **06.07.2026** (date) by the authorized officers. If the office happens to be closed on the date of opening of the bids as specified, the bids will be opened online on the next working day at the same time.
9. The bidder is not required to quote his rate for routine maintenance. The rates to be paid for routine maintenance are indicated in the Bill of Quantities. Further, the payment for routine maintenance to the contractor shall be regulated based on his performance of maintenance activities.
10. The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than ninety days after the deadline date for bid submission.
11. Bidders may bid for any one or more of the works mentioned in the Table above. To qualify for a package of contracts made up of this and other contracts for which bids are invited in the same NIT, the bidder must demonstrate having experience and resources sufficient to meet the aggregate of the qualifying criteria for the individual contracts.
12. Other details can be seen in the bidding documents. The Employer shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

The undersigned has right to extend or cancel the tender without declaring any reason.

**Signature and Designation of the Authority Inviting Bids for and on behalf of Governor of H.P.**
**Superintending Engineer**
**11th Circle HPPWD.,**
**Rampur Bushahr**
**Distt. Shimla (HP)**
**Tel: 01782-233044**
**Email ID- hp-shi1@nic.in**

1156/15.06.2026

### कैश मार्कीट में एफ.आई.आई. और डी.आई.आई. की स्थिति

| तिथि | एफ.आई.आई | डी.आई.आई |
|---|---|---|
| 15 जून 2026 प्रोविजनल | 143.370 | 2,875.26 |

(रकम करोड़ रुपए में)

**सैंसेक्स** 76,264.33 (+736.38)

**निफ्टी** 23,853.90 (+231.00)

| बीएसई टॉप-5 गेनर्स | |
|---|---|
| AARTIIND | 12.99% |
| KALYANKJIL | 11.13% |
| GABRIEL | 10.28% |
| AURIONPRO | 10.09% |
| SCHNEIDER | 10.00% |

| बीएसई टॉप-5 लूजर्स | |
|---|---|
| SENSEXBETA | 05.30% |
| AUROPHARMA | 04.43% |
| OLAELEC | 03.63% |
| ASTERDM | 03.34% |
| ZEEL | 03.33% |

| खेती जिंस | |
|---|---|
| काबली चना | 5900-10200 |
| सरसों का तेल | 2600-2950 |
| सन फ्लावर | 2750-2800 |

| कमोडिटी | |
|---|---|
| क्रूड- | $ 80.35 |
| निक्कल- | ₹ 1,750.00 |
| नैचुरल गैस- | ₹ 289.30 |

एक्सचेंज दर

| | Buy | Sell |
|---|---|---|
| $ | 94.71 | 95.80 |
| £ | 127.03 | 128.05 |
| € | 109.98 | 110.78 |
| C$ | 67.75 | 68.50 |
| AU$ | 66.96 | 67.65 |

| रेट 15 जून | दिल्ली | मुंबई | कोलकाता | चेन्नई | चंडीगढ़ | हरियाणा | पंजाब |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पैट्रोल | 102.12 | 111.21 | 113.51 | 107.74 | 101.54 | 103.28 | 105.56 |
| डीजल | 95.20 | 97.83 | 99.82 | 99.66 | 89.47 | 95.94 | 95.47 |

| यूरोपीय बाजार | FTSE | DAX | CAC |
|---|---|---|---|
| | 10,437.23 | 24,927.00 | 8,396.40 |
| | -0.33% | +1.17% | +0.54% |

| एशियाई बाजार | Nikkei | Straits Times | Shanghai |
|---|---|---|---|
| | 69,317.50 | 5,077.29 | 4,096.47 |
| | +4.99% | +1.02% | +1.61% |

**सर्राफा बाजार**

सोना 1,55,000 (+2200), चांदी 2,59,000 (+5000)

**क्रिप्टोकरंसी**

| बिटक्वाइन | इथर |
|---|---|
| $ 67,130 (+4.88%) | $ 1,839 (+10.63%) |

## Business Facts...

हैप्पी मील और अन्य प्रमोशन्स के जरिए मैकडॉनल्ड्स दुनिया का सबसे बड़ा खिलौना वितरक है। यह खिलौना कंपनियों जैसे टॉयज़ 'आर' अस से भी ज्यादा खिलौने बेचता है।

## बिजनैस ब्रीफ

### ऊंची कीमतों, पश्चिम एशिया संकट से मई में सोया खली निर्यात 63.50 प्रतिशत घटा

इंदौर (मध्यप्रदेश) (एजैंसी): ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया संकट के असर से भारत का सोया खली निर्यात मई के दौरान करीब 63.50 प्रतिशत घटकर 50,000 टन रह गया। प्रसंस्करणकर्त्ताओं के इंदौर स्थित संगठन सोयाबीन प्रोसैसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सोपा) ने यह जानकारी दी।

सोपा के अनुसार, मई, 2025 में देश से 1.37 लाख टन सोया खली का निर्यात किया गया था। सोपा के कार्यकारी निदेशक डी.एन. पाठक ने बताया कि भारतीय सोया खली के दाम अमरीका, ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे प्रमुख निर्यातक देशों की तुलना में लंबे समय से अधिक बने हुए हैं। पाठक ने कहा, "ऊंची कीमतों और पश्चिम एशिया संकट, दोनों का असर निर्यात पर पड़ा है।



### सोना 2,200 रुपए चढ़ा, चांदी 5,000 रुपए मजबूत

नई दिल्ली (एजैंसी): राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 2,200 रुपए चढ़कर 1.55 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि चांदी 5000 रुपए मजबूत होकर 2.59 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। अमरीका और ईरान के बीच शांति समझौते की रूपरेखा बनने के बाद वैश्विक बाजार में मजबूत रुख का असर इन कीमतों पर दिखा।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 121.33 डॉलर बढ़कर 4,340.65 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 2.74 डॉलर बढ़कर 70.74 डॉलर प्रति औंस हो गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि 19 जून को होने वाले एक औपचारिक समझौते से महंगाई को लेकर उम्मीदें और कम हो सकती हैं और इससे व्यापक बाजार में स्थिरता को भी मदद मिल सकती है।

### रेजरपे ने आई.पी.ओ. की मंजूरी के लिए गोपनीय मार्ग से दस्तावेज दाखिल किए

नई दिल्ली (एजैंसी): वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी रेजरपे ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आई.पी.ओ.) के लिए बाजार नियामक सेबी के पास गोपनीय रूप से दस्तावेजों का मसौदा जमा किया है। इस निर्गम का आकार 5,000-6,000 करोड़ रुपए के बीच होने की संभावना है।

कंपनी ने सार्वजनिक सूचना में कहा कि उसने प्रस्तावित आई.पी.ओ. के संबंध में अपने इक्विटी शेयरों के लिए मसौदा दस्तावेज सेबी और शेयर बाजारों के पास जमा किया है।" हालांकि, कंपनी ने निर्गम के आकार का खुलासा नहीं किया है लेकिन जानकार सूत्रों का कहना है कि इसका आकार 5,000-6,000 करोड़ रुपए हो सकता है। वर्ष 2014 में हर्षिल माथुर और शशांक कुमार ने रेजरपे की स्थापना की थी।




### शेयर ब्रोकरेज नियम उल्लंघन मामले में एंजल वन ने सेबी को 4.28 करोड़ रुपए चुकाए

नई दिल्ली (एजैंसी): ब्रोकरेज कंपनी एंजल वन ने शेयर ब्रोकरेज विनियमों के कथित उल्लंघन से जुड़े मामले के निपटारे के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) को 4.28 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। मामला दो अधिकृत व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी में कथित लापरवाही, समुचित जांच की कमी तथा अनधिकृत धन संग्रह गतिविधियों का पता लगाने में विफलता से जुड़ा था।

सेबी के अनुसार कंपनी असंगत कारोबार, अनधिकृत सोशल मीडिया प्रचार और अन्य ब्रोकरों के माध्यम से किए गए कारोबार की पर्याप्त निगरानी नहीं कर सकी। यह कार्रवाई 14 मई 2025 को जारी कारण बताओ नोटिसों के आधार पर शुरू हुई थी। नियामक की समितियों के साथ विचार-विमर्श के बाद एंजल वन ने बिना आरोप स्वीकार या खारिज किए निपटान राशि चुकाकर मामले का समाधान कर लिया।

### एयरटैल अफ्रीका में हिस्सेदारी 79 प्रतिशत तक बढ़ाएगी भारती एयरटैल

नई दिल्ली (एजैंसी): भारती एयरटैल को एयरटैल अफ्रीका में अपनी हिस्सेदारी 16.31 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव को लगभग 100 प्रतिशत शेयरधारकों की मंजूरी मिल गई है। 28,220 करोड़ रुपए के इस शेयर अदला-बदली सौदे के बाद कंपनी की हिस्सेदारी मौजूदा 62.73 प्रतिशत से बढ़कर करीब 79 प्रतिशत हो जाएगी।

इस लेन-देन के तहत प्रवर्तक समूह की इकाई इंडियन कॉन्टिनैंट इन्वैस्टमैंट लिमिटेड से एयरटैल अफ्रीका की हिस्सेदारी प्राप्त करने के बदले भारती एयरटैल तरजीही आधार पर अपने शेयर जारी करेगी। कंपनी के अनुसार यह पूरी तरह नकद-रहित सौदा है, जिससे बिना अतिरिक्त कर्ज या नकद खर्च के उच्च-विकास वाली परिसंपत्ति में निवेश बढ़ेगा। चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा कि अफ्रीका कंपनी की दीर्घकालिक विकास रणनीति का महत्वपूर्ण केंद्र बना रहेगा।

# 18 प्रतिशत की बंपर बढ़ौतरी के साथ मई में 45.2 अरब डॉलर पर पहुंचा देश का निर्यात, कच्चे तेल की वजह से बढ़ा व्यापार घाटा

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): देश का निर्यात मई में 18 प्रतिशत बढ़कर 6 महीने के उच्च स्तर 45.2 अरब अमरीकी डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच कच्चे तेल और पैट्रोलियम उत्पादों के आयात में हुई बढ़ौतरी से व्यापार घाटा 28.21 अरब डॉलर तक बढ़ गया।

हालांकि, मासिक आधार पर व्यापार घाटा अप्रैल के 28.38 अरब डॉलर की तुलना में मामूली रूप से कम हुआ है। पिछले साल मई में व्यापार घाटा 21.88 अरब डॉलर था।

इस साल मई में देश का आयात सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्च स्तर 73.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जिससे पिछले साल की तुलना में व्यापार घाटा और ज्यादा बढ़ गया।



वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि मई के आंकड़े सबसे ज्यादा मासिक निर्यात आंकड़ों में से एक हैं और रुझान को देखते हुए ये साल निर्यात के लिए अच्छा रहेगा।

### चालू वित्त वर्ष के शुरूआती दो महीनों में कैसा रहा आयात-निर्यात

चालू वित्त वर्ष के शुरूआती दो महीनों (अप्रैल-मई) में देश का निर्यात 16.09 प्रतिशत बढ़कर 88.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 15.14 प्रतिशत बढ़कर 145.35 अरब अमरीकी डॉलर रहा। इस दौरान व्यापार घाटा 56.44 अरब अमरीकी डॉलर रहा।

राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस साल मई में पश्चिम एशिया को भारत का निर्यात लगभग पिछले साल के समान स्तर पर पहुंच गया, जबकि उस क्षेत्र में कई तरह की बाधाएं बनी रहीं।

भारत का पश्चिम एशिया को निर्यात मई में मामूली रूप से घटकर 5.30 अरब डॉलर रहा है।

### मई में सोने का आयात 34 प्रतिशत बढ़ा

देश में सोने का आयात मई में सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 3.41 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि इसी अवधि में चांदी के आयात में 86.65 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया, जो 13 मई से प्रभावी हुआ।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन अवधि में चांदी का आयात घटकर 7.55 करोड़ डॉलर रह गया। सोने के आयात में वृद्धि के चलते मई में देश का व्यापार घाटा बढ़कर 28.21 अरब डॉलर हो गया। स्विट्जरलैंड सोना आयात का सबसे बड़ा स्रोत बना हुआ है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण अफ्रीका का स्थान है। स्विट्जरलैंड से मई में सोने का आयात 57.73 प्रतिशत घट गया, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों में इसमें 20.34 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सोना आयात अप्रैल-मई 2026-27 के दौरान 60.14 प्रतिशत बढ़कर 9.04 अरब डॉलर हो गया, जबकि चांदी आयात में लगभग 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सोने का आयात वित्त वर्ष 2025-26 में 24 प्रतिशत बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 71.98 अरब डॉलर पर रहा था। हालांकि, मात्रा के हिसाब से इसमें 4.76 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 721.03 टन रहा।

## बेरोजगारी दर मई में मामूली रूप से घटकर 5.5 प्रतिशत रही, श्रम भागीदारी में गिरावट

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर मई, 2026 में मामूली रूप से घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पी.एल.एफ.एस.) से यह जानकारी मिली।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एन.एस.ओ.) की तरफ से जारी सर्वेक्षण आंकड़ों के मुताबिक बेरोजगारी दर सालाना आधार पर भले ही कम हुई है लेकिन अप्रैल, 2026 के 5.2 प्रतिशत के मुकाबले इसमें कुछ बढ़ौतरी हुई है। सर्वेक्षण के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई। वहीं, शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.4 प्रतिशत रह गई। सालाना आधार पर शहरी बेरोजगारी दर में 0.5 प्रतिशत अंक की गिरावट दर्ज की गई है।

सर्वेक्षण के अनुसार, मई, 2026 में 15 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों की श्रम बल भागीदारी दर घटकर 54.4 प्रतिशत रह गई। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 56.6 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 49.8 प्रतिशत रही।

## मई में यात्री वाहन बिक्री 27.3 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): घरेलू ऑटोमोबाइल उद्योग ने मई 2026 में मजबूत वृद्धि दर्ज की। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत बढ़कर 4,38,854 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष समान अवधि में 3,44,656 इकाई थी। उद्योग संगठन ने इस वृद्धि का श्रेय जी.एस.टी. दरों में कमी से बढ़ी मांग और आसान वाहन वित्तपोषण को दिया है।

दोपहिया वाहनों की बिक्री 14.8 प्रतिशत बढ़कर 19,02,209 इकाई रही, जबकि तिपहिया वाहनों की बिक्री 31.1 प्रतिशत बढ़कर 70,720 इकाई पहुंच गई। यात्री वाहन श्रेणी में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 24.8 प्रतिशत बढ़कर 2,45,549 इकाई और यात्री कारों की बिक्री 28.8 प्रतिशत बढ़कर 1,20,975 इकाई हो गई। सियाम के महानिदेशक राजेश मैनन ने कहा कि मई 2026 में यात्री वाहन, दोपहिया और तिपहिया तीनों श्रेणियों ने अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की।

## पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद से बाजार में तेजी, सैंसेक्स 736.38 अंक चढ़ा

मुंबई, 15 जून (एजैंसी): अमरीका-ईरान शांति समझौते पर सहमति बनने से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट आने और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। पश्चिम एशिया संकट खत्म होने की उम्मीदों से घरेलू शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी के बीच निवेशकों की संपत्ति करीब 18.15 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। तेजी के इन सत्रों में बी.एस.ई. में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 18,15,339 करोड़ बढ़कर 4,70,49,119.48 करोड़ रुपए हो गया।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बी.एस.ई.) का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सैंसेक्स 736.38 अंक (0.97 प्रतिशत) चढ़कर 76,264.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,293.12 अंक चढ़कर 76,821.07 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह नैशनल स्टॉक एक्सचेंज (एन.एस.ई.) का निफ्टी 231 अंक (0.98 प्रतिशत) बढ़कर 23,853.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 388.5 अंक यानी 1.64 प्रतिशत चढ़कर 24,011.40 अंक तक चला गया था।



### रुपया 47 पैसे चढ़कर 94.71 प्रति डॉलर पर पहुंचा

रुपया सोमवार को 47 पैसे की बढ़त के साथ अमरीकी डॉलर के मुकाबले 94.71 (अस्थायी) पर रहा। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमरीका और ईरान के बीच शांति समझौता होने की घोषणा करने के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.45 से 94.77 के दायरे में कारोबार करता रहा। अंत में यह 94.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए और कदम उठाए जाएंगे: निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय बाजार में विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए अभी और कदम उठाए जाएंगे। हीरो माइंडमाइन समिट 2026 में यहां उन्होंने कहा कि सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों द्वारा किए गए निवेश पर ब्याज और पूंजीगत लाभ कर से छूट जैसे उपाय विदेशी पूंजी को वापस आकर्षित करने की दिशा में पहला कदम है।



उन्होंने कहा, "यह कहानी का अंत नहीं है और भी कदम उठाए जाएंगे। हम मानते हैं कि हमें और अधिक विदेशी पूंजी की आवश्यकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 जून को बैंकों को 3 से 5 वर्ष की अवधि वाले विदेशी मुद्रा गैर-निवासी (बैंक) जमा के लिए अपनी मुद्रा अदला-बदली सुविधा का उपयोग करने की अनुमति दी थी, जिससे वे अमरीकी डॉलर जमा को आर.बी.आई. के साथ बदल सकें एवं मुद्रा जोखिम का प्रबंधन कर सकें।

## पश्चिम एशिया संकट से देश के बासमती निर्यात को झटका, दो माह में 24 फीसदी गिरावट

नई दिल्ली, 15 जून (इंट): भारत के प्रमुख कृषि निर्यात उत्पादों में शामिल बासमती चावल का निर्यात पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण दबाव में आ गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मार्च और अप्रैल के दौरान बासमती निर्यात में करीब 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। खाड़ी देशों को होने वाली आपूर्ति में कमी इसका प्रमुख कारण मानी जा रही है।

निर्यात आंकड़ों के मुताबिक ईरान, इराक, कतर और अन्य पश्चिम एशियाई देशों को भेजी जाने वाली बासमती की खेपों में उल्लेखनीय कमी आई है। मार्च और अप्रैल के दौरान कुछ प्रमुख बाजारों में निर्यात 50 से 90 प्रतिशत तक घट गया। विशेषज्ञों का कहना है कि क्षेत्रीय अस्थिरता और व्यापारिक अनिश्चितता ने खरीदारी को प्रभावित किया है।

### दो माह में निर्यात मूल्य में भारी कमी

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मार्च और अप्रैल में भारत का कुल बासमती निर्यात मूल्य पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग एक चौथाई घट गया। उद्योग जगत का मानना है कि यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर निर्यातकों के साथ-साथ किसानों पर भी पड़ सकता है।




### बासमती निर्यात में गिरावट (अप्रैल 2026)

- *इराक में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज हुई, जहां निर्यात 91 प्रतिशत तक घट गया।*
- *ईरान को निर्यात में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आई।*
- *यू.ए.ई. और सऊदी अरब में भी क्रमश: 32 और 25.47 प्रतिशत की गिरावट रही।*

**जिन बाजारों में निर्यात बढ़ा**

| देश | निर्यात वृद्धि (%) |
|---|---|
| जॉर्डन | 667.46 |
| ब्रिटेन | 80.13 |
| इटली | 66.90 |
| ओमान | 65.40 |

**पंजाब और हरियाणा पर पड़ सकता है असर** : देश के कुल बासमती उत्पादन का बड़ा हिस्सा पंजाब और हरियाणा से आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि निर्यात में गिरावट लंबे समय तक जारी रहती है तो इसका प्रभाव किसानों की आय और बाजार कीमतों पर भी पड़ सकता है। साथ ही खेती की लागत बढ़ने और उर्वरकों की उपलब्धता से जुड़ी चुनौतियां पहले से मौजूद हैं।

### नए बाजारों की तलाश में जुटे निर्यातक

पश्चिम एशिया में सुस्ती के बीच भारतीय निर्यातकों ने यूरोप और अन्य क्षेत्रों में नए अवसर तलाशने शुरू कर दिए हैं। ब्रिटेन, इटली और ओमान जैसे देशों में बासमती चावल की मांग बढ़ने के संकेत मिले हैं। कई कंपनियां अपने निर्यात नैटवर्क को विविध बनाने की रणनीति पर काम कर रही हैं।

### चीन बना उभरता हुआ विकल्प

निर्यातकों की नजर अब चीन के बाजार पर भी है। हाल के महीनों में चीन को बासमती चावल के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। उद्योग से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि चीन में मांग लगातार बढ़ती रही तो यह पश्चिम एशिया में आई कमी की कुछ हद तक भरपाई कर सकता है।

### नियमों और गुणवत्ता मानकों की चुनौती

हालांकि नए बाजारों में प्रवेश आसान नहीं है। चीन समेत कई देशों ने गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर सख्ती बढ़ाई है। निर्यातकों को विभिन्न परीक्षण और प्रमाणन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ रहा है, जिससे लागत और समय दोनों बढ़ रहे हैं।

### उद्योग को जल्द सामान्य स्थिति की उम्मीद

बासमती उद्योग से जुड़े संगठनों का मानना है कि पश्चिम एशिया में हालात सामान्य होने पर निर्यात में फिर तेजी लौट सकती है। फिलहाल निर्यातक नए बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और पारंपरिक ग्राहकों के साथ व्यापारिक संबंध बनाए रखने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि पश्चिम एशिया में आई कमजोरी की भरपाई के लिए भारतीय निर्यातक यूरोप, जॉर्डन और चीन जैसे नए बाजारों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं।

## पंजाब की मंडियां

**खन्ना** : जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.): राइसब्रान (खाद्य) (प्रति प्वाइंट) 220, राइसब्रान (अखाद्य) 218, खल सरसों 3200, डीओसी: राइसब्रान बैच सफेद 1850, कंटीन्यूअस 1850, सरसों (टन) 25500, सूरजमुखी (टन) 32000, अनाज: गेहूं 2610/2620, आटा (50 किलो) 1400/1410, मैदा 1500/1510, चोकर (45 कि.ग्रा.) 1215, चोकर (30 कि.ग्रा.) 850, सूजी (50 किलो) 1515/1525, मक्की बिहार 2300/2350।

**लुधियाना** : दाल-दलहन: राजमां चित्रा 9800/11000, अरहर दाल 11400/12100, उड़द साबुत 9600/11100, उड़द धोया 11300/12300, छिलका 9900/11600, दाल मसूर 7700/11700, चना दाल 7000/7500, एग्रो प्योर बेसन (35 कि.ग्रा.) 2900, काबली चना 7000/10500, मूंग साबुत 8700/10100, मूंग धोया 9400/11200।

चावल : डीबी सेला 9300/9400, शरबती स्टीम 7000/7300, चावल 1121 सेला 9500/9600, लालकिला 15700, तेल: बिनौला 14600, चावल तेल 13200, सरसों 15900/16100, खल: सरसों 3450/3500, बिनौला 4300/4400, डीओसी: मूंगफली 37000, किराना : जीरा 23000/26400, धनिया 14700/17200, हल्दी 15200/16500, केसर प्रति ग्राम कश्मीरी 275/280।

**अमृतसर** : चावल: बासमती (1121 नं.) स्टीम 10100/10300, सेला 9300/9400, शरबती सेला 6050/6100, शरबती स्टीम 7000/7100, चावल (1509) सेला 8100/8150, धान: शरबती 3300/3400, बासमती 1121 धान 5000/5100, धान (1509) 4000/4050, पीआर-11 चावल 5500/5600, देशी चना 7250/7350, चना दाल 7400/7700।

गुड़ (क्विं): लड्डू देशी पंजाब 5400/5450, शक्कर देशी 5250/5350, बूरा खांड 5100/5200।

**संगरूर**: गेहूं 2590/2630, आटा (50 किलो) 1515/1520, मैदा (50 किलो) 1500/1510, सूजी (50 किलो) 1560/1570, चावल 1121 सेला 9400/9450, स्टीम 10200/10300, शरबती चावल सेला 6250/6300, स्टीम 7300/7400, चावल परमल कच्चा 4000/4100, सेला 3700/3800, देशी चना छना 7300/7350, दाल चना 7300/7550, उड़द छिलका 9800/12100, राजमां चित्रा देशी 9500/12200, चाइना 11200/11600, काबली चना 7000/11000।

किरानाः जीरा 23200/26400, धनिया 14500/17200, लालमिर्च गुंटूर 341 नं. 17500/19500, तेजा 25500/27600, हल्दी इरोड़ गड्डा 15200/15300, निजामाबाद फली 16800/16900, मेवा (किलो): काजू: (320 नं.) 1040/1050, (210 नं.) 1130/1140, (240 नं.) 1100/1110, (180 नं.) 1200/1210, दो टुकड़ा 900/910, चार टुकड़ा 840/850, आठ टुकड़ा 810/820, गोला 36000/42000।

**जालंधर**: गेहूं दड़ा 2650/2675, चावल परमल कच्चा 3900/4000, सेला 3500/3600, मक्की बिहार 2225/2250, यूपी 2100/2150 दाल उड़द छिलका 9900/11800, चना देशी छना 7225/7425, दाल चना 7200/7500, काबली चना 7500/11500, राजमां चित्रा पुणे 9200/10400, चीन 11000/11800, शर्मिली 11800/12200, किराना: जीरा 23200/26400, धनिया 14600/18000, लालमिर्च गुन्टूर-(334 नं.) 17000/18000, तेजा 25000/28000, हल्दी इरोड गड्डा 15200/15300, निजामाबाद 16000/16400।

मेवा (किलो): काजू: (320 नं.) 935/940, (210 नं.) 980/990, (240 नं.) 1020/1030, (180 नं.) 1100/1120, मखाना 850/1350, गोला 39000/45000।

## 15.6.2026

**लोहा बाजार**: मंडी गोबिंदगढ़ (सुरेश): इंगट (कुल्फी) 42900, बिल्ट 42900, स्पंज आयरन स्क्रैप 31200 (ब्रांडिड), 30800 (नान ब्रांडिड), पुरानी स्क्रैप 30900, मैल्टिंग स्क्रैप 34400, आर.के.टी.एम.टी. 8 एम.एम. 50800, 10 एम.एम. 49500, 12 एम.एम. से 25 एम.एम. 48300, 32 एम.एम. 50300।

कास्ट आयरन (मोटर) 39800, कास्ट आयरन (इंजन मशीनरी) 39800, कास्ट आयरन (टोका) 38300, पत्तियां 40×8 से 100×25 एम.एम. 46900, राऊंड स्क्वेयर 25-56 एम.एम. 46900, 63-90 एम.एम. 47400, हैवी चैनल 52300, गार्डर 52300, टी-आयरन 51600, पाइप हैवी 47800, पत्तरा (एम.एस.बार) 46900। (सभी पर जीएसटी अतिरिक्त), (यह रेट शाम 05.05 बजे के हैं।)

लोहा व इस्पात : (प्रति टन) जीएसटी पेड सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 67500, (10 एमएम) 66300, (12 एमएम) 64000, (16-25 एमएम) 65100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 398, (10) 611, (12) 864, (16) 1537, (20 एमएम) 2402, (25 एमएम) 3750, अम्बा शक्ति-500 एसडी: (8 एमएम) 64900, (10 एमएम) 63100, (12 एमएम) 63700, (16-25 एमएम) 64200, (32 एमएम) 66000, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 66200, (10) 64800, (12) 61500, (16-25) 63700, (32) 62300।

केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 66500, (10) 66000, (12) 63800, (16-25) 65500, (28-32) 66100, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 71600, (10 एमएम) 70400, (12 एमएम) 68000, (16-25 एमएम) 69200, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 71600, (10 एमएम) 70400, (12 एमएम) 68000, (16-25 एमएम) 69200, एंगल: राणा (जीएसटी अतिरिक्त) (50×5) 45500, केवीएस-एमएस (35×5) 48500, (40×5/6) 49000, (50×5) 49500, (50×6) 50000, (65×5/6) 50500, जयभारत: (50×5 से 75×10) 51500, अनमोल: 51500, चैनल: राणा (जीएसटी अतिरिक्त) 46500, एमएस (केवीएस) (75×40) (100×50) 50500, जयभारत 53000, अनमोल 53000।

**फाजिल्का**: (जीएसटी अतिरिक्त): धान (1509) 3800/3900, धान मोटा 2200/2300, चावल कच्चा (आईआर-8) 3900/3950, चावल सेला (आईआर-8) 3700/3750, चावल कच्चा (पीआर-11) 4900/5000, सेला (पीआर-11) 4700/4800, धान (1121) 5000/5100, सेला (1121) चावल 9300/9400, गेहूं 2540/2560, सरसों 7450/7550, रूई (प्रति मन): (जे-34) 6800/6900, कपास देशी 6950/7000, कपास नरमा (क्विं.) 8350/8450, बिनौला (टैक्सपेड): खल 4000/4050, जे-34 (चिलकी) 4500/4650।

## दिल्ली की मंडियां

**अनाज-दाल**: गेहूं: एमपी देशी 3600/3700, दड़ा (मिल पहुंच) 2710/2715, चक्की (पहुंच) 2725/2730, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 280/290, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1485/1495, मैदा (50 किलो) 1475/1480, सूजी (50 किलो) 1520/1540, चोकर (48 किलो) 1280/1290।

चावल: बासमती लालकिला 15600, स्वाद 12500, शरबती सेला 6100/6200, स्टीम 7100/7200, (1121 नं.) चावल सेला 9200/9300, स्टीम 10100/10300, सोर्टेक्स 10600/10800, (1509 नं.) चावल सेला 8050/8100, स्टीम 8700/8800, बासमती (1718) सेला 8200/8250, चावल 1401 स्टीम 9300/9400, परमल कच्चा 4000/4100, ब्रोकन (25 प्रश.) 3700/3800, वंड 4100/4200, पीआर-(11) सेला 4600/4700, आईआर (8) 3575/3600।

बाजरा: कैटलफीड 2190/2200, ज्वार: पीली 2500/2600, सफेद 3100/3300, मक्की: एमपी 2150/2180, बिहार 2250/2300, जौ: 2425/2450, उड़द कच्चा: एमपी 7900/8300, रंगून एफएक्यू 8375/8400, एसक्यू 9050/9075, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 9400/10100, बढ़िया 10600/11200, धोया लोकल 9200/9600, बढ़िया 10400/11000, मूंग कच्ची: राजस्थान 6100/7700, यूपी नई 7600/8600, एमपी 6600/7000, दाल मूंग: छिलका 9500/10100, बढ़िया 10700/11800, मूंग धोया: लोकल 9100/10400, बढ़िया 11200/11600, मसूर कच्ची: छोटी 8300/9900, मोटी विदेशी 6275/6300, देशी बिल्टी 6900/6925।

दाल मसूर: लोकल 7500/8700, मोठ 5840/5850, अरहर: रंगून 8100/8125, देशी कर्नाटक 8400/8500, दाल अरहर: दड़ा 10800/11200, पटका 11300/11400, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 6000/6025, आस्ट्रेलिया 6050/6100, चना दाल: लोकल 6850/6950, बेसन (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 2780, राजमा चित्रा: चीन 11000/11400, ब्राजील इंडियन 9900/9400, पुणे-भूटान 7600/7700, काबली चना: छोटा 5900/6200, मीडियम 6400/6700, मोटा 9500/10200, लोबिया: ब्राजील 7500/7600, मटर: सफेद विदेशी 4500/4600, हरी मटर देशी 5100/5300।

तेल और तिलहन: तिलहन: सरसों 7650/7700, खली एक्सपेलर: सरसों 3400/3650, बिनौला 4100/4400, डिऑयल्ड एक्सट्रैक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15200/15400, सरसों 27800/28000, सोयाबीन पीला 58000/60000, सूरजमुखी 32000/33000, मूंगफली (40-45 प्रश.) 36000/38000, राइसब्रान (प्रति यूनिट) 190/192।

खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2900/3050, सरसों तेल (टीन) 2600/2950, सरसों एक्सपेलर 15650, तिल तेल 16500, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 15550, सोया रिफाइंड (टीन) 2450/2650, सनफ्लावर 2750/2800, बिनौला मिल डिलीवरी 14800, चावल तेल पंजाब 13350, गोला तेल (टीन) 4000/4100, अखाद्य तेल: राइस फैट्टी 11100/11200, सोया एसिड ऑयल 9450/9500, अरंडी 14200/14300।

किराना : (जीएसटी अतिरिक्त) कालीमिर्च (किलो): मरकरा 760/770, एटम 11.5 नं. 790/800, 12.5 नं. 810/820, इलायची बड़ी (किलो): कैंचीकट 1550/1560, इलायची छोटी (किलो): मुंहखुला 2400/2500, साढ़े छह एमएम 2300/2400, साढ़े सात एमएम 2600/2700, आठ एमएम 3100/3250।

लौंग (किलो) 770/820, दालचीनी 255/262, जायफल (किलो) 690/700, जावित्री (किलो): लाल 1900/2300, पीली 2275/2300, पीपल बड़ी 930/950, शीतल चीनी 1050, बादयान 470/550, केसर (प्रति ग्राम) ईरानी 235/250, कश्मीरी 260/270।

मेवा: (जीएसटी अतिरिक्त) (प्रति 40 किलो) किशमिश: इंडियन पीली 17500/18500, इंडियन हरी 19500/21500, कंधारी 27500/31000, रंगा 22000/26500, बादाम: गिरदी 7200/7300, गुरबंदी 26500/27500, कैलिफोर्निया 24500/25000, बादामगिरी (किलो): कैलिफोर्निया 870/920, पिस्ता (किलो): ईरानी 2350/2450, हैराती 2850/3050, पेशावरी 3350/3450, पिस्ता डोडी रोस्टिड 1200/1300।

अंजीर: सामान्य 24000/26000, मीडियम 38000/42000, बढ़िया 45000/65000, सक्करपारा: 11000/16000, आबजोश 27000/34500, छुहारा (क्विं.): लाल 13000/26000, रंगकाट 16500/28500, काजू गिरी (किलो): (320 नं.) 840/890, (240 नं.) 930/940, (210 नं.) 970/1030, (180 नं.) 1090/1120, (दो टुकड़ा) 830/850, (चार टुकड़ा) 730/800, (आठ टुकड़ा) 630/680, चिलगोजा रोस्टिड (किलो) 3500/3800।

अखरोट (किलो) 340/570, गिरी (किलो) 800/1350, गोला (क्विं.) (कट्टे में) 36000/37000, (गत्ता बॉक्स में) 40000/43000, गोला बुरादा (25 किलो) सामान्य 7150, बढ़िया 7500।

अलौह धातु : (किलो/जीएसटी अतिरिक्त): एंटीमनी: चीन 2450, कैडमियम: रॉड 372, लैड (सीसा): बैटरी सफेद 121.50, बैटरी काला 103, देशी मुलायम 206/227, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 217/226, चार प्रतिशत 229/238, गन मैटल स्क्रैप: लोकल 973, मिक्स 983, जालंधर 1003, ब्रास (पीतल): हनी 828/868, रेडिएटर देशी 641, रेडिएटर विदेशी 641, चादरी देशी 818/858, पुर्जे स्क्रैप 783/823।

टिन (रांग): इंगट इंडोनेशिया 5350, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजैडएल 378, एजैड 387, आईजैड 382, आईजे 383, पीएमआई 336, ड्रास (ढीमा) 286, निकिल कैथोड: रशियन (4×4) 1750, (8×8) 1755, (4×24) 1760, नार्वे (4×4) 1765, (4×24) 1770, कॉपर (तांबा): आर्मेचर प्लांट 1262, भट्ठी 1260, सीसी 1365, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 383, शीट कटिंग 350, वायर स्क्रैप 355, बर्तनफूट 307, पुर्जाफूट 298, रॉड: कम्पनी 392।

मुर्गी अंडा: (रुपया/सैंकड़ा): दिल्ली (ट्रे सहित) 601, मुम्बई 680, नमक्कल 630, अहमदाबाद 620, कानपुर 614, पंजाब-टी 587, लुधियाना 598, नागपुर 650, प्रयागराज 643, लखनऊ 623, वाराणसी 633।

### कल क्या होगा?

नई दिल्ली (एन.एन.एस.): बुधवार ज्येष्ठ (शुद्ध) सुदी तृतीया को ग्वार, ग्वारगम, गेहूं, जौ, जई, काबुली चना, मसूर, पिस्ता, हल्दी, कालीमिर्च, गोंद, बेलगिरी, जायफल, जावित्री, सौंफ, अजवायन, अखरोट, कमरकस, देसी घी, दूध पाऊडर, टिन, जस्ता, पीतल, सीसा, सोया तेल, वनस्पति घी, गुड़-चीनी में लाभ रहेगा।

वहीं बारीक चावल, मक्की बाजरा, लोबिया, पाम ऑयल, मूंग, उड़द, अरहर, लौंग, दालचीनी, सौंठ, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, काजू, गोला, पोस्तदाना, बारदाना, सरसों, बिनौला एवं इसके तेल, मगज तरबूज, छुआरा, कॉपर, निकिल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 3-4-7-9 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 8.29 बजे प्रात: के बाद यात्रा शुभ होगी।

## सोना-चांदी के भाव

| सर्राफा बाजार | जालंधर | लुधियाना | दिल्ली | चंडीगढ़ |
|---|---|---|---|---|
| सोना बिटुर/बिस्कुट | 149800 | 149900 | 154975 | 151700 |
| सोना स्टैंडर्ड | 155000 | 154500 | 155000 | 154100 |
| स्वर्ण आभूषण (22कैरेट) | 144150 | 144200 | 142000 | 143000 |
| गिन्नी प्रत्येक | 117480 | 117200 | 116000 | 118700 |
| चांदी तेजाबी (प्रति किलो) | 255000 | 255000 | 259000 | 258000 |
| सिक्का (प्रति पीस) | 2815 | 2800 | 2900 | 2900 |

## हरियाणा की मंडियां

**तरावड़ी**: धान: बासमती (1401) 4700/4800, (1509 नं.) 4000/4100, (1121 नं.) 5000/5100, शरबती 3300/3400, परमल 2200/2300, चावल: बासमती 1121 सेला 9600/9700, डीबी सेला 9400/9500, शरबती स्टीम 7200/7300, परमल वंड 4000/4100, चावल (1509 नं.) सेला 8050/8100, (1121 नं.) दुबार 5000/5200, (1509 नं.) दुबार 3900/4000, (1121 नं.) तिबार 7500/7600।

**पानीपत** : कॉटनयार्न (5 कि.ग्रा.): हैंकयार्न: 2/4 नं. 570/580, 2/6 नं. 590/610, 2/10 नं. 770/830, 2/20 नं. 1080/1130, कोनयार्न: 2/4 नं. 580/610, 2/6 नं. 610/630, 2/10 नं. 780/830, 2/20 नं. 960/1020।

**समालखा**: खल सरसों (हिसार वाली) 3650/3950, खल बिनौला (कैथल वाली) 4350/4400, गुड़ 5000/5200, धान (1509) 3550/3650।

**कैथल**: चावल: बासमती कच्ची 10300/10500, चावल स्टीम (1401) 9300/9400, चावल 1509 सेला 8000/8100, सेला (1121 नं.) 9300/9500, शरबती सेला 6000/6100, शरबती स्टीम 7100/7200, धान: शरबती 3300/3400, बासमती (1718) 4400/4500, बासमती (1121) 5000/5100।

**हापुड़**: अनाज-दाल: गेहूं 2610/2615, चावल परमल 3650/3700, बासमती 1121 स्टीम 9900/10000, चना 6000/6050, चना दाल 6500/6800, काबली चना 8000/10200, राजमा देशी चित्रा 10500/11500, दाल अरहर 10400/11700, मसूर 8200/8500, उड़द देसी 7600/7700, मूंग यूपी 6500/6800, मूंग दाल 9500/10500।

गुड़-चीनी: चीनी हाजिर 4350/4425, गुड़ (प्रति 40 किलो) खुरपा 1825/1850, तिलहन: सरसों 7600/7650, खल: सरसों 3550/3650, बिनौला 4400/4550, चना छिलका 3000/3100, चोकर मोटा (34 किलो) 740/750।

**करनाल**: गेहूं दड़ा 2650/2675, बासमती चावल (1718) सेला 8150/8200, धान 1121 नं. 4950/5000, (1509) धान 3900/4000, शरबती धान 3100/3200, सेला (1509 नं.) चावल 8000/8100, सेला 1121 चावल 9100/9200, स्टीम 9900/10100, शरबती चावल सेला 6000/6050, स्टीम 7050/7100, चावल परमल कच्चा 4200/4300, सेला 3950/4000, आईआर-(8) सेला 3700/3750, चना (छना) 6925/7025, चना दाल 7150/7350।


# यासीन अयारी के 2 गोल से स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा

मॉन्टेरी (मैक्सिको), 15 जून (एजेंसी) : यासीन अयारी के 2 गोल की मदद से स्वीडन ने रविवार की रात को ट्यूनीशिया को 5-1 से करारी शिकस्त देकर विश्व कप फुटबॉल में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

अयारी ने एस्टाडियो बी.बी.वी.ए. स्टेडियम में स्वीडन के लिए 7वें मिनट और दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में लंबी दूरी से गोल दागकर स्कोर की शुरुआत और अंत किया। उन्होंने संयमित तरीके से जश्न मनाया और अपने पिता के जन्मस्थान के प्रति सम्मान दिखाते हुए अपने हाथ ऊपर उठाए। अलेक्जेंडर इसाक (30वें मिनट) और विक्टर ग्योकेरेस (59वें) ने एक-एक गोल करने के साथ एक-दूसरे के गोल में मदद की।

स्वीडन की तरफ से मैटियस स्वानबर्ग (84वें) ने भी गोल किया। स्वीडन विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर है और 8 साल पहले रूस में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के बाद 2022 के विश्व कप में जगह बनाने से चूक गया था। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज ट्यूनीशिया के लिए उमर रेकिक ने गोल किया।

ट्यूनीशिया अपने 7वें विश्व कप में खेल रहा है, लेकिन वह कभी भी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया है। इसाक ने 30वें मिनट में अपना 18वां अंतर्राष्ट्रीय गोल किया, जब ग्योकेरेस ने लिवरपूल के इस स्ट्राइकर को जवाबी हमले में पास दिया।



गोल करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करता स्वीडिश फुटबॉलर यासीन अयारी।

### स्कोर कार्ड

| स्वीडन | | ट्यूनीशिया |
|---|---|---|
| 13 | शॉट | 05 |
| 08 | शॉट ऑन टारगेट | 02 |
| 49% | बॉल पर नियंत्रण | 51% |
| 320 | पास | 331 |
| 82% | पासिंग एक्यूरेसी | 80% |
| 09 | फाऊल | 08 |
| 00 | येल्लो कार्ड | 01 |
| 00 | रेड कार्ड | 00 |
| 03 | ऑफ साइड | 06 |
| 04 | कॉर्नर | 02 |


## जापान ने नीदरलैंड को बराबरी पर रोका

आर्लिंगटन : दाइची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया जिससे जापान ने विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप 'एफ' के मैच में नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जब जापान की हार सुनिश्चित लग रही थी तब कामाडा ने यह महत्वपूर्ण गोल किया जिसे उनका देश वर्षों तक याद रखेगा।

कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया, जिससे समुराई ब्लू (जापानी टीम) के प्रशंसक खुशी से झूम उठे। इससे जापान ने अपने से अधिक रैंकिंग वाले नीदरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## केप वर्डे ने स्पेन को गोल रहित ड्रॉ पर रोका

फीफा विश्व कप के ग्रुप एच में केप वर्डे ने स्पेन को गोल रहित ड्रॉ पर रोककर शानदार खेल दिखाया। निर्धारित समय के बाद मिले 5 मिनट के अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमों ने गोल करने की पूरी कोशिश की, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में असफल रही।



मैच के दौरान फुटबॉल के लिए भिड़ते आइवरी कोस्ट और इक्वाडोर के खिलाड़ी।

## आइवरी कोस्ट ने इक्वाडोर को 1-0 से हराया

फिलाडेल्फिया : अमाद डियालो ने 90वें मिनट में गोल करके पिछले 12 वर्ष में पहली बार विश्व कप फुटबॉल में भाग ले रहे आइवरी कोस्ट को इक्वाडोर पर 1-0 से जीत दिलाई। दोनों टीमों ने मिलकर 3 बार क्रॉसबार पर गेंद मारी, लेकिन गोल करने में नाकाम रही।

ऐसे में जब मैच गोलरहित ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से खेलने वाले स्थानापन्न विंगर डियालो (56वें मिनट में मैदान पर उतरे) ने पेनल्टी क्षेत्र के ठीक अंदर गोता लगाते हुए बाएं पैर से जोरदार शॉट लगाकर गोलकीपर हर्नान गैलिंडेज़ को चकमा देकर गोल कर दिया।

विल्फ्रेड सिंगो ने दाहिनी ओर से शानदार दौड़ लगाते हुए इस गोल की नींव रखी थी। इस तरह से विश्व कप में चौथी बार और 2014 के बाद पहली बार हिस्सा ले रहे आइवरी कोस्ट ने नॉकआउट चरण में पहुंचने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया। आइवरी कोस्ट के लिए एली वाही ने 52वें मिनट में क्रॉसबार पर शॉट मारा।

### स्कोर कार्ड

| आइवरी कोस्ट | | इक्वाडोर |
|---|---|---|
| 16 | शॉट | 10 |
| 04 | शॉट ऑन टारगेट | 01 |
| 49% | बॉल पर नियंत्रण | 51% |
| 441 | पास | 503 |
| 85% | पासिंग एक्यूरेसी | 87% |
| 10 | फाऊल | 13 |
| 03 | येल्लो कार्ड | 01 |
| 00 | रेड कार्ड | 00 |
| 00 | ऑफ साइड | 00 |
| 03 | कॉर्नर | 05 |

## आज के मैच

**फ्रांस vs सेनेगल**
समय: देर रात 12:30 बजे (17 जून)

**ईराक vs नॉर्वे**
समय: तड़के 3:30 बजे (17 जून)

**अर्जेंटीना vs अल्जीरिया**
समय: सुबह 6:30 बजे (17 जून)

**ऑस्ट्रिया vs जॉर्डन**
समय: सुबह 9:30 बजे (17 जून)

**पुर्तगाल vs डीआर कांगो**
समय: रात 10:30 बजे (17 जून)

ZEE5 भारत में फीफा के सभी मैच ज़ी5 पर प्रसारित होंगे।

## यू.ई.एफ.ए. प्रमुख सेफरिन की नीरस मैचों से संबंधित टिप्पणी की कड़ी आलोचना



लजुब्लजाना, 15 जून (एजेंसी) : यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन की 48 टीमों के विश्व कप में कई मैचों के नीरस हो जाने संबंधी टिप्पणी की एशिया, अफ्रीका और कैरेबियाई क्षेत्र के फुटबाल महासंघों ने कड़ी आलोचना की है।

केप वर्डे, कांगो, क्यूरासाओ, हैती, जॉर्डन और उज्बेकिस्तान के संघों ने संयुक्त बयान जारी करके कहा, "फुटबॉल कुछ चुनिंदा देशों का खेल नहीं है। इसकी ताकत इसकी सार्वभौमिकता में निहित है। कई देशों के लिए फीफा विश्व कप में भाग लेना केवल एक उपलब्धि नहीं है। यह एक ऐसा क्षण है जो एक पीढ़ी को प्रेरित करता है, फुटबॉल के विकास को गति देता है और जीवन भर संजोकर रखने वाली यादें दे जाता है।"

इस बयान में सेफरिन की टिप्पणी का उल्लेख नहीं किया गया है। स्लोवेनिया की वेबसाइट ज़ुर्नल 24 और डोसी ने उनके हवाले से कहा है कि उन्होंने पिछले सोमवार को लजुब्लजाना में एक सम्मेलन में इस विषय पर टिप्पणी की थी। ज़ुर्नल 24 के अनुसार सेफरिन ने कहा था, "विश्व कप में बड़ी संख्या में ऐसे मैच खेले जाएंगे जो बिल्कुल भी दिलचस्प नहीं होंगे।"

## अमरीका से युद्ध के कारण विश्व कप का अनुभव सुखद नहीं : ईरान के कप्तान

इंगलवुड (अमरीका), 15 जून (एजेंसी) : ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी ने कहा कि विश्व कप फुटबॉल के सह-मेजबान अमरीका के साथ चल रहे उनके देश के युद्ध के कारण उन्हें अभी तक कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और उनके लिए अभी तक का अनुभव सुखद नहीं रहा है। ईरान की टीम रविवार को मैक्सिको के तिजुआना स्थित अपने अभ्यास स्थल से लॉस एंजिल्स पहुंची।

तिजुआना अमरीकी सीमा के ठीक पार है और उस स्टेडियम से लगभग 140 मील (225 किलोमीटर) दूर है जहां वह न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण का अपना पहला मैच खेलेगा। जंग के कारण ईरान के अभ्यास स्थल को अमरीका से स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके बाद से उसकी टीम को वीजा समस्याओं सहित कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा है।



ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी।

तारेमी ने कहा, "विश्व कप के लिए यहां पहुंचते ही मुझे तनाव महसूस होने लगा था। किसी भी टूर्नामेंट में जब तनाव होता है, तो हमें वह सुखद अनुभव नहीं मिलता जिसके बारे में हम हमेशा शांति और खुशी से बात करते हैं। मैं जानता हूं कि ऐसा सिर्फ हमारे साथ ही नहीं हुआ। मुझे पता है कि कई अन्य देशों को भी वीजा संबंधी समस्याओं और अभ्यास शिविरों में बदलाव का सामना करना पड़ा।

हमारे विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले देश के लोगों में जो भावना और उत्साह होता था और जिस तरह से वे विश्व कप का बेसब्री से इंतजार करते थे, मुझे लगता है कि इस बार शायद उनमें वह भावना नहीं थी।" तारेमी ने कहा, "इस तरह का तनाव उस खुशी को कम करता है जो विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में भाग लेने से मिलती है। यह तनाव फीफा के इस संदेश को भी कमजोर करता है कि फुटबॉल शांति लाता है।"

## सोमाली रैफरी उमर आटर्न को फीफा से मिलेगा पूरा वेतन



वॉशिंगटन, 15 जून (एजेंसी) : अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि वीजा संबंधी समस्याओं के कारण अमरीका में प्रवेश नहीं कर सके सोमालिया के मैच रैफरी उमर अब्दुलकादिर आटर्न को उनकी भूमिका के लिए भुगतान किया जाएगा। अफ्रीका के अग्रणी रैफरी के रूप में पहचाने जाने वाले आटर्न को पिछले सप्ताह मियामी पहुंचने पर वीजा संबंधी समस्याओं के कारण अमरीका से वापस भेज दिया गया था, जिसके बाद वे सोमालिया लौट गए थे।

## आई.पी.एल. का सबसे अधिक देखा गया मैच बना आर.सी.बी. और टाइटंस का फाइनल

मुंबई, 15 जून (एजेंसी) : आधिकारिक प्रसारणकर्ता के अनुसार हाल में संपन्न इंडियन प्रीमियर लीग को रिकॉर्ड एक अरब 20 करोड़ दर्शक मिले जो प्रति वर्ष के आधार पर 7 प्रतिशत का इजाफा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अहमदाबाद में हुए फाइनल में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर अपना लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीता।

विज्ञप्ति में कहा, "टाटा आई.पी.एल. 2026 को एक अरब 20 करोड़ से अधिक दर्शक मिले जो प्रति वर्ष के आधार पर 7 प्रतिशत के इजाफे को दर्शाता है। इस सत्र में दर्शक स्क्रीन से चिपके रहे क्योंकि मैच देखने का समय 870 अरब मिनट तक पहुंच गया। फाइनल ने दर्शकों की संख्या दोगुनी कर दी और यह अब तक का सबसे अधिक देखा जाने वाला टाटा आईपीएल मैच बन गया जिसे स्क्रीन पर 40 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा।"

विज्ञप्ति के अनुसार, "2026 सत्र में डिजिटल स्क्रीन पर अच्छी प्रगति देखी गई। कनेक्टेड टीवी 22 प्रतिशत बढ़ा। डिजिटल वीडियो पर देखे जाने वाले व्यूज 25 अरब तक पहुंच गए जो साल दर साल आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी है। डिजिटल माध्यम पर क्षेत्रीय भाषा में मैच देखे जाने का हिस्सा 33 प्रतिशत बढ़ा।"



## दोहा डायमंड लीग के जरिए वापसी करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसी) : भारत के भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा 19 जून को होने वाली दोहा डायमंड लीग के जरिए प्रतिस्पर्धा में वापसी करेंगे। तोक्यो ओलंपिक 2020 चैम्पियन और पैरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता चोपड़ा ने 2025 विश्व चैम्पियनशिप में निराशाजनक 8वें स्थान पर रहने के बाद प्रतिस्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया है।



दोहा डायमंड लीग में भालाफेंक की प्रविष्टियों में चोपड़ा का नाम शामिल है। उन्होंने पिछले साल इसी टूर्नामेंट में 90 मीटर का आंकड़ा पारी किया था। हरियाणा के 28 वर्ष के चोपड़ा इस समय स्विटजरलैंड के बियेने में अपने फिजियो ईशान मारवाहा और कोच जय चौधरी के साथ 47 दिन के आफ सीजन अभ्यास शिविर में भाग ले रहे हैं। आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए रविवार को घोषित भारतीय एथलैटिक्स टीम में भी चोपड़ा का नाम सशर्त शामिल किया गया है।

## श्रीलंका 'ए' ने सुपर ओवर में भारत 'ए' को हराया

दाम्बुला, 15 जून (एजेंसी) : श्रीलंका 'ए' ने त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के रोमांचक मुकाबले में सोमवार को यहां भारत 'ए' को सुपर ओवर में हरा दिया। श्रीलंका के तेज गेंदबाज़ कुगाथस मथुलन ने दबाव में भी शांत रहकर वैभव सूर्यवंशी और सूर्यांश शेडगे की खतरनाक भारतीय जोड़ी के खिलाफ सुपर ओवर में 16 रन बचा लिए जिसके बाद माहौल गरमा गया।

मैच के रोमांचक अंत के बाद सूर्यवंशी को श्रीलंका के एक खिलाड़ी को धक्का देते हुए भी देखा गया जिससे दोनों के बीच शारीरिक टकराव भी हुआ। हालांकि यह हैरानी भरा रहा कि सूर्यवंशी ने सुपर ओवर की पहली गेंद का सामना नहीं किया।

नियमित ओवरों में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान ने अंतिम ओवर में कई स्टीक यॉर्कर डालकर मुकाबले को टाई कराया। अंतिम ओवर में आउट होने वाले सदीरा समरविक्रम (91) ने इससे पहले श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलने वाले अरशद ने अंतिम ओवर में सिर्फ 4 रन दिए जबकि मेजबान टीम को जीत के लिए 5 रन की जरूरत थी।

मैच टाई होने के बाद खेल के नतीजे को लेकर उलझन की स्थिति बन गई थी। भारत 'ए' के कप्तान तिलक वर्मा अंपायरों पर दबाव बना रहे थे कि खेल को सुपर ओवर के जरिए आगे बढ़ाया जाए।

काफी सोच-विचार के बाद अंपायरों ने अपना फैसला बदला और मैच को सुपर ओवर में ले जाने का निर्णय लिया। हालांकि अरशद का सुपर ओवर काफी महंगा साबित हुआ। उन्होंने एक वाइड और एक नो बॉल सहित कुल 16 रन दिए। कुगाथस दबाव में भी शांत रहे और भारतीय जोड़ी को सिर्फ 9 रन पर रोक दिया।

इससे पहले सूर्यवंशी (14 गेंद में 21 रन) एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे लेकिन ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे (66 गेंद में 72 रन) और विपराज निगम (49 गेंद में 51 रन) ने अर्धशतक जड़कर मेहमान टीम का स्कोर 265 रन तक पहुंचाया।



### श्रीलंका 'ए' के खिलाड़ी की सूर्यवंशी के साथ हुई बहस

सुपर ओवर में श्रीलंका ए के खिलाफ भारत ए की हार के बाद त्रिकोणीय श्रृंखला का मैच खराब माहौल में खत्म हुआ जिसमें युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की मेजबान टीम के एक खिलाड़ी के साथ तीखी बहस हुई और बात लगभग हाथापाई तक पहुंच गई। मैच खत्म होने के बाद जब सूर्यवंशी और उनके साथी सूर्यांश शेडगे पवेलियन लौट रहे थे तो श्रीलंकाई टीम ने कुछ ज्यादा ही जोश में जश्न मनाया। हालांकि टीवी कैमरों ने सूर्यवंशी को गुस्से में मथुलन की ओर बढ़ते हुए कैद किया और उनके साथी खिलाड़ी विशेन हलम्बेज बीच-बचाव के लिए आ गए। इसकी वजह शायद वह बात थी जो गेंदबाज ने 15 साल के खिलाड़ी को 3 गेंद पर सफलतापूर्वक रोकने के बाद कही थी। सूर्यवंशी को क्षेत्ररक्षक को धक्का देते देखा गया और क्षेत्ररक्षक ने भी उनकी तरफ बढ़ने की कोशिश की।

## वैस्टइंडीज ने श्रीलंका को हराकर जीती टी-20 श्रृंखला

किंग्स्टन (जमैका), 15 जून (एजेंसी) : शेरफेन रदरफोर्ड ने आखिरी ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया जिससे वैस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 2 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से जीत हासिल कर श्रृंखला अपने नाम कर ली।

## लवलीना 'उस्ती नाद लाबेम ग्रां प्री' में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी



नई दिल्ली, 15 जून (एजेंसी) : ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सहित राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल भारतीय मुक्केबाज बुधवार से चेक गणराज्य में शुरु हो रही आमंत्रण ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम में हिस्सा लेंगे।

लवलीना (75 किग्रा) के अलावा एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा), साक्षी (51 किग्रा) और परवीन हुड्डा (65 किग्रा) महिला टीम की सदस्य हैं। दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा) और अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) टीम के साथ यात्रा नहीं करेंगी क्योंकि वे चोट से उबर रही हैं। पुरुष टीम में जादुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिव सिचाव (60 किग्रा), आदित्य प्रताप (65 किग्रा), सुमित (70 किग्रा), अंकुश (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा) और नरेंद्र (90 किग्रा से अधिक) को जगह मिली है।

## गोवा में एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में 16 देशों के 350 खिलाड़ी लेंगे भाग

पणजी, 15 जून (एजेंसी) : एशिया ओशिनिया क्षेत्र के 16 देशों के लगभग 350 खिलाड़ी 21 से 27 जून तक यहां होने वाली 5वीं एशिया कप ब्रिज चैंपियनशिप में भाग लेंगे। भारतीय ब्रिज महासंघ के अध्यक्ष प्रसाद केनी ने कहा कि गोवा प्रत्येक 4 साल में होने वाले इस टूर्नामैंट की दूसरी बार मेजबानी करेगा। इससे पहले 2018 में यह चैंपियनशिप गोवा में आयोजित की गई थी। बीएफआई के सचिव देबासिस रे ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंडोनेशिया, बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, हांगकांग, जापान, चीनी ताइपे, फिलीपींस, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड और मेजबान भारत इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

## सपतक तलवार ऑस्ट्रिया में शीर्ष 20 में

ओबरहास (ऑस्ट्रिया), 15 जून (एजेंसी) : शीर्ष 10 में जगह बनाने की ओर बढ़ रहे भारत के सप्तक तलवार अंतत: अंतिम दौर में 2 अंडर 67 के स्कोर से यहां इंटरवेटेन ओपन गोल्फ टूर्नामैंट में संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर रहे।

तलवार का कुल स्कोर 10 अंडर रहा। इससे पहले वीर अहलावत कट हासिल करने में नाकाम रहे थे। तलवार ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती 9 होल में 4 बर्डी की। उन्होंने अंतिम 9 होल में भी 12वें होल में बर्डी की लेकिन इसके बाद 13वें होल में ट्रिपल बोगी कर गए।

उन्होंने 16वें होल में एक और बोगी की लेकिन 18वें होल में बर्डी के साथ 2 अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से 17वां स्थान हासिल किया। चेक गणराज्य के फिलिप मुरुजेक ने अंतिम दौर में 4 अंडर 65 के स्कोर से कुल 18 अंडर के स्कोर से खिताब जीता।



## शतरंज : मित्रभा गुहा ने ईस्पोर्ट्स नेशंस कप के लिए किया क्वालीफाई



रियाद, 15 जून (निकलेश जैन) : भारतीय ग्रैंडमास्टर मित्राभा गुहा ने क्षेत्रीय क्वालीफायर में शीर्ष स्थान हासिल कर नवंबर में यहां होने वाले ईस्पोर्ट्स नेशंस कप के लिए भारतीय शतरंज टीम में जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम में निहाल सरीन भी शामिल है जिन्होंने चैंपियंस चेस टूर (सीसीटी) लीडरबोर्ड के माध्यम से सीधा प्रवेश पाया। नेशंस कप में शतरंज प्रतियोगिता में 128 खिलाड़ी 6,00,000 अमरीकी डॉलर (5.7 करोड़ रुपए) के पुरस्कार पूल के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता 2 नवंबर से शुरु होगी और 8 नवंबर को प्लेऑफ फाइनल के साथ समाप्त होगी।

## दीपिका के 2 गोल से भारत ने नेशंस कप में अमरीका को 3-2 से हराया

ऑकलैंड, 15 जून (एजेंसी) : दीपिका के 2 गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को यहां एफ.आई.एच. नेशंस कप के पूल ए के अपने पहले मैच में शुरु में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अमरीका पर 3-2 से जीत हासिल की। भारत की तरफ से दीपिका के 2 गोल के अलावा नवनीत कौर ने भी एक गोल किया।

अमरीका की ओर से एशले सेसा और मैडलीन ज़िमर ने गोल किए। नेशंस कप की विजेता टीम अगले सत्र में प्रो लीग में खेलेगी। भारत पिछले सत्र में इससे बाहर हो गया था। अमरीका ने शानदार शुरुआत की और एशले ने चौथे मिनट में ही मैदानी गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

इसके महज 3 मिनट बाद अमरीका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब मैडलीन जिमर (7वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत पर शुरुआती दबाव बना दिया। 2 गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने आक्रामक रवैया अपनाया और धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ बना दी। भारत को आक्रामक अंदाज में खेलने का फायदा दूसरे क्वार्टर के शुरू में मिला जब ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका (17वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अंतर को कम किया।

दीपिका (24वें) एक बार फिर आगे बढ़ीं और उन्होंने फिर से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। भारत ने दबाव बनाए रखा और हाफ टाइम से पहले एक और गोल करके मैच का रुख पूरी तरह से पलट दिया। नवनीत (28वें) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को मैच में पहली बार बढ़त दिलाई। इस तरह से भारत ने हाफ टाइम तक 3-2 से आगे था।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने गोल करने के अच्छे प्रयास किए। इस तरह से भारत ने अंत तक अपनी बढ़त कायम रखते हुए 3 महत्वपूर्ण अंक हासिल किए।



### नीदरलैंड्स से हारी भारतीय पुरुष टीम

रॉटरडैम : भारतीय पुरुष हॉकी टीम को रॉटरडैम के हॉकी क्लब में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ रविवार को 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष हॉकी रैंकिंग में 8वें स्थान पर मौजूद भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (10वें मिनट में) और सुखजीत सिंह (33वें मिनट में) ने गोल किया। नीदरलैंड के लिए माइल्स बुकेन्स (तीसरे मिनट में), कोएन बिजेन (23वें मिनट में) और तिजमेंन रेयेंगा ने (40वें मिनट में) ने गोल किए।


क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

पंजाब केसरी, जग बाणी तथा हिन्द समाचार (जालंधर), नवोदय टाइम्ज (दिल्ली) में प्रकाशन हेतु अपने क्लासीफाइड विज्ञापन ro@thepunjabkesari.com पर भेजें।
आप अपने विज्ञापन रात 8 बजे तक हमारे कार्यालय में भी बुक करवा सकते हैं।
विज्ञापन की राशि आप हमारे निम्न खाते में जमा करवाएं :
THE HIND SAMACHAR LTD.
HDFC Account No.: 00468730000145
IFSC Code: HDFC 0000046
सम्पर्क हैड आफिस जालंधर:
0181-5067240, 5067245
Whatsapp No.
91155-00949

**नाम परिवर्तन**

I, Swaran Singh Son of Dalip Singh, Resident of Village Littan, Post Office Garhdiwala, Tehsil Dasuya, District Hoshiarpur have changed my name from Swaran Singh to Sawaran Singh. All concerned please note. (103141816/32)

I have changed my name Aarush to Aarush Arora S/o Kamal Deep R/o Ward No. 7, Pilibangan, Distt. Hanumangarh. Please note all concern. (BANSAL/23)

**बिकाऊ**

सफेदा पेड़ हाइब्रिड बिकाऊ 9 किला में, बारह लाख प्रति किला, गांव बडाकोट कछवाकलां नजदीक शाहपुर मछौंडा, अम्बाला छावनी। 94180-21320. (MONGA/20)

**पोल्ट्री**

PFA Punjab Zone Suggestive farm gate egg price for 16.06.26 Rs 601/- with tray Trading 624/- per 100 eggs (for the information of Trade Industry & Farmers). (OM/27)

NECC/ PPFA Punjab Zones suggestive farm gate egg price for 16.06.2026 Rs 598/- with tray Trading 620/- per 100 Eggs. (For the information of trade, industry & farmers). (GLOBAL/28)

**आवश्यक सूचना**
पंजाब केसरी में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों के संबंध में हमारा कोई दायित्व नहीं है। हम इनके दावों को सत्यापित नहीं करते। अत: पाठक इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

mUMbai mOOds

# सीरीज 'मां बहन' की शानदार सफलता के जश्न में पति के साथ पहुंचीं माधुरी













**बांद्रा** में नैटफ्लिक्स की सुपरहिट सीरीज 'मां बहन' की शानदार सफलता का जश्न मनाया गया। सीरीज की लीड स्टार्स माधुरी दीक्षित पति डॉ. श्रीराम माधव नेने, तृप्ति डिमरी और धारणा दुर्गा अपने ग्लैमरस अंदाज में बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस खास मौके पर निर्देशक सुरेश त्रिवेणी और पूरी टीम भी मौजूद रही। दुनियाभर के 15 देशों में ट्रैंड करने वाली इस सीरीज की सफलता को सैलीब्रेट करने के लिए सितारों का जमावड़ा लगा, जहां खुशी, उत्साह और सफलता की चमक हर चेहरे पर साफ दिखाई दी। (वीरेंद्र चावला)










*__बांद्रा__ में जिम के बाहर राशा थडानी स्पॉट हुईं। अंधेरी में महिमा मकवाना को देखा गया। जुहू में दीपिका चिखलिया नजर आईं।*



***शिल्पा शैट्टी***

*ने सोशल मीडिया पर लेटैस्ट फोटोशूट की तस्वीर शेयर की है। इसमें पिंक टोन का हॉल्टर-नैक स्टाइल का ड्रेप्ड जंपसूट पहना है, जिसमें स्कार्फ जैसा नॉट-डिटेल नैकलाइन है। न्यूड-पिंक लिप्स, हल्का ग्लोइंग बेस मेकअप, छोटी ईयररिंग्स, बैंगल्स और रिंग्स से लुक पूरा किया है।*



***काजोल देवगन***

*अपनी ग्लैमरस इमेज के लिए फेमस हैं। लेटैस्ट पोस्ट में ऑलिव ग्रीन रंग का एक ट्रैंच कोट पहना हुआ है। इस कोट के किनारों पर सफेद रंग की पाइपिंग या लेस जैसा काम है। लुक को खुले, लहराते हुए बालों, न्यूड मेकअप, गोल्डन अंगूठियों से कंप्लीट किया है।*

| पंजाब केसरी INTERVIEW मूवी >वैलकम टू द जंगल |

# बेहतर बनने की भूख आज भी बरकरार, 'गोलमाल' ने दिलाई घर-घर पहचान : तुषार कपूर

**अभिनेता** तुषार कपूर के फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे हो चुके हैं। तुषार ने फिल्मी करियर में कई रोल अदा किए और अपने फैंस को खूब एंटरटेन किया। तुषार कपूर अब हाल ही में ''वैलकम टू द जंगल'' और ''गोलमाल-5'' में नजर आने वाले हैं। इसी बीच एक्टर ने अपने करियर के शुरुआती दिनों से लेकर आज के डिजिटल दौर तक के बदलावों पर खुल कर बात की। ... इसी को लेकर तुषार कपूर ने **पंजाब केसरी/ नवोदय टाइम्स/ जगबाणी/ हिंद समाचार** से खास बातचीत की और दिलचस्प बातें शेयर कीं...

## डिजिटल दौर में भी अखबार व टी.वी. की अहमियत



**Q 25 शानदार साल पूरे करने का जश्न कैसा रहा?**

-कल ही सैलीब्रेशन हुआ। दोस्तों के साथ नहीं, बल्कि पैपराजी मेरे लिए केक लेकर आए थे। उन्होंने केक कटवाया व उसी तरह यह खास मौका सैलीब्रेट हुआ। बहुत अच्छा लगा।

**Q जब आपने शुरुआत की थी तब और आज में क्या सबसे बड़ा बदलाव देखते हैं?**

--जब मैंने शुरुआत की थी तब इंडस्ट्री काफी छोटी थी। पैपराजी भी बहुत कम हुआ करते थे। सिर्फ कुछ लोग ही स्टार्स की तस्वीरें लिया करते थे। आज सब कुछ डिजिटल हो गया है। प्रोमोशन के तरीके बदल गए हैं सोशल मीडिया आ गया है लेकिन फिर भी पारंपरिक मार्कीटिंग की अहमियत खत्म नहीं हुई है। आज भी अच्छी तस्वीरें, टैलीविजन प्रोमशन, अखबार और दूसरे माध्यम जरूरी हैं। बदलाव जरूर आया है, लेकिन कुछ चीजें हमेशा बनी रहती हैं।

**Q 2001 में पहली फिल्म और अब आपमें क्या बदला है?**

-मेरे अंदर जो चीज बिल्कुल नहीं बदली वह है लगातार बेहतर बनने की भूख। कोशिश करते रहना और आगे बढ़ते रहना, यह आज भी वैसा ही है। जहां तक बदलाव की बात है, मैं मानसिक रूप से कहीं ज्यादा मजबूत हो गया हूं। उम्र के साथ परिपक्वता आई है, आत्मविश्वास बढ़ा है। मैं पिता बना हूं, जिंदगी को अलग नजरिए से देखता हूं। पहले बहुत-सी चीजों के बारे में ज्यादा सोचता था, लेकिन अब मैं काफी संतुलित हो गया हूं। मैंने देखा है कि कुछ लोग 20-25 साल बाद भी बिल्कुल नहीं बदलते, लेकिन मेरे भीतर समय के साथ एक सकारात्मक विकास हुआ है।

**Q आपकी शुरुआत रोमांटिक व कॉलेज ब्वॉय इमेज से हुई। क्या कभी लगा कि आप खास तरह की भूमिकाओं तक सीमित रहे?**

-मुझे कभी ऐसा नहीं लगा। 80 और 90 के दशक में अभिनेता इतनी ज्यादा रणनीति नहीं बनाते थे। जो अच्छा काम मिलता था, वह करते थे। बाद में मल्टीप्लैक्स कल्चर आया और यह चर्चा शुरू हुई कि खुद को लगातार रीइन्वैंट करना चाहिए, अलग-अलग तरह के किरदार करने चाहिएं लेकिन मेरा मानना था कि अगर दर्शक मुझे किसी खास तरह की भूमिका में पसंद कर रहे हैं तो मुझे उन्हें खुश करना चाहिए। मैं किसी को कुछ साबित करने के लिए फिल्में नहीं कर रहा था। मेरा मकसद था कि फिल्म अच्छी हो और दर्शकों को पसंद आए।

**Q फिर 'खाकी', 'शोर इन द सिटी' जैसी फिल्मों में आपने अलग तरह के किरदार निभाए। क्या ये आपके लिए टर्निंग प्वाइंट रहे?**

-'खाकी' मेरे करियर का बड़ा टर्निंग प्वाइंट थी। उसके बाद 'शूटआऊट एट लोखंडवाला' और 'शोर इन द सिटी' जैसी फिल्मों ने भी मुझे अभिनेता के तौर पर अलग पहचान दी लेकिन सच कहूं तो उस समय मैंने कभी यह सोचकर फिल्में नहीं कीं कि मैं अपनी इमेज बदल रहा हूं या कोई नया प्रयोग कर रहा हूं। मुझे स्क्रिप्ट अच्छी लगी और मैंने फिल्म कर ली।

**Q जब आप पीछे मुड़कर देखते हैं तो कौन-सी फिल्में या पल आपको सबसे ज्यादा संतुष्टि देते हैं?**

-'खाकी' निश्चित रूप से उनमें से एक है। 'क्या कूल हैं हम' भी मेरे लिए बहुत खास रही लेकिन अगर एक फ्रैंचाइजी का नाम लेना हो, जिसने मुझे घर-घर पहुंचाया तो वह 'गोलमाल' है। मैं पूरी विनम्रता से कह सकता हूं कि 'गोलमाल' ने मुझे परिवारों और बच्चों के बीच एक अलग पहचान दी। जब कोई परिवार एयरपोर्ट पर आकर कहता है कि उन्हें मेरा काम पसंद है, तब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत सफल हुई है। मेरे लिए यही सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**Q आगे चलकर क्या फिर हॉरर, थ्रिलर या सुपरनैचुरल जैसी शैलियों में काम करना चाहेंगे?**

-बिल्कुल। मैंने पहले भी 'कुछ तो है' जैसी फिल्में की हैं, जो हॉरर और थ्रिलर जॉनर की थीं। मुझे ऐसे विषय पसंद हैं लेकिन अगर किसी फिल्म को दोबारा बनाना हो तो मैं 'ढोल' का नाम लूंगा। वह फिल्म आज भी लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है। टी.वी. और इंटरनैट पर लगातार देखी जाती है। लोग आज भी उसके डायलॉग और सीन दोहराते हैं। मुझे लगता है कि 'ढोल' एक ऐसी फिल्म है, जिसे फिर से बनाया जा सकता है।

**Q आपने निर्माता के रूप में भी काम किया है। क्या आगे और प्रोडक्शन करने का विचार है?**

-मैंने 'लक्ष्मी' को प्रोड्यूस किया था और उस अनुभव से मुझे समझ आया कि प्रोडक्शन एक फुल-टाइम जिम्मेदारी है। एक निर्माता को हर विभाग, हर समस्या और हर चुनौती को संभालना पड़ता है। अभिनेता का काम खत्म होने के बाद वह दूसरे प्रोजैक्ट में चला जाता है, लेकिन निर्माता फिल्म के साथ अंत तक जुड़ा रहता है। इसलिए मैं तभी प्रोडक्शन करूंगा जब मुझे लगेगा कि मैं उसे पूरा समय व न्याय दे सकता हूं। फिलहाल मेरा मुख्य फोकस अभिनय पर है।

**Q आपकी आने वाली फिल्म 'वैलकम टू द जंगल' को लेकर क्या कहना चाहेंगे?**

-मैंने अभी तक फिल्म का फाइनल वर्जन नहीं देखा है, लेकिन इस फिल्म से मुझे बहुत उम्मीदें हैं। हम पिछले अढ़ाई-तीन साल से इस प्रोजैक्ट के साथ जुड़े हुए हैं। इतने बड़े कलाकारों की मौजूदगी के कारण फिल्म को पूरा होने में समय लगा लेकिन सभी ने बहुत मेहनत की है। अब हमारी सबसे बड़ी इच्छा यही है कि दर्शक फिल्म को पसंद करें और यह बड़ी सफलता हासिल करे।

**Q इतने बड़े कलाकारों के साथ शूटिंग करना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

-चुनौतीपूर्ण कम और मजेदार ज्यादा था। सैट पर पुराने और नए कलाकारों का शानदार मेल था। हम सभी एक-दूसरे के साथ खूब बातचीत करते थे और माहौल बहुत सकारात्मक था। काम इतना आनंददायक था कि समय कैसे निकल गया पता ही नहीं चला।

## हमें भी साथ ले चलो...



कोलकाता: जान जोखिम में डालकर बाइक पर सवार होकर जाते परिवार के 6 लोग।

## सुंदरियों का मंच



रोमः सौंदर्य प्रतियोगिता के दौरान सबको मोहित करतीं सुंदरियां।

## हंसगुल्ले




**एक** पुराने किले में जश्न चल रहा था। राजा खुश होकर बोला कि आज सब कैदियों को आजाद कर दिया जाए। इसी दौरान उसकी नजर एक बुजुर्ग कैदी पर पड़ी।

राजा, ''बाबा, तुम यहां कब से कैद हो?''

बुजुर्ग, ''हुजूर, आपके पिता के जमाने से।''

यह सुनकर राजा की आंखें नम हो गईं। वह बोला, ''अरे इसे वापस ले जाओ। यह तो पिता जी की निशानी है।''

☺☺☺



**प्रेमिका,** ''जानू तुम हफ्ते में कितनी बार दाढ़ी बनाते हो?''

प्रेमी, ''यही कोई 20-30 बार।''

प्रेमिका, ''पागल हो, एक हफ्ते में इतनी बार कौन दाढ़ी बनाता है?''

प्रेमी, ''अरे मैं नाई हूं।''

## परिश्रम का महत्व

ज्ञानामृत

**राजा** कुंवर सिंह को किसी चीज की कमी नहीं थी, फिर भी उनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहता था। बीमारी के चलते वह परेशान रहते थे। कई वैद्यों ने उनका इलाज किया, लेकिन उनको कुछ फायदा नहीं हुआ। राजा की बीमारी बढ़ती गई। सारे नगर में यह बात फैल गई। परिश्रम का महत्व समझाने की मंशा से एक बुजुर्ग ने राजा से कहा, "महाराज, आपकी बीमारी का इलाज करने की मुझे आज्ञा दीजिए।"

राजा से अनुमति पाकर वह बोला, "आप किसी सुखी मनुष्य का कुर्ता पहनिए, अवश्य स्वस्थ हो जाएंगे" बूढ़े की बात सुनकर सभी दरबारी हंसने लगे, लेकिन राजा ने सोचा, "इतने इलाज किए हैं तो एक और सही।" राजा के सेवकों ने सुखी मनुष्य की बहुत खोज की, लेकिन उन्हें कोई पूर्ण सुखी मनुष्य नहीं मिला। सभी लोगों को किसी न किसी बात का दुख था।

अब राजा स्वयं सुखी मनुष्य की खोज में निकल पड़े। बहुत तलाश के बाद वह एक खेत में जा पहुंचे। कड़ी धूप में एक किसान अपने काम में लगा हुआ था। राजा ने उससे पूछा, "क्यों जी, आप सुखी हो?" किसान की आंखें चमक उठीं। वह बोला, "ईश्वर की कृपा से मुझे कोई दुख नहीं है।" यह सुनकर राजा का अंग-अंग मुस्कुरा उठा। उस किसान का कुर्ता मांगने के लिए ज्यों ही उन्होंने उसके शरीर की ओर देखा, उन्हें मालूम हुआ कि किसान सिर्फ धोती पहने हुए है और उसकी सारी देह पसीने से तर है।

इसके बाद राजा समझ गया कि परिश्रम करने के कारण ही यह किसान सच्चा सुखी है। उन्होंने आराम-चैन छोड़कर परिश्रम करने का संकल्प किया। थोड़े ही दिनों में राजा की बीमारी दूर हो गई।

## शक्ति और संतुलन



*स्विट्जरलैंड: एक-दूसरे की पीठ पर संतुलन बनाते हुए करतब दिखाते कलाकार।*

**एक्स ट्रैंड्स** यूएसईरान, नोएडा इंटरनैशनल, स्लोवाकिया, शहीद स्मारक, पहलगाम आदि ट्रैंड्स चले।







**ये कार्टून पश्चिम बंगाल में चुनावी हार के बाद टी.एम.सी. में मची उथल-पुथल पर आधारित हैं।**

**जब रास्ता मुश्किल हो तो हौसले और मजबूत करो।**

## हसीन अंदाज



*जकार्ताः स्वागत समारोह में आकर्षण का केन्द्र बनी डांसर।*

## परेड की शान



*न्यूयार्कः आकर्षक वेश बनाए परेड में भाग लेतीं डांसर्स।*

## नया स्टाइल



*पैरिसः नए स्टाइल वाली हैट पहनकर अदाएं दिखाती मॉडल।*

# जब ई.डी. ने विपक्ष को बांटा

**ऑफ द रिकॉर्ड**

यह सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन सच है। आम तौर पर, जब सी.बी.आई. या प्रवर्तन निदेशालय (ई. डी.)किसी विपक्षी नेता के यहां छापा मारते हैं, तो उसका एक तय असर होता है: इससे विपक्षी पार्टियां राजनीतिक बदले की भावना के खिलाफ एकजुट हो जाती हैं। हालांकि, केरल में ई.डी. ने इसके ठीक उलट काम किया है।


यह विवाद पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी टी. वीना और उनकी कंपनी 'एक्सलॉजिक' के 'कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड' के साथ वित्तीय लेन-देन से जुड़े आरोपों के इर्द-गिर्द घूमता है। ई.डी. की जांच कई महीनों तक धीमी गति से चलती रही। आधिकारिक तौर पर, सूत्रों ने इस देरी के लिए अदालती आदेशों को जिम्मेदार ठहराया। फिर भी, यह मुद्दा कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार का एक बड़ा हथियार बन गया। राहुल गांधी ने बार-बार सी.पी.आई.(एम) पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि केरल में यह पार्टी भाजपा से मिली हुई है।

आखिरकार 26 मई को ई.डी. ने वीना के ठिकानों पर छापा मारा और सी.पी.आई.(एम) कार्यकर्ताओं ने ई.डी. की गाड़ियों में तोड़-फोड़ की; उनका दावा था कि वे विजयन का बचाव करने आए थे। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि ई.डी. अधिकारियों ने उनसे कोई पूछताछ नहीं की। फिर भी, सी.पी.आई.(एम) के महासचिव एम.ए. बेबी ने चुनाव प्रचार के दौरान इस मुद्दे को उठाने के लिए राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की थी। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि असली कहानी 'इंडिया' गठबंधन के भीतर की फूट नहीं, बल्कि खुद सी.पी.आई.(एम) के भीतर की फूट है। कभी सी.पी.आई.(एम) में पश्चिम बंगाल की लीडरशिप का दबदबा रहता था, लेकिन अब इसका मुख्य केंद्र पूरी तरह से केरल की ओर शिफ्ट हो गया है।

भविष्य की दिशा को लेकर पार्टी में संघर्ष साफ दिख रहा है— और ई.डी. वाले मामले ने इन मतभेदों को और उजागर कर दिया है। राहुल गांधी अपनी बात पर अड़े हुए हैं और सी.पी.आई.(एम) ने भी इस मुद्दे पर राहुल गांधी के खिलाफ सार्वजनिक रूप से रुख अपनाया है। इस खींचतान वाली लड़ाई का आखिरी नतीजा अभी आना बाकी है।

# अध्ययन में खुलासा: 40 साल से पहले 'रजोनिवृत्ति' से बढ़ सकता है हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा

नई दिल्ली, 15 जून (इंट): 40 वर्ष की आयु से पहले रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) का सामना करने वाली महिलाओं में हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है। एक अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है कि समय पूर्व मेनोपॉज महिलाओं की हृदय सेहत पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है।



### भारतीय महिलाओं में भी दिखा बढ़ा जोखिम

अध्ययन में शामिल भारतीय महिलाओं के आंकड़ों ने भी चिंता बढ़ाई है। शोधकर्त्ताओं के अनुसार समय पूर्व या जल्दी मेनोपॉज का अनुभव करने वाली महिलाओं में हृदय रोगों का जोखिम सामान्य आयु में मेनोपॉज होने वाली महिलाओं की तुलना में काफी अधिक पाया गया। अध्ययन में बड़ी संख्या में भारतीय महिलाओं के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया गया।

### महिला हार्मोन का सुरक्षात्मक प्रभाव घटता है

विशेषज्ञों का कहना है कि मेनोपॉज से पहले महिला हार्मोन एस्ट्रोजन हृदय और रक्त वाहिकाओं को कुछ हद तक सुरक्षा प्रदान करता है। यह रक्त में वसा, सूजन और रक्त वाहिकाओं की कार्यप्रणाली को नियंत्रित करने में मदद करता है। मेनोपॉज के बाद यह सुरक्षा कम होने लगती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है।

### एक लाख से अधिक महिलाओं के आंकड़ों का विश्लेषण

यह अध्ययन 26 देशों की एक लाख से अधिक महिलाओं के स्वास्थ्य आंकड़ों पर आधारित है। शोध में मेनोपॉज की आयु और हृदय रोगों के बीच संबंध का मूल्यांकन किया गया। परिणामों में पाया गया कि कम उम्र में मेनोपॉज होने वाली महिलाओं में हृदय संबंधी घटनाओं की आशंका अपेक्षाकृत अधिक रहती है।

### तनाव, धूम्रपान और मधुमेह भी प्रमुख कारण

विशेषज्ञों के अनुसार समय पूर्व मेनोपॉज के पीछे कई कारक जिम्मेदार हो सकते हैं। इनमें धूम्रपान, मधुमेह, मोटापा, असंतुलित खानपान, तनाव, अपर्याप्त नींद और शारीरिक गतिविधियों की कमी प्रमुख हैं। पर्यावरणीय प्रदूषण और कुछ रासायनिक तत्व भी हार्मोनल बदलावों को प्रभावित कर सकते हैं।

### जीवनशैली में सुधार से कम किया जा सकता है जोखिम

डाक्टरों का मानना है कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इस जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, धूम्रपान से दूरी, पर्याप्त नींद और रक्तचाप तथा शुगर के स्तर की नियमित जांच महिलाओं की हृदय सेहत को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकती है।

### महिलाओं की स्वास्थ्य जांच पर बढ़ा जोर

विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि जिन महिलाओं में समय पूर्व मेनोपॉज के संकेत दिखाई दें, उन्हें नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहिए।

विशेष रूप से हृदय रोग, मधुमेह और रक्तचाप से जुड़े जोखिम कारकों की निगरानी समय रहते उपचार और बचाव में सहायक हो सकती है।

### जागरूकता और रोकथाम है सबसे बड़ा उपाय

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि समय पूर्व मेनोपॉज को केवल प्रजनन स्वास्थ्य का विषय मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

इसके दूरगामी प्रभावों को देखते हुए महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने और रोकथाम संबंधी उपायों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

**अध्ययन के प्रमुख पहलू**

- अध्ययन में शामिल देश: 26
- अध्ययन में शामिल महिलाएं:1.11 लाख से अधिक
- भारतीय महिलाओं की संख्या:7,872
- समयपूर्व मेनोपॉज ( 40 वर्ष से पहले ): 18.4%
- जल्दी मेनोपॉज ( 40-44 वर्ष ): 25.3%
- समयपूर्व/जल्दी मेनोपॉज वाली भारतीय महिलाएं:43.6%
- औसत मेनोपॉज आयु:44.6 वर्ष
- हृदय रोग जोखिम में वृद्धि: 30-40% तक

**जोखिम बढ़ाने वाले प्रमुख कारक**

- धूम्रपान
- मधुमेह
- मोटापा
- अस्वास्थ्यकर भोजन
- तनाव
- अपर्याप्त नींद
- शारीरिक गतिविधि की कमी
- पर्यावरणीय प्रदूषण और अत्यधिक गर्मी

**विशेषज्ञों का संदेश**

समयपूर्व मेनोपॉज को गंभीरता से लें और हृदय स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# पाक पंजाब में जांच चौकी पर आत्मघाती हमला, 2 पुलिस कर्मियों की मौत



लाहौर, 15 जून (एजैंसी): पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन से पुलिस चौकी को टक्कर मार दी जिससे 2 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई और 5 अन्य जवान घायल हो गए।

'डॉन' समाचारपत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, यह हमला रविवार को डेरा गाजी खान जिले में हुआ और हमलावर ने तौंसा तहसील के वाहोवा क्षेत्र के पास स्थित झांगी पुलिस चौकी को निशाना बनाया। अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती हमले में 2 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई और 5 अन्य लोग घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी सादिक बलूच ने बताया कि हमले में एक आतंकवादी भी मारा गया।

पुलिस ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया और सुरक्षा बल तौंसा तहसील को घेर कर घटनास्थल से सबूत जुटा रहे हैं। विस्फोटकों से भरे वाहन से झांगी पुलिस चौकी के मुख्य द्वार पर टक्कर मारी गई जिससे चौकी की इमारत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

# अमरनाथ यात्रा पूरे भारत में नफरत खत्म करने का मौका देती है : महबूबा मुफ्ती



श्रीनगर, 15 जून (एजैंसी): पीपुल्स डैमोक्रेटिक पार्टी (पी. डी. पी.) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा करना कश्मीरियों का फर्ज है और यह बढ़ती नफरत एवं ध्रुवीकरण के इस दौर में सद्भाव बनाने का एक अवसर भी है। हिमालय की दक्षिण कश्मीर स्थित पर्वत शृंखला में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर की 57-दिवसीय तीर्थयात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है।

पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा पहलगाम में स्थानीय आतिथ्य क्षेत्र के हितधारकों से मिलने पहुंचीं, जहां उन्होंने कहा कि यात्रा पूरे भारत में नफरत खत्म करने का अवसर है। यात्रा की सुरक्षा करना हमारा फर्ज है, यह केवल सुरक्षाबलों की जिम्मेदारी नहीं है। अमरनाथ यात्रा पर आने वाला हर तीर्थयात्री कश्मीर का मेहमान है। वे हमारी धरती, हमारे लोगों और हमारी मेहमाननवाजी की कहानी भारत के कौने-कौने तक ले जाते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि वे हमारे स्नेह और मेहमाननवाजी की यादें लेकर जाएं। इसी से हम कश्मीर की आत्मा की रक्षा करते हैं और मुसलमानों के खिलाफ गढ़े गए झूठे विमर्श का जवाब देते हैं।

उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों की ही नहीं, बल्कि कश्मीर के हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। बढ़ती नफरत और ध्रुवीकरण के इस दौर में यात्रा को सद्भाव बनाने, इंसानी रिश्तों को मजबूत करने और पूरे भारत में दूरियां पाटने का अवसर बनना चाहिए। यात्री राजदूत की भूमिका निभाते हैं, जो कश्मीर में अपना अनुभव अपने घरों और समुदायों तक ले जाते हैं।

# एन.सी.ई.आर.टी. पुस्तक में मोहनजोदड़ो 'डांसिंग गर्ल' की ढकी हुई तस्वीर प्रकाशित, खड़े हुए सवाल

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): 'डांसिंग गर्ल' के नाम से प्रसिद्ध मोहनजोदड़ो की कांस्य प्रतिमा के निर्वस्त्र धड़ को एन.सी.ई.आर.टी. की नौवीं कक्षा की नई पाठ्य पुस्तक में ढका हुआ दिखाया गया है, जिसके बाद इस पर सवाल खड़े हो गए हैं।

यह तस्वीर एन.सी.ई.आर.टी. की नौवीं कक्षा की कला शिक्षा की नई पुस्तक 'मधुरिमा' के पहले अध्याय 'कला का इतिहास' में प्रकाशित की गई है। पुस्तक में प्रकाशित इस चित्र में प्रतिमा का ऊपरी हिस्सा मूल प्रतिमा की तस्वीरों की तुलना में बदला हुआ दिखाई दिया है।

प्रतिमा के ऊपरी हिस्से पर छायांकन किया गया है, जिससे उसके शरीर के वे हिस्से साफ दिखाई नहीं दे रहे जो मूल मूर्ति में नजर आ रहे हैं। इसके विपरीत, एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा छह की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में 'डांसिंग गर्ल' की तस्वीर मूल कांस्य प्रतिमा के अधिक करीब दिखाई देती है। एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा 6 की नई सामाजिक विज्ञान पुस्तकों की समिति के प्रमुख रहे माइकल डैनिनो ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि डांसिंग गर्ल की प्रतिमा को 'उम्र के अनुसार उपयुक्त नहीं' माना गया।

उन्होंने कहा, "यह हमारी कक्षा छह की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक से जुड़ा मामला है। मुझे जो कारण बताया गया, वह यह था कि डांसिंग गर्ल की तस्वीर उस उम्र के बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं मानी गई।" उन्होंने कहा, "हमारी टीम इससे सहमत नहीं थी। हमने कक्षा छह के शिक्षकों से भी बात की और उन्होंने बताया कि डांसिंग गर्ल की प्रतिमा को लेकर कभी कोई समस्या नहीं रही।" डैनिनो ने कहा, "मेरे विचार में नग्नता को अनुपयुक्त मानना विक्टोरियन युग की पुरानी सोच है। फिर भी हम भारतीय शिक्षा को उपनिवेशवादी प्रभावों से मुक्त करने की बात करते हैं।"

# नीट प्रश्नपत्र लीक मामला : अदालत ने सी.बी.आई. को दी जेल में 3 आरोपियों से पूछताछ की इजाजत

नई दिल्ली, 15 जून (एजैंसी): दिल्ली की एक अदालत ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी.बी.आई.) की, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में जेल में बंद 3 आरोपियों से पूछताछ करने से जुड़ी अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायाधीश सुरेन्द्र मोहित सिंह सी.बी.आई. की उस याचिका की सुनवाई कर रहे थे, जिसमें न्यायिक हिरासत में बंद 3 आरोपियों- मनीषा संजय वाघमारे, धनंजय निवृत्ति लोखंडे और शुभम मधुकर खैरनार से पूछताछ की अनुमति मांगी गई थी। याचिका में कहा गया, "यह खुलासा हुआ है कि आरोपी (तीनों) मुख्य साजिशकर्त्ता हैं, जिन्होंने 3 मई को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा से पहले आर्थिक लाभ के बदले प्रश्नपत्रों के लीक होने और उनके प्रसार की सुविधा दी थी।' याचिका में अदालत से जांच के संबंध में आवश्यक स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मांगी गई थी। इस मामले में सी.बी.आई. ने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस वर्ष मैडीकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा प्रश्नपत्र लीक के आरोपों के बीच एन.टी.ए. ने इसे 12 मई को रद्द कर दिया था। अब यह परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी।

# 'जी-7' के लिए ट्रम्प फ्रांस पहुंचे



*जी-7 समिट के दौरान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ।*

इविन लेस बेंस(फ्रांस), 15 जून (एजैंसी) : राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को फ्रांस पहुंच गए, जहां वह दुनिया के प्रमुख औद्योगिक देशों के नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

उनके पहुंचने पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होटल रॉयल में ठहरने की व्यवस्था की गई है। जी7 सम्मेलन के दौरान ट्रम्प कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात करेंगे। इनमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। दोनों नेताओं की द्विपक्षीय बैठक पर खास नजर रहेगी।

# ब्रिटेन में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए बैन होगा 'सोशल मीडिया' : स्टार्मर

लंदन, 15 जून (एजैंसी): ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को घोषणा की कि बच्चों की 'भलाई और सुरक्षा' के लिए 16 साल से कम उम्र के सभी अवयस्कों के लिए सोशल मीडिया ऐप के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाएगी। लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट से दिए गए एक भाषण में स्टार्मर ने कहा कि एक प्रधानमंत्री के तौर पर और छोटे बच्चों के पिता के तौर पर उनका यह फैसला उचित है। उन्होंने माना कि दुनिया की कुछ सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर इस तरह की रोक लगाना आसान नहीं होगा, लेकिन बच्चों की सेहत और भलाई सबसे ज्यादा जरूरी है। स्टार्मर ने कहा कि आज हमारे देश के लिए एक बड़ा पल है। यह हमारे बच्चों और हमारे भविष्य के लिए एक बड़ा कदम और असल बदलाव है, क्योंकि आज मैं यह घोषणा कर सकता हूं कि सरकार 16 साल से कम उम्र के सभी बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाएगी।

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में जुटने लगे देशभर के साधु-संत, 'बम-बम भोले' के गूंजे जयकारे



जम्मू, 15 मई (एजैंसी): वार्षिक अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होने वाली है जो 57 दिन तक चलेगी। इस यात्रा के लिए कई साधु और श्रद्धालु जम्मू पहुंचने लगे हैं और पुराने शहर के राम मंदिर में ठहर रहे हैं। यह स्थान यात्रा शुरू करने से पहले एक प्रमुख पड़ाव है, जिसके चलते जम्मू में 'बम-बम भोले' के जयकारे गूंजे रहे हैं।

यात्रा के आधिकारिक तौर पर शुरू होने से कई हफ्ते पहले मंदिर में साधु-संतों का लगातार आगमन देखा जा रहा है। वे यहां प्रार्थना, धार्मिक चर्चा और सेवा में समय बिताते हैं और दक्षिण कश्मीर के हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर तक की यात्रा की तैयारी करते हैं। अयोध्या से आए साधु अमर दास ने बताया कि वह यात्रा से डेढ़ महीना पहले ही यहां पहुंच गए थे, ताकि मंदिर में ठहरे अन्य साधु-संतों की सेवा कर सकें। दास 2014 से अमरनाथ यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में साधु-संतों और तीर्थयात्रियों की सेवा करने से उन्हें बहुत खुशी मिलती है।

### लंदन में हजारों कश्मीरियों ने पाक के खिलाफ निकाला मार्च

लंदन, 15 जून (एजैंसी): लंदन में हजारों 'ब्रिटिश कश्मीरी' पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के विरोध में मार्च निकालने के लिए 'पार्लियामैंट स्क्वेयर' में इकट्ठा हुए। भीड़ ने बैनर लहराए और पाकिस्तानी बलों के खिलाफ 'क्रांति' के समर्थन में नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने 'ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी' के समर्थन में मानवाधिकारों की बहाली तथा क्षेत्र में फैलाए जा रहे 'आतंकवाद' के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने 'पाकिस्तानी सेना वापस जाओ' जैसे नारे भी लगाए। उन्होंने पी.ओ.के. में आम नागरिकों की कथित हत्याओं, महिलाओं के उत्पीड़न और शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ बल प्रयोग पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों ने 'न्याय' की मांग करते हुए नारे लगाए और क्षेत्र में हाल में सामने आई अशांति की घटनाओं को उजागर करने के लिए तख्तियां लहराईं। यह विरोध मार्च इस सप्ताह की शुरुआत में ब्रैडफोर्ड स्थित पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास के बाहर हुए इसी तरह के प्रदर्शनों के बाद निकाला गया।

# सुखबीर बादल ने शहरी क्षेत्रों में 'माइक्रो मैनेजमैंट' मुहिम पर ध्यान किया केंद्रित

**■ शिअद 250 से ज्यादा सीटें जीतकर 11 नगर समितियों में प्रधान एवं टीम बना रहा**

चंडीगढ़/जालंधर, 15 जून (अर्चना, मृदुल): शिरोमणि अकाली दल ने कादियां नगर परिषद में 15 में से 8 सीटें जीतकर बड़ी जीत दर्ज की है और अपनी टीम बनाने की तैयारी कर रही है। यह विरोधी पार्टी के नेता प्रताप सिंह बाजवा के पैतृक हलके में अकाली दल की बड़ी जीत है। कादियां में जीत के साथ-साथ अकाली दल ने राज्य भर में नगर परिषद चुनावों में बड़ी जीत दर्ज करते हुए वोट शेयर के मामले में कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया है।

नगर निगम चुनावों में अकाली दल की बड़ी जीत के साथ इसने 11 से अधिक नगर परिषदों/कमेटियों में अपनी टीम गठन का रास्ता प्रशस्त कर दिया है, जबकि कांग्रेस की 8 और भाजपा की 2 परिषद संस्थाओं में जीत हुई है।

शहरी चुनावों में अकाली दल के वोट शेयर ने भी शहरी इलाकों में इसे बड़ी ताकत के रूप में उभारकर साबित किया है। अकाली दल ने 1977 वार्डों में से सिर्फ 1251 वार्डों पर चुनाव लड़ा क्योंकि बड़ी संख्या में उसके उम्मीदवारों के कागज रद्द किए गए, जबकि कांग्रेस ने 1550 सीटों से चुनाव लड़े और भाजपा ने 1316 सीटों पर चुनाव लड़े।

मलूका में शिअद को 55 फीसदी वोट मिले, संगत में 51 फीसदी, कोट शमीर में 43, भगता भाईका में 43, मजीठा में 42, महराज में 41, नथाणा में 40, भुच्चों में 37, मौड़ में 31 फीसदी, फरीदकोट में 31 और समराला में पार्टी को 29 फीसदी वोट मिले।

इसके अलावा राज्य भर में अकाली दल की सहायता से 50 से ज्यादा आजाद उम्मीदवारों ने जीत हासिल की और इनमें से 30 से ज्यादा पहले ही पार्टी अध्यक्ष सुखबीर बादल की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक अकाली दल लहरा मुहब्बत, बुढलाडा, राहों और गोनियाना में भी अपनी कमेटी गठित करेगा।

इससे पहले जिला परिषद में अकाली दल ने सिर्फ 273 सीटों के लिए चुनाव लड़े और 51 सीटों में इसके नामांकन पत्र रद्द किए गए, पार्टी ने 25.5 फीसदी वोट लेकर कांग्रेस को वोट शेयर में पछाड़ा क्योंकि कांग्रेस को 25.1 फीसदी वोट शेयर मिला और भाजपा को 5.1 वोट मिले।

अकाली दल कांग्रेस के मुकाबले मुख्य विपक्षी पार्टी के रूप में उभरी है। मालवा और माझा में पार्टी कांग्रेस से आगे रही है। मालवा में अकाली दल को 27.5 फीसदी वोट मिली जबकि कांग्रेस को 24.7 फीसदी वोट मिली। इसी तरह माझा में अकाली दल को 25.3 फीसदी वोट मिली जबकि कांग्रेस को 22.2 फीसदी वोट मिली।

सुखबीर बादल ने शहरी क्षेत्रों में 'माइक्रो मैनेजमैंट' मुहिम पर ध्यान केंद्रित किया है जिसके चलते शहरी हलकों में अकाली दल को 250 से ज्यादा सीटें मिली हैं। पार्टी के मुताबिक सुखबीर बादल द्वारा शहरी हलकों में की सख्त मेहनत के कारण ही यह वोट मिली है। पार्टी ने प्रत्येक विंग के हलका इंचार्ज और प्रधान नियुक्त किए हैं। बुनियादी स्तर पर किए इस काम का असर 2027 के चुनावों में होता साफ दिखाई दे रहा है।

# 'इथियोपिया' में बस दुर्घटना, 31 लोगों की मौत

अदीस अबाबा, 15 जून (एजैंसी): इथियोपिया में संघर्ष प्रभावित उत्तरी अम्हारा इलाके में बस दुर्घटना में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। कोम्बोल्चा शहर प्रशासन पुलिस विभाग के अनुसार खचाखच भरी बस सोमवार सुबह डेसी इलाके से राजधानी अदीस अबाबा जा रही थी, तभी वह सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी। इलाके में बुनियादी सुविधाओं और एम्बुलैंस सेवाओं की कमी के कारण आपातकालीन मदद पहुंचने में देरी हुई, जिससे कई लोगों की मौत हो गई और यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन से ले जाना पड़ा।


No.. 1001, Dated : 15-06-2026
Mobile No. 9417095466

**प्रवर चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी, सी.एच.सी. रायपुररानी**

सर्व आमजन को सूचित किया जाता है कि सी.एच.सी. रायपुररानी व उनकी अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में 18 पदों पर वालंटियर डोमैस्टिक ब्रीडर चैकर को माह जून 2026 से 30 नवम्बर 2026 तक रखा जाना है, जिनको "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर रखा जाना है। वालंटियर यह बात भली-भांति समझ कर आवेदन करें कि यह कोई नौकरी नहीं है, बल्कि उनकी तरफ से Community Service है, जिसका मानदेय नियमानुसार दिया जाएगा, यह वेतन नहीं है। वालंटियर की आयु 18 वर्ष से अधिक हो तथा फील्ड का कार्य करने के लिए स्वस्थ एवं सक्षम हो। जिन वालंटियर ने लगातार 5 वर्षों तक या विभिन्न वर्षों में कुल 5 वर्षों तक डोमैस्टिक ब्रीडर चैकर के तौर पर कार्य किया है, वे उम्मीदवार वर्ष 2026 में डोमैस्टिक ब्रीडर चैकर के तौर पर कार्य करने हेतु पात्र नहीं हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 19-06-2026 तक प्रवर चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी, सी.एच.सी. रायपुररानी के कार्यालय की E-mail Adress : chcraipurranipkl@gmail.com पर सायं 5:00 बजे तक भिजवाना सुनिश्चित करें। कोई भी आवेदन दस्ती (By hand) स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन में पूरा नाम, पिता/पति का नाम, जैण्डर, जन्मतिथि, रिहायशी पता, डी.बी.सी. के तौर पर कुल कितने वर्ष व किस-किस वर्ष कार्य का विवरण और मोबाईल नम्बर लिखा जाए।

प्रवर चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी
सी.एच.सी. रायपुररानी
PRDH/1058/11/1385/2027/46280/218/4



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. स. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य का नाम निविदा सूचना | प्रारंभ तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | बोर्ड निगम/ प्राधि. की वैबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर समिति जाखलमंडी | ओम प्रकाश चंद नाई वाली गली और पिंकी रानी के घर से दुनी चंद के घर तक और गुरप्रीत सिंह के घर से मुना के घर तक और काकू पहाड़िया वाली गली वार्ड 11 एमसी जाखल में आईपीबी गली का निर्माण + 14 कार्य। | 12.06.2026 20.06.2026 | 1,40,91,098/- | https:// etenders. hry.nic.in | 98132 50056 mcjakhalmandi @gmail.com |

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in देखें। PRDH/13/2027/40/46249/I/218/4



**SBI भारतीय स्टेट बैंक**

झारमाजरी शाखा: तहसील बद्दी एवं जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश-174103
मोबाइल: 7831019428, ई-मेल: sbi.51359@sbi.co.in

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

विशेष रूप से गिरवीकर्ता तथा सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित खातों में गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी **15.07.2026 को दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे** तक उपर्युक्त शाखा में आयोजित की जाने का प्रस्ताव है, जिसका विवरण निम्नानुसार है।

| उधारकर्ता का नाम एवं पता | ओ/एस राशि | ब्याज 07.06.2026 तक | सकल वजन/ शुद्ध वजन (ग्राम में) | स्थान | शाखा प्रबंधक का नाम एवं मोबाइल नं. | आरक्षित कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री आशीष कुमार पता: पुत्र श्री वीरेंद्र कुमार, गांव एवं डाकघर नानकपुर, तहसील कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा -134102 | रु. 99,076/- (जमा अन्य चार्जिस) | रु. 2,774/- (अस्थायी 11.06.2026 तक ब्याज ) | 22.33 / 21.80 | एसबीआई झारमाजरी गांव झारमाजरी पीओ बरोटीवाला तहसील बद्दी, जिला सोलन, एच.पी. | श्री आदित्य चौहान उप प्रबंधक मो.: 7831019428 | रु. 2,65,000/- |

**नीलामी की शर्तें एवं नियम:** नीलामी के माध्यम से आभूषणों की खरीद हेतु प्राप्त प्रस्ताव को स्वीकार करने का निर्णय बैंक का होगा तथा बैंक उच्चतम बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं होगा। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अपने हित में नीचे दिए गए नियमों एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें: 1. बैंक आभूषणों/सिक्कों के वजन, शुद्धता अथवा उनमें निहित स्वर्ण की मात्रा या अन्य किसी गुण की कोई गारंटी नहीं देता है। 2. इच्छुक बोलीदाता **15.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे** के बीच आभूषणों का निरीक्षण कर सकते हैं। 3. इच्छुक खरीदारों को **15.07.2026** तक या उससे पहले आरक्षित मूल्य का 25 प्रतिशत बयाना राशि के रूप में जमा करना होगा। 4. सर्वाधिक बोली लगाने वाले सफल बोलीदाता को शेष राशि का भुगतान 24 घंटे के भीतर अथवा बैंक के अगले कार्य दिवस में बैंकिंग समय के दौरान करने पर आभूषण सौंप दिए जाएंगे। 5. यदि सफल बोलीदाता निर्धारित राशि का भुगतान करने में असफल रहता है, तो उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी तथा आभूषणों को उस तिथि से **30 दिनों** के भीतर पुनः बेचा जा सकता है। पुनः बिक्री में होने वाली किसी भी कमी की वसूली उस बोलीदाता से की जाएगी जिसने पूर्व नीलामी में सफल बोली लगाई थी लेकिन भुगतान के विरुद्ध आभूषण प्राप्त नहीं किए थे। 6. असफल बोलीदाता को नीलामी समाप्त होते ही उसकी बयाना राशि वापस कर दी जाएगी। 7. बैंक को बिना कोई कारण बताए नीलामी की किसी भी अवस्था में उसे रोकने का अधिकार होगा। ऐसी स्थिति में जमा की गई बयाना राशि संबंधित जमाकर्ता को वापस कर दी जाएगी।

**अधिकृत अधिकारी**



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य का नाम निविदा सूचना | प्रारंभ तिथि अंतिम तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपए में | विभाग की वैबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीडब्ल्यूडी बीएंडआर, कैथल | कैथल जिले के साजुमा गांव में सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल का निर्माण। | अंतिम तिथि 22.06.2026 | 447.14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज, भिवानी | आईपीबी फिरनी (सड़क) और गंदे पानी के नाले 1 का निर्माण (लोनिवि रोड से पुराने एनएच9 तक, 2 वॉटर वर्क्स से सरकारी स्कूल तक) - मुंधल खुर्द - एचआरडीएफ + 1 काम। | 12.06.2026 19.06.2026 | 119.05 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज, फरीदाबाद | फरीदाबाद जिले के फरीदाबाद ब्लॉक के कोट गांव में आईपीबी और टो वॉल के साथ गलियों का निर्माण - वैंगी + 2 काम। | 10.06.2026 19.06.2026 | 44.36 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज, करनाल | चिराव ब्लॉक के मंजुरा गांव में सरकारी स्कूल के पास मल्टीपर्पस हॉल का निर्माण - स्कीम वैंगी + 3 काम। | 12.06.2026 20.06.2026 | 47.80 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज, सिरसा | सिरसा - सिरसा जिले के ब्लाक सिरसा, ओढ़न, ऐलनाबाद, डबवाली, बारागुढ़ा और रानिया के गांवों (भवदीन, सुचन, दादू, घुकांवाली, जलालना, लकरनवाली, नूहियांवाली, ढाणी बचन सिंह, केहरवाला, गोरीवाला, लोहगढ़, मसीतन, अलीकन, बिरुवालागुढ़ा, सुखचैन, बहिया, भरोलियानवाली, ओढ़न - कुल 18 गांवों) में स्ट्रीट लाइट की सप्लाई, इंस्टॉलेशन और उन्हें हटाने का काम। (एचजीवीवाई-दूसरा चरण) | 09.06.2026 17.06.2026 | 35.37 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9017262246 prexeening.srs@hry.nic.in |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | झज्जर जिले के गांवों (धरना, देसलपुर, मंगावास, चिमनी, इस्लामगढ़, बिरहर, तमासपुरा और फोर्टपुरा) में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजेक्ट के ज़रिए जलभराव वाली जमीन और खारी मिट्टी को ठीक करना। क्षेत्र: 6900 एकड़। | 13.06.2026 26.06.2026 | 868.52 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467007194 jhajjarasco@gmail.com |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा शहर: शिव चौक से जगदेव सिंह चौक के पास कटारिया आयरन स्टोर तक मौजूदा 750एमएम पाइप वाले मुख्य ट्रंक सीवर को मजबूत करना (सीआईपीपी टेक्नोलॉजी द्वारा) और इससे जुड़े अन्य सभी काम। | 12.06.2026 22.06.2026 | 234.85 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | सिरसा शहर :- ऑटो मार्केट (बूटा राम कॉलोनी) में नए आईपीएस का निर्माण, यानी पंपिंग मशीनरी, पंप चैंबर और बाउंड्री वॉल का निर्माण, 315 एमएम ओ/डी एचडीपीई राइजिंग मेन बिछाना और आरसीसी कलेक्टिंग टैंक; साथ ही मौजूदा आईपीएस बाल भवन का विस्तार (जिसमें आरसीसी कलेक्टिंग टैंक, बाऊंड्रीवाल और पंप चैंबर बनाना, मौजूदा जगह से कलेक्टिंग टैंक तक 400 एमएम आई/डी आरसीसी पाइप बिछाना, आरसीसी स्क्रीन चैंबर का निर्माण और मौजूदा पॉइंट से नट्टर रोड, सिरसा स्थित मैनहोल चैंबर तक 315 एमएम एचडीपीई राइजिंग मेन का विस्तार करना शामिल है) और इससे जुड़े अन्य सभी काम। | 10.06.2026 19.06.2026 | 123.70 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 9 | महिला एवं बाल विकास, भिवानी | वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा तय नियमों के अनुसार सेडान/बोलेरो गाड़ियां किराए पर लेना। | 13.06.2026 23.06.2026 | 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015484549 pobhw.wcd@hry.nic.in |
| 10 | सिविल सर्जन, भिवानी | दवाओं/उपभोग्य सामग्रियों/डेंटल आइटम/छोटे उपकरणों और लैब के सामान के लिए ई-टेंडर। | 16.06.2026 06.07.2026 | 1 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.etenders.hry.nic.in देखें। PRDH/11/2027/200/46260/I/218/4

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## ✍ Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99

(★ Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349

(👑 Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



## ✍ The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69

(★ Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269

(👑 Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW